सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 02 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 148, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स 508 अंक फिसला

एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही। } 10

4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य किया हासिल

सरकार ने वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सरकार ने बीते वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। } 10

संक्षेप

उच्चतम न्यायालय को मिले पांच नये जज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई और इसी के साथ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। यह संख्या बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है। केंद्रीय विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा सोमवार सुबह जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

सहारनपुर पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनपद सहारनपुर भ्रमण के दौरान बाबा भूरा देव मंदिर एवं मां शाकम्भरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने मां शाकम्भरी देवी खोल में अचानक जलप्रवाह के कारण हुई दुर्घटना के संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अचानक बाढ़ आने से हुई जनहानि एवं धनहानि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने दुकानदारों के आर्थिक नुकसान का आकलन कराकर उन्हें नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु यथासंभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि कोई भी श्रद्धालु दर्शन से वंचित न हो। मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने मुख्यमंत्री को पीपीटी के माध्यम से घटना की विस्तृत जानकारी दी। मुआवजे के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि जनहानि होने पर संबंधित परिजनों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

कार-ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत

आगरा। जिले के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को एक कार एक ट्रक से जा टकराई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, कार में आठ लोग सवार थे और वे बिहार से राजस्थान जा रहे थे। उसने बताया कि मृतकों की पहचान सुनील, उसके बड़े भाई शंकर और शंकर की पत्नी प्रीति के रूप में हुई है। घायलों में कार चालक सोहेब, प्रमिला, पूजा, राजू और अयांश शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त इमरान अहमद ने कहा कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और बचावकर्मी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- बेटा! तुम पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो (पृष्ठ-02)
- राष्ट्रजागरण का माध्यम बनेगा रंगमंच (पृष्ठ-02)
- रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- ब्रिटेन के इस्पात, कार्बन कर नियमों पर भारत करेगा चर्चा (पृष्ठ-10)
- औद्योगिक उत्पादन घटकर 4.9 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)

पुलिस पर गोली चली तो एनकाउंटर तय

जीरो टालरेंस नीति के तहत जारी रहेगी हमारी कार्रवाई : राजीव कृष्णा

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति के तहत हमारी कार्रवाई जारी रहेगी। अगर अपराधी पुलिस पर गोली चलाएगा तो उसका एनकाउंटर निश्चित है। जरुरी है कि समाज के हर वर्ग को सुरक्षा का एहसास हो। यह बात पूर्णकालिक डीजीपी बनने के बाद राजीव कृष्ण ने कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा और पुख्ता की जाएगी। सभी थानों में शक्ति केंद्रों की स्थापना के बाद पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय मिल रहा है और महिलाओं के प्रति अपराधों में 33 प्रतिशत की कमी आई है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि राज्य में साइबर अपराध के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए 62 हजार पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, पिछले कुछ समय में 400.66 करोड़ रुपये की राशि फ्रीज की गई है। पुलिस अब साइबर अपराधों पर रोक के लिए एआई की मदद लेगी। डीजीपी ने भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत-ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू

❍ कपड़ा, रत्न और आभूषण क्षेत्र को मिलेगी शुल्क मुक्त पहुंच ❍ और मजबूत होंगे रिश्ते

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया। इसके तहत वस्त्र, इंजीनियरिंग उत्पाद, रत्न और आभूषण समेत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को ओमान के बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा और पेशेवरों को आवागमन की बेहतर सुविधा का लाभ होगा। दूसरी ओर, भारतीय उपभोक्ताओं को ओमान से सस्ते खजूर मिलेंगे क्योंकि समझौते के तहत कोटा-आधारित शुल्क रियायतें लागू होंगी। ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) का कार्यान्वयन महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिकी-ईरान युद्ध के कारण भारतीय निर्यातकों को खाड़ी देशों में माल भेजने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। छह खाड़ी देश ओमान, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। भारत ने अपनी कुल 12,556 टैरिफ लाइन में से 77.79 प्रतिशत पर शुल्क रियायतें दी हैं। यह मूल्य के हिसाब से ओमान से भारत के आयात का 94.81 प्रतिशत है। ओमान के लिए निर्यात के लिहाज से महत्वपूर्ण और भारत के लिए संवेदनशील उत्पादों के लिए, प्रस्ताव मुख्य रूप से शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) आधारित शुल्क उदारीकरण है। इसमें खजूर, मार्बल और पेट्रोरसायन उत्पाद शामिल हैं। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता मूल्य के हिसाब से भारत के ओमान को होने वाले 99.38 प्रतिशत निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है, जिसमें ओमान की 98.08 प्रतिशत टैरिफ लाइन शामिल हैं। मुक्त व्यापार समझौते पर 18 दिसंबर, 2025 को मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों पक्षों द्वारा ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाय को पशु बोलने वालों की बुद्धि पशु जैसी

❍ गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है ❍ दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी कतई स्वीकार्य नहीं : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ/ बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गाजियाबाद की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए दो-टूक कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी कतई स्वीकार्य नहीं है। जो अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा है, वह गलती कर रहा है। कुछ मौलवी-मौलाना बयान दे रहे हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। हम उन्हें बता दें कि गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है। माता-पुत्र के बीच कुछ भी घोषित करने की आवश्यकता नहीं। किसी पुत्र को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि मां का सम्मान करो। हम मां और गाय. दोनों के प्रति एक जैसा सम्मान का भाव रखते हैं। पशुवत तुम्हारी बुद्धि व सोच है, जो हमारी गोमाता को पशु बोलते हो। यह तुम्हारा दोगलापन है, जो गोकशी को प्रश्रय देते हो। सीएम ने कड़ी चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर गोमाता का चित्र लगाकर बकरीद की बधाई देने ...शेष पृष्ठ 10 पर

अहिंसा व करुणा मानवता के भूषण, किंतु खर-दूषण के सामने शस्त्र उठाना होगा

सीएम ने कहा कि हमारी संवेदना सामान्य नागरिकों के प्रति है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों से बिना मत-मजहब देखे समान रूप से सभी को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। ऐसे में देश भी अपेक्षा करता है कि उनकी संवेदना दिखाई दे, लेकिन यह गायब है। अहिंसा और करुणा मानवता के भूषण हैं, किंतु शस्त्र उठाना होगा यदि सामने खर-दूषण हैं। सीएम ने भगवान श्रीकृष्ण व श्रीराम का स्मरण कराते हुए कहा कि हम सज्जनों के लिए ही सज्जन बनें, दुर्जनों के लिए नहीं। श्रीराम का भी यही लक्ष्य था कि धरती को राक्षस विहीन कर देंगे। नागरिकों, गरीबों, बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने वालों से लड़ना होगा।

कोई आक्रांता हमें न बताए गाय व गंगा हमारी मां हैं

सीएम योगी ने कहा कि गोमाता राष्ट्रमाता हैं। इसी तरह हमारी मां गंगा के बारे में परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। हम सब गंगा मां की आरती व पूजा करते हैं। अपने को गंगा पुत्र मानकर सम्मानित महसूस करते हैं। हमारे तीर्थ गंगा तट पर हैं, हमारे सभी संस्कार मां गंगा के तट पर संपन्न होते हैं। कोई आक्रांता हमें न बताए, हमारे संस्कार हैं कि हमने गाय व गंगा को माता माना है।

पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देगी ब्रह्मोस

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा मारने बिजनौर आया हूं। हम अपने बंधु-बांधवों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, उन्हें शरण भी देंगे और यदि भारत की सीमा में दुस्साहस करेगा तो लखनऊ में बन रही ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। सीएम ने जनसमूह को आश्वस्त किया कि वह योजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण के लिए फिर आएंगे।

मजहबी निर्ममता के विरोध में नहीं निकलती किसी की आवाज

सीएम ने कहा कि पाकिस्तान में मजहबी निर्ममता के शिकार बने विस्थापितों के बारे में मौलाना व मौलवी की कभी आवाज नहीं निकली। काश, वे बोलते कि इनकी संपत्ति को वहां कट्टरपंथियों ने हड़प लिया। वक्फ के नाम पर यहां हिंदूओं की जमीनों पर कब्जा है। ये लोग इन संपत्तियों को विस्थापितों को फ्री में देने की घोषणा करते तो हम मानते कि इनकी भी कुछ संवेदना है। मुंह में कुछ और पीछे कुछ, यही दोगला चरित्र होता है।

किसी मौलाना ने हिंदुओं के कत्लेआम पर मुंह नहीं खोला

सीएम योगी ने खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर एक भी मौलवी-मौलाना ने कुछ नहीं कहा। बांग्लादेश में हिंदू 22 फीसदी से घटकर 7 और पाकिस्तान में 14 से घटकर महज 2 प्रतिशत रह गया। मौलाना पाकिस्तान या बांग्लादेश की सरकारों की निंदा नहीं करते। ये मौलाना जुमे की नमाज में यही घोषणा कर देते कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन है और घटिया स्तर पर काम कर रहा है। भारत के बहादुर जवान दुश्मन के ठिकाने पर जाकर उन्हें सबक सिखाने का ठीक काम कर रहे हैं। लेकिन, किसी मौलवी-मौलाना ऐसा नहीं किया।

अमेरिका ने ईरान पर शुरू की बमबारी

❍ सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना ❍ कुवैत पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमले

एजेंसी

दुबई। ईरान द्वारा सप्ताहांत में एक अमेरिकी एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद अमेरिका ने ईरानी रडार और ड्रोन नियंत्रण स्थलों पर बमबारी की। अमेरिका की सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ईरान ने जवाबी हमला करने की बात स्वीकार की। इस बीच कुवैत ने कहा कि उस पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए गए जिन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचने से रोकने के लिए उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने कार्वाई शुरू कर दी। ये हमले ईरान युद्ध में कई सप्ताह से लागू युद्धविराम की नाजुक स्थिति को दर्शाते हैं। अमेरिकी और ईरानी अधिकारी इस युद्धविराम की अवधि को बढ़ाने के लिए समझौते पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हमले लगातार जारी हैं। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ बनाए हुए है जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है। कभी फारस की खाड़ी के इस संकरे मुहाने से तेल और प्राकृतिक गैस के वैश्विक कारोबार का पांचवां हिस्सा गुजरता था। इस बीच, स्थिति लगातार और चिंताजनक हो रही है। इजराइल ने लेबनान में लितानी नदी से आगे भी कब्जा कर लिया है, जबकि उग्रवादी समूह ...शेष पृष्ठ 10 पर

वाणिज्यिक एलपीजी और छोटे सिलेंडर के दाम बढ़े

नयी दिल्ली। होटल, रेस्तरां एवं ढाबों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी के अलावा पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम सोमवार को बढ़ा दिए गए, जबकि घरेलू रसोई गैस के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया।

उद्योग सूत्रों के मुताबिक, 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 42 रुपये बढ़कर दिल्ली में 3,113.50 रुपये हो गई, जबकि पहले इसकी कीमत 3,071.50 रुपये थी। इससे पहले एक मई को वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई थी। वहीं, पांच किलोग्राम वाले छोटे गैस सिलेंडर की कीमत भी 11 रुपये बढ़कर 821.50 रुपये हो गई है। हालांकि, घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी ने चयनित अभ्यर्थियों को बांटा नियुक्ति पत्र

सरकारी पद जनता के विश्वास व अपेक्षाओं को पूरा करने का महत्वपूर्ण अवसर : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने विभिन्न विभागों में चयनित 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में नई जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकारी पद केवल नौकरी का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और अपेक्षाओं को पूरा करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्यसेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में नगर एवं ग्राम नियोजन, प्राविधिक शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास तथा वन विभाग में चयनित युवाओं को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए युवाओं ने लंबे समय तक कठिन परिश्रम किया है और अब उन्हें अपनी प्रतिभा एवं कार्यक्षमता को समाज और राज्य के विकास में लगाना होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की ऊर्जा और नवीन सोच शासन तंत्र को और अधिक प्रभावी तथा उत्तरदायी बनाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों और नकल जैसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को बिना किसी भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि बीते वर्षों में हजारों युवाओं को पारदर्शी चयन प्रक्रिया के ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर वैभव भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, उन्होंने सिर्फ 13 साल की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग में किया था पदार्पण

हालात के हिसाब से खेल को बदलना सीखा : सूर्यवंशी

एजेंसी

अहमदाबाद। वैभव सूर्यवंशी ने अपनी रिकॉर्ड बल्लेबाजी से आईपीएल 2026 में धूम मचा दी, लेकिन 15 साल की इस बल्लेबाजी सनसनी का कहना है कि उन्होंने मैच की परिस्थितियों के हिसाब से अपनी बल्लेबाजी का तरीका अपनाया, दबाव में शांत रहना और चोट से बचने के लिए अपनी फिटनेस पर काम करना भी सीखा है। हालांकि उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स, क्वालिफायर दो में बाद में उप विजेता बनी गुजरात टाइटन्स से हारकर फाइनल में जगह नहीं बना सकी। लेकिन इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को टूर्नामेंट का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। सूर्यवंशी ने 16 पारियों में 48.50 के औसत और 237.30 के शानदार स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक भी बनाए हैं। रविवार को यहां फाइनल के बाद अपना पुरस्कार लेते हुए 15 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, इस सत्र में मैंने सीखा कि दबाव वाले मैच में कैसे खेलना है, अपने गेम को कैसे बनाना है। उन्होंने कहा, आप हर मैच एक ही तरीके से नहीं खेल सकते। आपको गेम की स्थिति को समझाएगा और टीम की जरूरतों के हिसाब से खेलना होगा। मुझे प्लेऑफ मैचों में भी यह बहुत कुछ सीखने को मिला। सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्कों (59) के पिछले आईपीएल रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने आईपीएल 2026 में 72 छक्के लगाए। उन्होंने कहा मैं बस अपने गेम पर भरोसा करने की कोशिश करता हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं इस गेंद पर शॉट लगा सकता हूं, तो मैं पूरी ताकत लगा देता हूं और उसी तरह खेलने की कोशिश करता हूं। सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाने से ...शेष पृष्ठ 10 पर



आईपीएल-2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए कई दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़े।

एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के उन्होंने 72 छक्के लगाकर इतिहास रचा और क्रिस गेल का पुराना रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। सबसे तेज 1000 रन और पावरप्ले में 500 रन: उन्होंने आईपीएल इतिहास में पावरप्ले के दौरान 500 रन बनाने वाले और सबसे तेज हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बनकर धूम मचा दी।

पाक के लिए जासूसी करने वाला आतंकी आजमगढ़ से गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। एटीएस ने आजमगढ़ से आईएसआई के लिए काम करने वाले मोहम्मद शेख को गिरफ्तार किया है। उसे पाकिस्तानी हैंडलर ने एक महिला नेता की हत्या और राजनीतिक भवनों को उड़ाने का टारगेट दिया था। उसके कब्जे से .9 एमएम की पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए है।

आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मद शेख पुत्र रेहान अहमद, निवासी खुदादापुर, आजमगढ़ के रूप में हुई है। आरोपित के पास से व .9 एमएम की एक पिस्टल, चार कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बताते हैं कि आईएसआई समर्थक पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहजाद भट्टी ने आरोपित को दूसरे राज्य की एक महिला नेता की हत्या का लक्ष्य दिया था। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय से आईएसआई ने भारत में आतंक फैलाने के लिए इंटरनेट मीडिया का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इंटरनेट मीडिया के जरिए आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहजाद भट्टी भारतीय युवाओं के साथ इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब व अन्य माध्यमों से ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ आईएसआई के लिए कर रहा था काम एटीएस ने दबोचा

बीबीडी विश्वविद्यालय व सैटर्न अलाइनर्स के मध्य एलओयू हस्ताक्षर

- शैक्षणिक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के अंतर्गत बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, लखनऊ के ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा सैटर्न अलाइनर्स के साथ लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग हस्ताक्षर समारोह एवं शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आधुनिक ऑर्थोडॉन्टिक शिक्षा, क्लिनिकल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग के हस्ताक्षर समारोह की सफलता में बीबीडीयू की चांसलर चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के प्रेरणादायी नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षा, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. श्री कृष्ण श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. विजय प्रकाश, डेंटल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीता पसरीचा तथा सैटर्न अलाइनर्स के प्रतिनिधि जे.पी. चमोला की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अकादमिक सत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञ वक्ताओं डॉ. ध्रुव यादव एवं डॉ. दिव्यरूप राय ने आधुनिक ऑर्थोडॉन्टिक उपचार पद्धतियों, क्लियर अलाइनर टेक्नोलॉजी तथा नवीनतम क्लिनिकल प्रगति पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। उनके व्याख्यानों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों को आधुनिक दंत चिकित्सा के नवीन आयामों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। अलाइनर्स पारदर्शी प्लास्टिक से बने हटाने योग्य उपकरण हैं जो दांतों को धीरे-धीरे सीधा करते हैं। ये पारंपरिक ब्रेसेस की तुलना में अधिक सौंदर्यपूर्ण, आरामदायक और साफ करने में आसान होते हैं। प्राचार्या डॉ. नीता पसरीचा के सतत मार्गदर्शन एवं संरक्षण ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह सम्पूर्ण आयोजन ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के प्रो. एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शांतनु खत्री के नेतृत्व तथा विभागीय टीम के समर्पित प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की शैक्षणिक सहभागिताएँ विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोध, नवाचार एवं कौशल विकास को नई दिशा प्रदान करेंगी तथा दंत चिकित्सा शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण रोगी सेवा के क्षेत्र में संस्थान की उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करेंगी।

बेटा! तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो

- हापुड़ से आई बच्ची से बोले मुख्यमंत्री, कहा बच्चों को स्कूल अवश्य भेजे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है।

मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। हापुड़ से एक बच्ची अपने अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी : सीएम

यह सम्मान माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन व नकलमुक्त-पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का भी परिणाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी शॉर्टकट की नहीं, बल्कि ईमानदार मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। सफलता उन्हीं को मिलती है, जो कठिन परिश्रम से पीछे नहीं हटते और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न बोर्डों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं, बल्कि माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नकलमुक्त, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का भी परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुख्य समारोह में 223 छात्र-छात्राओं को जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 की सूची में अपना स्थान बनाया है, सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही जनपद स्तर पर टॉप-10 में आने वाले 1459 छात्र-छात्राओं को सभी 75 जनपदों में आयोजित समारोहों के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है। ये वास्तव में इन छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और आगे बढ़ने के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि सही दिशा में किया गया परिश्रम अवश्य फलदायी होता है और परिणाम सुखद होता है।सीएम योगी ने कहा कि आज जिन 223 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है, उनमें छात्रों की संख्या 85 और छात्राओं की संख्या 138 है। अर्थात्छात्राओं ने मेरिट में अधिक स्थान प्राप्त किए हैं। यह संख्या स्पष्ट रूप से बताती है कि छात्राएं अधिक मेहनत करती हैं और बेहतर अंक प्राप्त करने की क्षमता रखती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां ज्ञान की एक समृद्ध परंपरा रही है। हमने विद्या को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रखा। सा विद्या या विमुक्तये अर्थात वह विद्या जो जीवन के हर क्षेत्र में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करे, चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा दे और समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाए। प्राचीन काल से देखें तो श्रीराम को गुरु वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र व महर्षि वाल्मीकि ने मयार्दा पुरुषोत्तम बनाया। उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता महर्षि अगस्त्य जैसे गुरुओं के कारण संभव हुई।

अभिभावकों पर स्मार्टफोन के लिए अनावश्यक दबाव न डालें। स्मार्टफोन का उपयोग सही दिशा में कीजिए। हमने आपको टैबलेट उपलब्ध करवाए हैं, डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़िए, अपने पाठ्यक्रम से जुड़िए, समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन कीजिए। टेलीविजन पर न्यूज देखिए, अन्य व्यर्थ कार्यक्रम न देखें। सोशल मीडिया पर न्यूनतम समय व्यतीत कीजिए, अधिक से अधिक 10-15 मिनट या आधा घंटा। इसमें फंसते गए तो पूरा समय व्यर्थ हो जाएगा और परिणाम शून्य आएगा।

उन्होंने कहा कि आपका ज्ञान, आपका प्रेजेंटेशन और आपकी व्यावहारिक समझ ही आपके चयन का आधार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मविश्वास जरूरी है, लेकिन यह भ्रम कभी न पालिए कि मैं ही सही हूं, बाकी सब गलत। व्यक्ति असफल कब होता है? जब वह अति आत्मविश्वास से भर जाता है और छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज कर देता है। ये छोटी बातें बाद में बड़ी बाधाएं बन जाती हैं। इसलिए पाठ्यक्रम हो या जीवन, हर छोटी बात पर ध्यान दीजिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री के हाथों से विस्थापित व भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों को मिला भूमिधरी अधिकार पत्र

- सीएम ने कॉमन सर्विस सेंटर व विदुर प्रेरणा कैफे का भी किया उद्घाटन

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आवंटन पत्र, चेक, मकान की चाबी व सम्मान पत्र प्रदान किया। सीएम योगी ने कॉमन सर्विस सेंटर एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का भी उद्घाटन किया। सीएम योगी के हाथों पांच विस्थापित व पांच भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र मिला। सीएम के हाथों पाकिस्तान से विस्थापित मोहन सिंह, मुख्तियार सिंह, अमरीक सिंह, मिल्खा सिंह, लखविंदर कौर को अधिकार पत्र मिला। भूतपूर्व सैनिक अनुपम कुमार, चांदी देवी के पुत्र जयदीप, जगमोहन सिंह, जयकृत सिंह, सुरेश कुमार को भूमि पर मालिकाना हक प्रदान किया।

इन्हें भी मिला केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

- सिद्धांत त्यागी- एकीकृत बागवानी योजना- 24 लाख अनुदान राशि का चेक
- निर्मला देवी- स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज- 184 करोड़ का चेक
- ज्योति- पीएम जनमन योजना- 2 लाख रुपये अनुदान राशि व चाबी
- पुष्पा प्रजापति- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान- 5 लाख

- हरीश कुमार- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान- 5 लाख
- शहाना - मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)-चाबी
- संदीप कुमार- 4 लाख रुपये का अनुदान
- शबनम- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि- 50 हजार का चेक
- सृष्टि चौहान- हाईस्कूल में जनपद में सर्वाधिक अंक पाने वाली 21 हजार, टैबलेट व मेडल
- प्रवेश कुमार- नंद बाबा दुग्ध मिशन- 21.87 लाख का ऋण के स्वीकृति पत्र का चेक।

प्रदेश में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की कमी नहीं

- तेल विपणन कंपनियों का आश्वासन आपूर्ति पूरी तरह से पर्याप्त
- अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अनावश्यक रूप से घबराकर ईंधन की खरीदारी न करें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। तेल विपणन कंपनियों - इंडियनऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की ओर से आश्वस्त किया गया है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर स्थिति स्थानीय और अस्थायी है, जो कि मांग-आपूर्ति के असंतुलन और बिक्री के बदलते पैटर्न के कारण पैदा हुई है। वर्तमान में चल रहे फसलों की कटाई के सीजन के कारण डीजल की मांग में मौसमी बढ़ोतरी हुई है। कुछ निजी पेट्रोल पंपों पर कीमतें अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण, ग्राहक अस्थायी रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर रुख कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के अनुरूप इस समय थोक और संस्थागत आपूर्ति की दरें काफी अधिक हैं। इस वजह से संस्थागत और कमर्शियल खरीदार बड़ी मात्रा में सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 1 से 31 मई की अवधि के दौरान, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में ईंधन की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसमें पेट्रोल की बिक्री में 0.4% और डीजल की बिक्री में लगभग 1.5 % की वृद्धि हुई है। मांग में इस निरंतर और अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बावजूद, उपभोक्ताओं की जरूरतों को लगातार और सुचारू रूप से पूरा किया जा रहा है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि आपूर्ति में देरी के ऐसे मामले प्रदेश में हमारे विशाल नेटवर्क 12,331 में से केवल बहुत कम संख्या वाले पेट्रोल पंपों तक ही सीमित हैं। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर स्टॉक और आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य और पर्याप्त बनी हुई है। सभी तेल विपणन कंपनियाँ उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक और सप्लाई बनाए हुए हैं। उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। अनावश्यक रूप से घबराकर ईंधन की खरीदारी न करें।

प्रताप सिंह को माध्यमिक शिक्षा और अनिल भूषण को बेसिक शिक्षा की कमान

- शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व निर्धारण, शासन ने जारी किए आदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शिक्षा विभाग में सोमवार को महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व निर्धारण किया गया है। शासन ने अनुभवी अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए विभागीय नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल की है।

जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में प्रभारी शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पद पर कार्यरत प्रताप सिंह बघेल को प्रभारी शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज/लखनऊ का दायित्व सौंपा गया है। वहीं प्रभारी निदेशक, साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पद पर कार्यरत अनिल भूषण चतुर्वेदी को प्रभारी शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है।

शिक्षा विभाग में हुए इस महत्वपूर्ण दायित्व निर्धारण को प्रशासनिक दक्षता और प्रभावी अनुश्रवण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रताप सिंह बघेल और अनिल भूषण चतुर्वेदी दोनों ही शिक्षा प्रशासन का व्यापक अनुभव रखते हैं। ऐसे में उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, प्रभावी समन्वय तथा अनुश्रवण में मिलने की उम्मीद है।

योगी सरकार लगातार शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार, प्रशासनिक पारदर्शिता और परिणाम आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दे रही है। नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल शिक्षा और विद्यालयी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के बीच यह प्रशासनिक पुनर्विन्यास शिक्षा सुधारों को और अधिक गति देने वाला माना जा रहा है। शासन का विश्वास है कि अनुभवी अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपने से शिक्षा विभाग की कार्यक्षमता और जवाबदेही को नई मजबूती मिलेगी।

महंगाई अब एनाकोंडा बनता जा रहा है : सुनील

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों में प्रस्तावित फ्यूल चार्ज वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महंगाई का कोबरा अब धीरे-धीरे एनाकोंडा बनता जा रहा है, जो आम जनता, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की आय को निगलता जा रहा है।

सुनील सिंह ने कहा कि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और बिजली की बढ़ती कीमतों ने किसानों की खेती की लागत में भारी वृद्धि कर दी है। इसके बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज में 10 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि इससे आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला परेशानी और बढ़ाने वाला है।

राष्ट्रजागरण का माध्यम बनेगा रंगमंच

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रचेतना, इतिहास और साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार एक बड़ी सांस्कृतिक पहल शुरू होने जा रही है। भारतेंदु नाट्य अकादमी ने अखंड भारत के स्वातंत्र्य वीरों, ऐतिहासिक नायकों और महान साहित्यकारों की कृतियों पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुतियों की योजना तैयार की है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों के विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों और सांस्कृतिक केंद्रों पर नाटकों का मंचन किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत आनंदमठ और महाराजा सुहेलदेव को प्रमुख फ्लैगशिप प्रस्तुतियों के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके अलावा स्वातंत्र्य संग्राम और भारतीय इतिहास के वीर नायकों पर आधारित बिजली पासी, झांसी की रानी, काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 की क्रांति और शिवाजी महाराज जैसे नाटकों का मंचन होगा। वहीं साहित्य और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर रश्मिरथी, अज्ञेय, अटल बिहारी वाजपेयी, मुंशी प्रेमचंद कृत बड़े भाई साहब, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, भारतेंदु हरिश्चंद्र और वीर सावरकर पर आधारित प्रस्तुतियां भी तैयार की जाएंगी। प्रत्येक नाटक की अवधि लगभग एक घंटा पचास मिनट से दो घंटे तक की होगी।

इन प्रस्तुतियों को तैयार करने के लिए जून 2026 से चरणबद्ध कार्ययोजना लागू की जाएगी। सबसे पहले ऐतिहासिक स्त्रोतों और साहित्यिक कृतियों का संकलन, विशेषज्ञों से परामर्श और शोध दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। इसके बाद अनुभवी नाटककारों द्वारा स्क्रिप्ट लेखन, संवाद, गीत और दृश्य संरचना विकसित की जाएगी। जून के दूसरे पखवाड़े में कलाकारों का चयन किया जाएगा और उन्हें अभिनय, वाचन, शारीरिक अभिव्यक्ति, भावाभिनय, संगीत तथा नृत्य का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि पात्रों को अधिक प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया जा सके। 25 जून से 25 जुलाई तक रिहर्सल का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें प्रतिदिन 6 से 8 घंटे अभ्यास कराया जाएगा।

भाजपा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए लगा रही इलेक्शन सरचार्ज

- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिजली बिल अधिभार बढ़ोत्तरी को लेकर कसा तंज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि बिजली के बिल के नाम पर भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए इलेक्शन सरचार्ज लगा रही है। जून से बिजली का बिल देखकर लोगों के आंखों के आगे अंधेरा छाएगा। दरअसल बिजली के बिल में भाजपा का कमीशन बढ़ा है।

भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा कर जनता की जेब काट रही है। भाजपा सरकार में पहले से ही मंहगाई चरम पर है उसके बाद भी वह लगातार मंहगाई बढ़ाती जा रही है। मंहगाई से जनता पहले से त्रस्त हैं, भाजपा की सरकार हर दिन मंहगाई बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कभी डीजल, पेट्रोल, कभी बिजली और कभी गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दे रही है। आम जनता बेबस और परेशान है। भाजपा की कथनी करनी में बहुत अंतर है। उसने मंहगाई कम करने का वादा किया था लेकिन जबसे सरकार आयी है, रोज मंहगाई बढ़ाती जा रही है। भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्त है।

भाजपा, पूंजीपतियों के लिए नीतियां बनाती है। उन्हीं के लिए काम करती है। गरीबों की जेब से पैसा निकाल कर पूंजीपतियों की पूंजी बढ़ाती है, फिर उनसे कमीशन और चंदे लेती है। भाजपा गरीब, किसान विरोधी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटाकर सपा सरकार बनाएगी तभी महंगाई से निजात मिलेगी।

विद्यालय पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान का सत्यापन करायेगी योगी सरकार

लखनऊ। प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित परिषदीय विद्यालयों के पुस्तकालयों के लिए क्रय की गई पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों का जिलावार सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए प्रारूप पर प्रमाणित विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि विद्यालय पुस्तकालय विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और अध्ययन संस्कृति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि विद्यालयों के लिए स्वीकृत एवं क्रय की गई पुस्तकें समयबद्ध रूप से विद्यालयों तक पहुंचे तथा उनके भुगतान संबंधी सभी अभिलेख पूर्णतः पारदर्शी और सत्यापित हों। उन्होंने कहा कि पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों का सत्यापन केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शिक्षा संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने का त्रप्रयास है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और भविष्य में निगरानी व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। इसी क्रम में पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी अभिलेखों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप हो रहा है।

सूचना विभाग ने ललिता प्रसाद भट्ट को दी सम्मानपूर्ण विदाई

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड मुख्यालय में सहायक निदेशक ललिता प्रसाद भट्ट के सेवानिवृत्त होने पर एक भावनात्मक एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकार प्रतिनिधियों ने उनके चार दशक से अधिक लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की और भावभीनी शुभकामनाओं के साथ उन्हें विदाई दी।

समारोह में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भट्ट को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक केएस चौहान, संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक रवि विजारनिया, बद्री चंद सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भट्ट ने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, अनुशासन और कार्यकुशलता की मिसाल कायम की। उन्होंने विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया तथा अपने व्यवहार और अनुभव से सहकर्मियों को सदैव प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भट्ट की कार्यशैली और सकारात्मक सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी।

संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने उनके साथ लंबे समय तक कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड दोनों राज्यों में उन्होंने भट्ट के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके अनुभवी और कर्मठ कर्मचारी होते हैं और भट्ट का योगदान विभाग के इतिहास में सदैव सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने कहा कि भट्ट ने एक जिम्मेदार, संवेदनशील और कुशल अधिकारी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने उनके स्वस्थ, सक्रिय और आनंदमय जीवन की कामना की। उप निदेशक रवि विजारनिया सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए भट्ट के सहयोगी स्वभाव, कार्यनिष्ठा और सौम्य व्यक्तित्व की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने हमेशा टीम भावना के साथ कार्य किया और अपने व्यवहार से सभी का सम्मान अर्जित किया।

ललिता प्रसाद भट्ट ने विभागीय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूचना विभाग में बिताए गए वर्ष उनके जीवन की अमूल्य पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि विभाग में मिला सहयोग, आत्मीयता और पारिवारिक वातावरण हमेशा उनकी स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने अपने सहकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य और विभाग की निरंतर प्रगति की कामना की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर लघु समाचारपत्र एसोसिएशन की ओर से भी भट्ट को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उनके सरल, विनम्र और मृदुभाषी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, महिला इकाई की प्रमुख रचना गर्ग, दीपक कुमार एवं अनुज सेमवाल उपस्थित रहे। महामंत्री बिजेंद्र यादव ने भी उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। वरिष्ठ पत्रकार नरेश मिनोचा ने भी भट्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

संक्षेप

सर्पदंश से महिला की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। सर्पदंश से महिला की मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के इटैला निवासी विजय बहादुर सिंह की पत्नी अशोक कुमारी सिंह 48 को रविवार की देर शाम पांच बजे सांप ने डस लिया। मृतका घर में रखी फ्रिज के बगल डिब्बा रखने गयी थी। वहां सांप ने उसे डस लिया। चीख सुनकर परिजन दौड़े और आननफानन में अशोक कुमारी को लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। प्रतापगढ़ पहुंचते पहुंचते महिला की सांसे थम गयी। मौत की खबर घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की सुबह लालगंज पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर सर्पदंश से महिला की मौत की जानकारी होने पर राजस्व टीम सोमवार को गांव पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट पर तहसीलदार गरिमा वर्मा ने मृतका के परिजनों के लिए अहेतुक सहायता की डीएम को संस्तुति की है।

महिला से दुष्कर्म के मामले में चार दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा

श्रावस्ती। जनपद के थाना सोनवा क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म, मारपीट, जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 55 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। यह फैसला 1 जून 2026 को एएसजे/एससी-एसटी न्यायालय, श्रावस्ती ने सुनाया। मामला वर्ष 2024 में थाना सोनवा में दर्ज किया गया था। अदालत ने ओमकार वर्मा, मनोज वर्मा, सेठ उर्फ ओमकार कश्यप और हरीश कश्यप को पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने, विरोध करने पर मारपीट करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का दोषी पाया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत मॉनिटरिंग सेल, अभियोजन पक्ष और कोर्ट पैरोकारों की प्रभावी पैरवी से आरोपियों को सजा दिलाने में सफलता मिली। अदालत के इस फैसले को महिला अपराधों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा

चार अभियुक्त गिरफ्तार

इटावा। पुलिस की बड़ी कार्यवाही, जीएसटी फजीर्वाड़े पर पुलिस ने करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले 4 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार, कब्जे से लैपटॉप एचपी कम्पनी व 5 एन्ड्राएड मोबाइल बरामद। क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 24 अक्टूबर 25 को कार्यालय सहायक आयुक्त प्रभारी राज्य कर सचल दल द्वारा थाना सिविल लाइन पर सूचना दी गयी कि वाहन में कूटरचित प्रपत्रों के माध्यम से अज्ञात माल स्वामी द्वारा वाहन स्वामी एवं ट्रान्सपोर्टर के साथ मिली भगत करके माल का परिवहन करापवंचन के उद्देश्य से किया जा रहा था।

युवक को पीटा, हाथ-पैर बांधकर पुलिस को सौंपा

सिद्धार्थनगर। जनपद के चिल्हिया थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोप में एक युवक को परिजनों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि युवक के हाथ-पैर बांधकर उसे गांव के रास्ते में लिटा दिया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, शोहरतगढ़ निवासी 21 वर्षीय युवक पर नाबालिग किशोरी को अपने साथ ले जाने का आरोप था। परिजनों ने तलाश के दौरान उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया तथा आरोपी युवक को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। वहीं, युवक की पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

सीडीपीओ अभय सिंह की सक्रियता से बाल पुष्टाहार योजना को मिल रही नयी गति

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। विकास खंड डुमरियागंज में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अभय सिंह सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू कराने के लिए लगातार सक्रिय हैं। उनकी कार्यशैली और सतत निगरानी के चलते बाल पुष्टाहार योजना के पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जा रहा है। सीडीपीओ अभय सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए हैं कि पात्र गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा बच्चों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अभय सिंह नियमित रूप से योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं तथा क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी बढ़ाकर व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी सक्रियता और प्रतिबद्धता से बाल विकास परियोजना के कार्यों में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है, जिससे लाभार्थियों को सीधे तौर पर फायदा पहुंच रहा है।

डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों के जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों के निस्तारण में देरी या लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में स्वयं जनसुनवाई करें तथा प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को समय पर न्याय और राहत मिल सके।

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

जसवंतनगर, इटावा। मोहल्ला कोठी कैस्त में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पंडित जितेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा ईश्वर के प्रति आस्था और समर्पण की भावना प्रबल होती है। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया। भजन-कीर्तन और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। यज्ञ में यजमान की भूमिका महानानंद एवं रामादेवी ने निभाई, जबकि परीक्षित की भूमिका में आनंद कुमार एवं सुमन देवी उपस्थित रहीं।

महंगाई और नीट पेपर लीक के विरोध में सपा का प्रदर्शन

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और नीट पेपर लीक के मुद्दे पर जिला मुख्यालय और शोहरतगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर प्रदर्शन किया, जबकि शोहरतगढ़ में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी उग्रसेन प्रताप सिंह के नेतृत्व में बैलगाड़ी मार्च निकाला गया।

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर सपा कार्यकताओं ने मुख्य गेट के एक हिस्से को करीब आधे घंटे तक जाम रखा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। सपा नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर नियंत्रण, किसानों को राहत, बिजली समस्याओं के समाधान और नीट पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सभा को संबोधित करते हुए माता प्रसाद पांडेय ने भाजपा सरकार पर जनता की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

खाते से निकाले 35 लाख, बैंक का पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बैंक ग्राहक के खाते से 35 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व कर्मचारी मो. शबान अख्तर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने ग्राहक के खाते में दर्ज मोबाइल नंबर बदलकर नया एटीएम कार्ड जारी कराया और यूपीआई के जरिए रकम निकाल ली। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 में अब्दुल बारी फतेउल्लाह के खाते से संदिग्ध तरीके से 35 लाख रुपये निकाले गए थे। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच में बैंकिंग रिकॉर्ड और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की भूमिका सामने आई। करीब दो वर्ष की जांच के बाद पुलिस ने उसे संतकबीरनगर से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने लालच में आकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता और ठगी की रकम की बरामदगी को लेकर जांच जारी है।

महंगाई का बोझ डाल रही मोदी सरकार: प्रमोद तिवारी

- **यूपी में बिजली बिल में फ्यूल सरचार्ज के साथ भाजपा की विफलताओं पर किये तीखे वार**



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर लगातार जनता पर मंहगाई का बोझ डालने के साथ अर्थव्यवस्था की बदहाली को लेकर तगड़ा हमला बोला है। उन्होने तंज कसा कि रविवार को पीएम मोदी ने मन की बात की थी और ठीक दूसरे दिन देश की जनता के लिए जेब की बात कर दी। कामर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमतों में एक और भारी बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार ने सीधे तौर पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। सोमवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई पत्रकार वार्ता में कामर्शियल गैस सिलेण्डर के साथ यूपी सरकार द्वारा बिजली बिल में दस प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज को लेकर तगड़ी घेराबंदी की। उन्होनें मोदी सरकार को मंहगाई बढ़ने को लेकर कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वह अपने चंद पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भरने को लेकर दिन प्रतिदिन देश की जनता पर मंहगाई का बोझ डाल रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने उन्नीस किलो के कामर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमत में प्रति सिलेण्डर बयालिस रुपए की बढ़ोत्तरी की है। उन्होने बतौर उदाहरण बताया कि सरकार ने जनवरी 2026 से लेकर अब तक प्रति कामर्शियल गैस सिलेण्डर के दामो में पन्द्रह सौ साठ रुपए का उछाल भरा दाम मंहगा किया है। वही उन्होने कहा कि सरकार ने सबसे चिंताजनक कदम उठाते हुए पांच किलो के छोटे गैस सिलेण्डर की कीमत में भी ग्यारह रुपए प्रति सिलेण्डर की वृद्धि की है। उन्होने कहा कि पांच किलो के छोटे गैस सिलेण्डर में कीमत बढोत्तरी का खामियाजा गरीब तबके के प्रवासी मजदूर, चाय-नाश्ते का ठेला लगाने वाले तथा दिहाड़ी मजदूर और छात्र सीधे तौर पर भुगतने को बाध्य हुए हैं। उन्होने कहा कि पश्चिम बंगाल में चंद दिनों पहले भाजपा की सरकार बनी और वहां कोलकाता की जनता को कामर्शियल सिलेण्डर प्रति सिलेण्डर 3255.50 रुपए की कीमत चुकानी पड़ेगी।

18 मेधावियों छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण अम्बेडकर सभागार, सिद्धार्थनगर में देखा गया। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य तथा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा 10 के आठ और कक्षा 12 के दस मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं सांकेतिक चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा को राष्ट्र की प्रगति का आधार बताया, वहीं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है तथा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

21 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, मिले 21-21 हजार के चेक

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के 11 तथा इंटरमीडिएट के 10 विद्यार्थियों को चेक, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने मेधावियों को सम्मानित किया।

हाईस्कूल वर्ग में नौशाद, सचिन शुक्ला, अमर प्रकाश, रोशनी वर्मा, लकी, आयुष्मान पटेल, दिव्यांशी गुप्ता, कमल तिवारी, आदित्य पाठक, शची शर्मा और दामिनी वर्मा को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में मुस्कान यादव, खुशी श्रीवास्तव, सविता यादव, सुशील मिश्र, आँचल मौर्या, नेहा सिंह यादव, अंशिका, अंशिका यादव, आभा ज्योति और सौरभ को सम्मान मिला। सभी विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये का चेक, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनकी बेहतर शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि युवाओं की तकनीकी क्षमता प्रदेश को विकास और खुशहाली के मार्ग पर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं, लैपटॉप और स्मार्टफोन से सशक्त बना रही है।

जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को पूरी लगन से पढ़ाई कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने चाहिए। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत से बढ़कर सफलता का कोई दूसरा सूत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ अच्छे संस्कार अपनाने की भी अपील की।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह, आशुतोष पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, विनय कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भक्त की भक्ति भगवान को सदैव स्वीकार्य : अतुल जी

प्रतापगढ़। विजयीमऊ तिवारी नगर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास श्रृंगवेरपुर प्रयागराज से पधारे अतुल जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में ही सृष्टि से अधर्म के संहार का मंगलदायी सूचक मिलने लगा। उन्होने कहा कि भगवान द्वारिकाधीश का जन्म जगत में भक्ति और भक्त के आनन्द तथा धर्म की सुचिता का शंखनाद है। अतुल जी महराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने श्री रूक्मणी जी का वरण कर जगत में भक्ति के भाव को प्रधानता प्रदान की। उन्होने कहा कि सच्चे मन से भक्त की भक्ति को भगवान सदैव स्वीकार किया करते हैं। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान के प्रति अनुराग और समर्पण निर्मल होने की स्थिति में उसे स्वतः मनोवांछित फल प्राप्त हुआ करते हैं। उन्होने कहा कि आज के परिवेश में युवाओं को संस्कार और चरित्र निर्माण के लिए श्रीमदभागवत महापुराण में भगवान के दिये गये उपदेश का मनन करना चाहिए। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत की कथा भगवान के स्वयं उपदेश की जगत के लिए दिग्दर्शिका है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी झांकी देख भी श्रद्धालु आनंदित हो उठे। श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्पवर्षा और महिलाओं ने मंगलगान से प्रभु की स्तुति किया। वहीं सुमुधर भजनों में भी भगवान की महिमा का सुर प्रवहमान दिखा। कथा के संयोजक शीतला प्रसाद तिवारी एवं चंद्रावती तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। लखनऊ बार एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी व अधिवक्ता मुकेश तिवारी ने प्रसाद वितरण में सराहनीय भूमिका निभाई।

संदेहास्पद परिस्थिति में युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर पौड़िया में पेड़ से युवक के लटके शव को देखकर हडकंप मच गया। युवक की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चा का भी गांव में माहौल बना देखा गया। वहीं मृतका की मां की ओर से रोते बिलखते बेटे की गला दबाकर हत्या की आशंका जताये जाने से पुलिस भी घटना को लेकर क्लू तलाशने में जुटी बतायी जाती है। गांव के बैजनाथ जोशी का पुत्र आनन्द जोशी 25 का शव सोमवार की सुबह घर से लगभग चार सौ मीटर दूर एक आम के पेड़ में लटकता पाया गया। सुबह छः बजे गांव की कुछ महिलाएं उधर शौच को गयी थी। डाल पर युवक का शव देखकर महिलाओं की चीख निकल पड़ी। शोर सुनकर बडी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्रित हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। चर्चा के मुताबिक मृतक आनन्द रविवार की आधी रात घर के सामने दुकान पर गुटखा लेने निकला था। युवक की मौत से उसकी मां सत्तर वर्षीया मुन्चा का विलाप देखकर लोगों की आंखे भर आयीं। मां ने रोते बिलखते बेटे की गला दबाकर हत्या की आशंका जतायी है। वृद्धा की आशंका को लेकर पुलिस के सामने भी घटना को लेकर असमंजस बढ़ा देखा गया। वहीं दोपहर बाद मृतक का शव पीएम के बाद घर पहुंचा तब फिर कोहराम मच गया। सूत्रों के मुताबिक परिजनों ने उच्चाधिकारियों को बुलाए जाने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार को लेकर निर्णय नहीं लिया। करीब आठ वर्ष पहले मृतक के भाई राजेश जोशी की भी दुर्घटना में मौत हो गयी थी। अपनी वृद्धा मां का एक मात्र सहारा था। उसके पिता की भी मौत हो चुकी है। वह पांच बहनों में इकलौता भाई था। मृतक की अभी शादी नहीं हुई थी।

दबंगों ने बोला धावा, पांच नामजद व साठ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। दबंगों द्वारा असलहे की नोंक पर पीड़िता का जेसीबी से घर गिराने के प्रयास तथा मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी व तोडफोड़ को लेकर लालगंज पुलिस ने पांच नामजद व सात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे भवन मोठिन निवासी शीतला प्रसाद की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस मई को सुबह आठ बजे दबंगों ने चारपहिया व दोपहिया वाहनों तथा जेसीबी के साथ उसके घर धावा बोल दिया। गांव के आरोपी रामकृष्ण द्विवेदी उर्फ पण्डित दुबे पुत्र रामनिहोर, आनन्द द्विवेदी व पंकज द्विवेदी पुत्रगण रामनिहोर एवं सुरेश धुरिया व साठ अज्ञात आरोपियों द्वारा तीन स्कार्पियों एवं दस से अधिक दो पहिया वाहनों से पहुंचकर जेसीबी से उसका घर गिराने लगे। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने रिवाल्वर तथा पिस्टल व लाठी डंडे तथा कुल्हाडी से लैस होकर विरोध करने पर गालीगलौज शुरू की। इसके बाद आरोपियों द्वारा पीड़िता व उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोपियों द्वारा घर में रखे गृहस्थी के सामान में तोडफोड करते हुए जेसीबी मशीन से उसका घर भी तोड़ दिया। शोर मचाने पर आरोपियो द्वारा जानलेवा धमकी दी गयी। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया। पुलिस ने रामकृष्ण समेत छः दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति-5 के तहत महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शक्ति मोबाइल टीम द्वारा गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सहायता सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं बताने और जरूरत पड़ने पर पुलिस से मदद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि किसी के साथ ओटीपी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और ऑनलाइन ठगी या फर्जी कॉल से सावधान रहें। साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की सलाह दी गई।

इसके अलावा महिलाओं को तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी जागरूक किया गया।

पुलिस ने बताया कि जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जहां महिलाओं को त्वरित सहायता और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान संबंधित सामग्री भी वितरित की गई।

एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें आठ भूमि विवाद तथा 10 अन्य मामलों से संबंधित थे। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी डा0 अभिषेक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है।

तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश

जसवंतनगर, इटावा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चै. सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान ष्तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो, ष्नशा मुक्त बनाओ देश और स्वस्थ जीवन अपनाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को तंबाकू एवं अन्य नशों से दूर रहने का संदेश दिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने इटावा जिला अस्पताल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, आर्थिक नुकसान और सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया। साथ ही लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री हिमांशु सिंह पुत्र श्री प्रमोद सिंह, निवासी 76, गौरी बाजार, सरोजनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226008, ने अपने मूल दस्तावेज खो दिए हैं जिनमें उप-निबंधक-पंचम, लखनऊ कार्यालय में विधिवत पंजीकृत दिनांक 30.05.2003 की बिक्री विलेख शामिल है। जो बुक नंबर 1. जिल्द संख्या 1461. पृष्ठ संख्या 231/250. क्रमांक 5680 के अंतर्गत है। दिनांक 16.02.2024 की बिक्री विलेख (क्रमांक 5826) और दिनांक 16.02.2024 की बिक्री विलेख (क्रमांक 5819) में से प्रत्येक में एक पृष्ठ गायब है. तथा स्वर्गीय भगवान दीन के कानूनी वारिस श्री विनोद कुमार और श्री नरेश चंद्र रावत हैं और स्वर्गीय श्री रजनीश रावत के कानूनी वारिस शिवम वर्मा, श्री सुमित, श्री अभिषेक कुमार और उनकी पत्नी श्रीमती सुधा देवी हैं। वे सभी मिलकर श्री हिमांशु सिंह और श्रीमती आयुषी सिंह को संपत्ति बेच चुके हैं। विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2026 (क्रम संख्या 6125) और विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2026 (क्रम संख्या 6124) के अनुसार ये मूल दस्तावेज संपत्ति से संबंधित हैं अर्थात् ग्राम गौरी वार्ड और तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ में स्थित खसरा संख्या 887 पर स्थित भूखंड का पूरा भाग। उपर्युक्त संपत्ति आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड के पास गिरवी रखी जाएगी। यह संपत्ति वर्तमान में मेरे मुवक्किल के स्वामित्व में है और यदि किसी व्यक्ति का इस पर किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, हित आदि का दावा है, तो कृपया इसकी सूचना 7 दिनों के भीतर सीके लीगल एसोसिएट्स, पताः-301-डी-दूसरी मंजिल, गोविंदा बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ (ई-मेलः cklawyers@gmail.com) को 0522-4077776 पर या आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड को दें अन्यथा यह दावा अमान्य माना जाएगा।

संक्षेप

निः शुल्क प्याऊ की व्यवस्था भीषण गर्मी में राहगीरों मिलेगी राहत

चौरीचौरा, गोरखपुर। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से आमजन को राहत पहुंचाने को लेकर विद्यावती देवी शैक्षिक एवं कल्याणकारी ट्रस्ट ने एक सराहनीय पहल की है। ट्रस्ट ने रामनगर कड़जहां के समीप स्थित हनुमान मंदिर पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था कराई गई है। इस प्याऊ पर शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे राहगीर बिना किसी शुल्क के अपनी प्यास बुझा सकेंगे। ट्रस्ट के संस्थापक विनय कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करना और मानव सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना है। यह प्याऊ नियमित रूप से संचालित किया जाएगा ताकि जरूरतमंदों को लगातार लाभ मिल सके। उक्त अवसर पर रितिक कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अशोक सिंह, रामसजन भारती, संदीप पाल, मुकेश विश्वकर्मा, ज्योति यादव, रामप्यारे गुप्ता, चंदन कुमार एवं सर्वेश कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

बारातशाला का लोकार्पण किया

पाटन, उन्नाव। विकास खण्ड के ग्राम कीरतपुर मे नव निर्मित बरातशाला का प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री बाजपेई ने कहा कि सरकार की निधि से निर्मित बरातशाला को गांव के लोगों को सौपा गया है। बरातशाला के निर्माण हो जाने से लड़कियों की शादी के लिए गेस्ट हाउस का सहारा नही लेना पडेगा। जिससे उनका खर्च भी बचेगा। अब लोगो को छोटा या बडा कोई सामाजिक कार्यक्रम करना हो तो बरातशाला बन कर तैयार है। इस बरातशाला से सभी को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को मुन्ना सिंह, योगेश अवस्थी आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम आयोजक सानू अवस्थी ने मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रधान प्रतिनिधि सानू अवस्थी ने व्यक्त किया।

नीम की डाल में फंदे लटकता मिला युवक का शव

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के कोटिया नायक स्थित सम्मय माता मंदिर परिसर में सोमवार को सुबह गांव के ही एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पीएम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि गांव के रामदुलारे यादव का 34 वर्षीय पुत्र जवाहर यादव मंदिर परिसर में ही एक कमरे में रहता था तथा पूजा पाठ करता था। सुबह उसका शव परिसर में स्थित नीम के पेड़ की डाल में अंगोछा के फंदे से लटकता मिला। वह करीब 1 महीने पूर्व हैदराबाद से आया था। वहां वह पेंट पालिस का काम करता था। गांव के लोगों का कहना है कि वह अपनी पत्नी नीतू और 3 बच्चों से अलग रहता था। बीते शुक्रवार की रात वह अपने घर पर खाना खाने गया था।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के सुकन्या समृद्धि योजना खाता सं.- 5250637001 में त्रुटिवश उसका नाम Barshika दर्ज है व पिता के स्थान पर मेरा नाम Sanjay Kumar Singh दर्ज है, जबकि आधार कार्ड पर मेरी पुत्री का सही नाम Vanshika Gaur व मेरा नाम Sanjay Kumar Gaur दर्ज है। आधार कार्ड के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना खाते में मेरी पुत्री व पिता के स्थान पर मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **संजय कुमार गौड़ पुत्र राम आसरे गौड़ नि.- जबरौली, लखनऊ।**

प्रतिबंधित गांवों में अवैध खनन का चल रहा काला कारोबार

गीडा क्षेत्र में प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

जिला संवाददाता

पिपरौली, गोरखपुर। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों के सख्त निर्देशों के बावजूद अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। एक तरफ जहां मंडलायुक्त और जिलाधिकारी बैठकों में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। सहजनवा तहसील क्षेत्र के गीडा थाना अंतर्गत आने वाले कई गांवों में अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार दिन-रात धड़ल्ले से फल-फूल रहा है और स्थानीय पुलिस व प्रशासन इस पर पूरी तरह मौन साधे हुए है।

मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा क्षेत्र का माही गांव वर्तमान में अधिग्रहण में है। इसके अलावा नगवा, देईपार और कुरमौल गांव गीडा के अधिसूचित क्षेत्र में आते हैं। नियमों के मुताबिक इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का मिट्टी खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर इन गांवों में दिन-रात पोकलैंड और बैकहो लोडर जैसी भारी मशीनों से अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। दर्जनों डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रतिबंधित क्षेत्रों से मिट्टी लादकर सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रीय पुलिस की इस शिथिलता के कारण मुख्यमंत्री के गृह जनपद में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक दावों की सरेआम पोल खुल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सब कुछ जानते हुए भी स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंद कर बैठे हैं। गौरतलब है कि बीते 29 मई को मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई थी। इस बैठक में कमिश्नर ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में निर्देश दिए थे कि क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर के इस सख्त आदेश को बीते अभी कुछ ही दिन हुए हैं लेकिन गीडा थाना क्षेत्र में इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक अवैध कारोबारियों पर कोई ठोस कार्रवाई न किया जाना कई तरह के गंभीर सवाल खड़े करता है। *इस संबंध में जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पाण्डेय मामला मेरे संज्ञान में आया है। प्रतिबंधित क्षेत्रों में किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच टीम को सक्रिय कर दिया गया है और जल्द ही इस काले कारोबार में लिप्त अवैध कारोबारियों पर सख्त से सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।*

रास्ते पर हुए अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

- एसडीएम कोर्ट के आदेश पर हटाई गई बाउंड्री वॉल
- जेसीबी चलाकर सार्वजनिक मार्ग को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के वेला वीरभान गांव में सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। एसडीएम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अवैध रूप से निर्मित बाउंड्री वॉल को ध्वस्त करा दिया। वेला वीरभान पीड़ित निवासी नीरज तिवारी ने सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण की शिकायत स्थानीय थाना एवं उपजिलाधिकारी बांसगांव से की थी। आरोप था कि रास्ते पर बाउंड्री वॉल बना दिए जाने से उनका आवागमन बाधित हो गया था और उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत के समाधान के लिए उन्होंने कई बार तहसील और थाने का चक्कर लगाया, लेकिन अतिक्रमण नहीं हट सका। इसके बाद पीड़ित नीरज तिवारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में धारा 25 तथा तहसीलदार न्यायालय में धारा 67 के तहत वाद दायर किया। मामले की सुनवाई के दौरान एसडीएम कोर्ट ने बंजर भूमि पर बने सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया। सोमवार को तहसीलदार सुशील कुमार भारती, नायब तहसीलदार विजय प्रताप सिंह, कानूनगो राधेश्याम उपाध्याय, लेखपाल प्रवीण कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक आनंद कुमार तथा महिला उपनिरीक्षक स्वाति मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से रास्ते पर बनी अवैध बाउंड्री वॉल को हटवाकर मार्ग को पूरी तरह खाली करा दिया। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी। एसडीएम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे आमजन के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

सरयू तटबंध की सुरक्षा और बाढ़ बचाव को लेकर प्रशासन सतर्क

गोला, गोरखपुर। मानसून और संभावित बाढ़ की परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए शासन के निर्देश पर सोमवार को नगर पंचायत गोला में सिंचाई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरयू नदी के तटबंधों की सुरक्षा बाढ़ नियंत्रण सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम नदी में डूबने की दुर्घटनाओं तथा नाव हादसों से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने सरयू नदी के जलस्तर और तटबंधों की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया। अधिकारियों ने कहा कि नदी के बहाव क्षेत्र में होने वाले किसी भी बदलाव पर लगातार नजर रखी जाएगी ताकि संभावित खतरे की स्थिति में समय रहते प्रभावी कदम उठाए जा सकें और जनहानि से बचा जा सके। बाढ़ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मिट्टी से भरी बोरियां गिट्टी नायलॉन क्रेट सहित अन्य जरूरी सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखी जाएगी। जिससे तटबंधों को सुरक्षित रखने और कटान रोकने में मदद मिल सके। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को भी सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई। मानसून सत्र से पूर्व आयोजित इस बैठक को बाढ़ प्रबंधन और तटबंध सुरक्षा की दिशा में प्रशासन की महत्वपूर्ण तैयारी माना जा रहा है।

दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के नैनीखेड़ा गांव में सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह नान्हा के सहयोग से दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एलिम्को असरा उन्नाव के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व में करवाए गए रजिस्ट्रेशन के अनुसार 192 वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को व्हीलचेयर, कान की मशीन, घुटनों का पट्टा, कमर का पट्टा, गर्दन का पट्टा, छड़ी, वाकर, कमोड कुर्सी वितरित किए गए। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग एवं वृद्धजन अपने दैनिक कार्यों को अधिक सुगमता से कर सकेंगे तथा आत्मनिर्भर जीवन जीने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर आसरा रूरल डेवलमेंट फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष पाल ने कहा कि संस्था समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। वहीं संचालक ऋषभ पांडेय, संचालक ने लाभार्थियों को वितरित किए गए उपकरणों के सही उपयोग और रखरखाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे उपकरण दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह नान्हा ने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग एवं वृद्धजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

ट्रक की चपेट में आये सोफा कारीगर की मौत

मौरावां (वीओएल)। ट्रक की चपेट में आये युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक रोज की तरह कल भी रायबरेली से अपने गांव आ रहा था कि तभी गुरुबक्स गंज थाना क्षेत्र के ताला मोड़ के पास पहुंचा था कि अनियंत्रित ट्रक मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मारते हुए सिर के ऊपर से गुजर गया। जिससे उक्त मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और दहाड़े मार मार रोने चिल्लाने लगे। वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के उर्बी खेड़ा नरीचक गांव निवासी रामप्रसाद पुत्र रामनिधी 45 वर्ष रोज की तरह रविवार को भी अपना काम समाप्त कर रायबरेली से अपने घर उर्बी खेड़ा गांव आ रहा था कि गुरुबक्स गंज थाना क्षेत्र के ताला मोड़ कृष्णा ढाबा के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल पर जोरदार टक्कर मारते हुए युवक के सिर पर से पहिया निकल जानें से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई) सुलतानपुर।

आवश्यकता है-

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्नानुसार प्रवक्ताओं की-
स्नातक (विज्ञान संकाय):भौतिक विज्ञान, गणित, प्रत्येक में एक-एक पद।
स्नातक (कला संकाय) : अंग्रेजी राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान प्रत्येक में एक-एक पद।

परास्नातक (कला संकाय):	हिन्दी	-03 पद
	गृहविज्ञान	-03 पद
	समाजशास्त्र	-03 पद
बी0एड् (प्रवक्ता)	- 12 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता संगीत)	- 01 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा)	- 1 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता चित्रकला)	- 1 पद	

योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्त-NCTE/ यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं यदि कोई अनुभव हो तो अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें या ई-मेल आई.डी.-SNVMPGCOLLEGE@GMAIL.COM पर ई-मेल करें।

प्रबंधक
सीताराम वर्मा
मोबाइल नंबर- 9415137463

घोडी की डंपर से टक्कर होने से युवक घायल

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के सुमेरपुर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पिथई खेड़ा पोस्ट भगवन्तनगर निवासी विनोद कुमार यादव पुत्र विन्दाप्रसाद का लगभग एक माह पूर्व एक बारात से अपनी घोड़ी में बैठकर घर वापस आ रहे थे तभी महरानीगंज सेमरी रायबरेली के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार डंफर की घोड़ी से जोरदार भिड़ंत हो जाने से बेशकीमती घोड़ी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी घोड़ी में सवार विनोद कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गये सूचना पाकर परिजनों ने गंभीर अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया लम्बे समय से चल रही चिकित्सा से परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगा जाने की क्षेत्रीय नागरिकों ने सूचना हमेशा लोगों की मदद को आतुर रहने वाले सुविख्यात समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी कृपालु ह्रदय के धनी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तत्काल बड़ा मानवीय कदम उठाते हुवे अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह जी को घायल विनोद यादव के आवास आर्थिक मदद करने के लिये भेजा मौके पर पहुँचे मानवेन्द्र सिंह ने घायल विनोद कुमार यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

20 मेधावियों का हुआ सम्मान

चरगांवा, गोरखपुर। एमजी इंटरमीडिएट कॉलेज के देवी शंकर सभागार में गोरखपुर के महापौर डॉ० मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह जी, विधायक महेंद्र पाल सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ० धर्मेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने हाई स्कूल के 10 एवं इंटरमीडिएट के 10 मेधावी विद्यार्थियों को यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर उनको प्रशस्ति-पत्र, 21000 रुपए का चेक एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ० मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान छात्र -छात्राओं के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं उनके समर्पण का प्रतिफल है। विधान परिषद सदस्य डॉ० धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए एक अच्छी पहल है। निश्चय ही इससे सभी छात्र- छात्राएं अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक और अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ संकल्पित होंगे इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप-प्रज्वलन का कार्य सभी माननीयों एवं अतिथियों द्वारा किया गया। संचालन संजय कुमार श्रीवास्तव जी ने और आए हुए अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अजीत कुमार सिंह जी ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ० नीरज कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह, जिला समन्वयक आशुतोष मिश्र, प्रभाकर, फूलचंद यादव माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, दुर्गेश मिश्र, शिक्षक मिथिलेश गुप्ता और दिनेश उपाध्याय जी आदि उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित सभासद शफी बालक को दिलायी शपथ

- उर्दू मोहल्ला वार्ड में जनहित की समस्याओं का करेंगे समाधान: शफी बालक

इटावा। नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित समारोह में सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने उर्दू मोहल्ला वार्ड के उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक को शपथ ग्रहण कराई।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने कहा कि मुझे आशा और विश्वास है कि शफी अहमद चेयरमैन, ईओ, सभासदों व कर्मचारियों के साथ मिलकर विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। ईओ सन्तोष कुमार मिश्रा ने पालिका परिवार की ओर से शफी अहमद को बधाई देते हुए आशा जताई कि शफी अहमद नगर पालिका के विकास कार्यों में पूरा सहयोग करेंगे। चेयरमैन ज्योति संटू गुप्ता ने मुझे पूरा विश्वास है कि शफी अहमद सबके साथ मिलकर पालिका को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। हम वादा करते हैं कि उर्दू मोहल्ला वार्ड में जो भी जनहित की समस्या होगी उसका वरीयता से समाधान करेंगे। निर्विरोध नवनिर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक ने कहा शहर के विकास में वह चेयरमैन, ईओ व सभासदों के साथ मिलकर काम करेंगे। उर्दू मोहल्ला वार्ड में दो वर्ष से कोई काम नही हुआ है अब हम चेयरमैन व ईओ के सहयोग से वार्ड की समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। नगर पालिका की चेयरमैन ज्योति गुप्ता, ईओ सन्तोष कुमार मिश्रा, सभासदो सहित शहर के गणमान्य लोगों ने सभासद शफी अहमद का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अवनीश पांडेय ने किया। विदित हो कि शफी अहमद बालक ने 31 वर्ष बाद दूसरी बार सभासद की शपथ ली। उन्हें सभासदी का काफी पुराना अनुभव है। इस अवसर पर सभासद लीलावती राजपूत, मो. इकबाल, अरविंद यादव, पूर्व सभासद शफीक मस्त खां, यदुवीर सिंह यादव, राजेश कुमार, हाजी गुडडू मंसूरी, मोहम्मद अलताफ, हाजी नईम मंसूरी, हाजी लड्डन मंसूरी, हाजी जमीर उल्ला, अनीस मंसूरी, हाजी हबीब मंसूरी, तनवीर अहमद, परवेज अख्तर, समी कुरैशी, अंसार अहमद अंसारी, इंतजार अहमद, शाहनवाज आलम, शावेज नकवी, अब्दुल जब्बार राईन, अनवार राईन, सलीम राईन, अबरार चैधरी राईन, नफीस राईन, अन्सार राईन, एहसान राईन, इबादुर्रहमान राईन, मुन्ना राईन, एहतशाम राईन, ख्वाजुद्दीन राईन, जफर अली, मु, राशिद आदि मौजूद रहे।

ईंट भट्ठे के गड्ढे में डूबने से भाई बहन की मौत

इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र के कृपालपुर गांव में ईंट भट्ठे के मिट्टी खनन से बने गहरे और बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से चचेरे भाई-बहन की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं बच्चों के परिजनों ने ईंट भट्ठे के मुनीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। बताया जा रहा है कि कृपालपुर गांव निवासी प्रांशु (8) पुत्र मनोज और मनीषा (10) पुत्री राजकुमार मंगलवार को घर से निकले थे। दोनों बच्चे गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे के आसपास लकड़ियां बीनने गए थे। इसी दौरान मिट्टी खनन के कारण बने गहरे पानी भरे गड्ढे में डूबने से दोनों की मौत हो गई। वहीं मौके पर जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सदर विक्रम राघव, एसपी ग्रामीण श्रीष चन्द्र, सीओ, थाना प्रभारी बसरेहर सौरभ सिंह सहित जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बच्चों की दादी ने बताया कि मुनीम मेरी बहन के घर सुबह धमकी देकर गया था कि बच्चे अगर लकड़ी बीनने आए तो उन्हे मार देंगे, एक घंटे बाद मुनीम ही बच्चों को बाहर निकालकर रख दिया। कहीं न कहीं मुनीम ही इन बच्चों की मौत का जिम्मेदार है।

महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का जज आरती द्विवेदी ने शुभारंभ किया

इटावा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत शासन के निर्देशानुसार सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम आरती द्विवेदी, अपर जिला न्यायाधीश, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य अतिथि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 13 नवजात कन्याओं का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। जिसके बाद सचिव के करकमलों द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में नवजात कन्याओं को बेबी किट व उनके जन्मप्रमाण पत्र तथा धात्री माताओं सहाना, दीपिका, चांदनी, मनीषा, हिना, रिजवाना, उमाभारती, रेनू, राधा, कमरजहां, लक्ष्मी, नेहा, दीपशिखा को ड्राईफ्रूट भेंट किया। कार्यक्रम में विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. अनिल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला आदि अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा नवजात कन्याओं की माताओं एंव उनके परिवारजनों को सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया तथा विभागीय योजनाओं के पेम्पलेट आदि का वितरण कराये गये। जिला प्रोबेशन कार्यालय से अक्षय वर्मा, कनिष्ठ सहायक, अजित कुमार दुबे, अर्चना भदौरिया, संजीव कुमार, गौरव कुमार, अभिषेक वर्मा, सोनम चैधरी एंव जिला महिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ आदि ने प्रतिभाग किया गया।

दीवार गिरने से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मौत, आंधी-बारिश से दो की जान गई, आठ घायल

इटावा। रविवार शाम आई तेज आंधी, तूफान और बारिश कई परिवारों के लिए आफत बनकर आई। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल धराशायी हो गए, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। सबसे दुखद घटना इकदिल क्षेत्र के केशोपुर गांव में हुई, जहां एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की दीवार गिरने से मौत हो गई। वहीं भरथना क्षेत्र में भी एक किसान की जान चली गई। रविवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली के पोल टूटकर गिर पड़े। इसी दौरान इकदिल थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव में 59 वर्षीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विद्यावती अपने पति कैलाश बाबू के साथ घर के आंगन में बैठी थीं। तभी पड़ोसी मकान की ऊंची पक्की दीवार तेज हवाओं के दबाव में भरभराकर गिर गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। दीवार गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे विद्यावती और उनके पति कैलाश बाबू को बाहर निकाला गया। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने विद्यावती को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके पति कैलाश बाबू का इलाज जारी है।

आठ दिवसीय समर कैम्प का समापन

भरथना, इटावा। कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्रीस्कूल व संस्कृती इंटरनेशनल द्वारा बीती 24 मई से 31 मई तक चले आठ दिवसीय समर कैम्प का भव्यता के साथ समापन हो गया। नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए मनोरंजन, रचनात्मकता और नई सीख को समर्पित समर कैम्प में जमकर लुत्फ उठाया। कस्बा के मुहल्ला बृजराज नगर में संचालित कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्रीस्कूल एवं संस्कृती इंटरनेशनल में आयोजित आठ दिवसीय समर कैम्प के समापन समारोह पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का रविवार की सांय संस्था निदेशक अंकित यादव ने प्रधानाचार्य निकिता यादव, प्रबन्धक सार्थक यादव छोटू के साथ ज्ञान की देवी माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके शुभारम्भ किया। तदुपरान्त नन्हें-मुन्हें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व आकर्षक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत करके उपस्थित अभिभावकों का मनमोह लिया। समर कैम्प के दौरान बच्चों ने योग, कराटे, स्वीमिंग, पिकनिक, प्राचीन शिव मंदिर भरेह चकरनगर व यमुना-चम्बल नदियों का संगम भ्रमण, जीके क्विज एवं एयरगन शूटिंग जैसी विविध गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। साथ ही ड्रॉइंग एवं कलरिंग, हैंडराइटिंग और क्रिएटिव राइटिंग, स्पोर्ट्स एवं आउटडोर गेम्स, कुकिंग विदाउट फायर, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, म्यूजिक और टैलेंट हंट जैसी कई रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिनका बच्चों ने पूरे सप्ताह जमकर लुत्फ उठाया और इन गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए प्रोत्साहित हुए। विद्यालय प्रबन्धन द्वारा समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमन, साक्षी शर्मा, तृप्ति, मुस्कान बानो, मुस्कान पोरवाल, निकिता, अश्रा, अरबिया, शिवांगी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

गोमती एक्सप्रेस भरथना स्टेशन पर सवा दो घंटे खड़ी रही

इटावा। लखनऊ से नई दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस सोमवार को भरथना रेलवे स्टेशन पर अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। ट्रेन के इंजन के पहिए जाम हो जाने के कारण सुबह 9.45 बजे ट्रेन को भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-3 पर रोकना पड़ा। अचानक ट्रेन रुकने से यात्रियों में हलचल मच गई और काफी देर तक लोग ट्रेन के दोबारा चलने का इंतजार करते रहे। ट्रे

संक्षेप

खेत बचाओ अभियान चलाया जायेगा

जौनपुर। एक जून से 30 जून तक जनपद में खेत बचाओ अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा एवं अमहित के कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान गाँव-गाँव जाकर किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक के उपयोग, नकली पेस्टिसाइड की पहचान और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगे। उप परियोजना निदेशक कृषि प्रसार सुधार डा. रमेश चंद्र यादव ने सभी किसानों से अपील किया है कि इस अभियान से जुड़ें, वैज्ञानिक सलाह के अनुसार सही समय पर संतुलित उर्वरकध्खाद का उपयोग करें और जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें, ताकि मृदा की उर्वरता टिकाऊ एवं अक्षुण्ण बनी रहे, प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग हो जिससे सम्बंधित फसल से अपेक्षित उपज भी प्राप्त होती रहे। अभियान में पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराया जाएगा।

स्कूल परिसर में मिला लापता लड़के का शव

चंदौली। धीना थाना क्षेत्र में अपने घर से लापता हुए पहली कक्षा के एक छात्र का शव रविवार को एक सरकारी स्कूल परिसर में मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धीना थाना क्षेत्र के कजरारा गांव का रहने वाला कार्तिक (6) रविवार सुबह अपने घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि उसके परिजन ने उसकी तलाश शुरू की और इसी दौरान वे गांव के पास में स्थित सरकारी स्कूल परिसर में उसे ढूंढने गए तो वहां उन्हें कार्तिक का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बच्चे के परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है, जिसकी जांच की जा रही है।

हाथरस में 80 साल की वृद्धा से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

हाथरस। जिले में 80 साल की एक महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में महिला के पड़ोस में रहने वाले युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना सुबह लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब महिला हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र स्थित अपने मकान में अकेली थी। उन्होंने बताया कि 28 वर्षीय आरोपी मौके का फायदा उठाते हुए पीड़िता के कमरे में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, महिला की चीख-पुकार सुनकर वे मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पीड़िता के शरीर से खून बहता देख उसे फौरन अस्पताल पहुंचाया। सदर क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि दुष्कर्म की पुष्टि के लिए वृद्धा की मेडिकल जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पीड़िता की मेडिकल जांच रिपोर्ट एवं तहरीर के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

जलभराव की समस्या पर किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पहली ही बरसात में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न हुई जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सोमवार को निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलनिकासी व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पालिकाध्यक्ष ने निर्माण विभाग के जेई, एसआई संदीप वर्मा तथा समस्त सफाई नायकों के साथ पंजाबी कॉलोनी और वीर अब्दुल हमीद मार्केट सहित जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालियों की स्थिति, जल निकासी के मार्ग और बरसात के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी जलभराव से होने वाली परेशानियों से पालिकाध्यक्ष को अवगत कराया। कई स्थानों पर नालियों में गाद जमा होने तथा पानी की निकासी में आ रही बाधाओं की शिकायतें सामने आईं। पालिकाध्यक्ष ने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सफाई अभियान चलाकर जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्थलीय निरीक्षण के बाद नगर पालिका सभागार में सफाई नायकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूरे नगर की सफाई व्यवस्था, नालों और नालियों की नियमित सफाई तथा बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और सफाई नायकों को निर्देशित किया कि जलभराव वाले चिन्हित स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए सभी नालों और नालियों की सफाई नियमित रूप से कराई जाए, ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पालिकाध्यक्ष ने नगरवासियों से भी अपील की कि नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।बैठक में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

संपूर्णानगर क्षेत्र के यू ट्यूबर्स हुए सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां खीरी। संपूर्णानगर क्षेत्र की अच्छी तस्वीर पेश करने वाले तथा समस्याओं को उठाने वाले यू ट्यूबर्स को संपूर्णानगर रत्न एवं आइकन ऑफ एशिया से समाजसेवी डा. आई ए खान ने सम्मानित किया। और कहा कि आजकल सोशल मीडिया का उपयोग लगभग प्रत्येक व्यक्ति करता है इसलिए क्षेत्र के हर व्यक्ति एवं यू ट्यूबर्स की ज़िम्मेदारी है कि संपूर्णानगर क्षेत्र की अच्छी तस्वीर देश और दुनिया के सामने रक्खी जाए और अपने क्षेत्र की समस्याओं से कैसे निपटा जाए। युवाओं को नशे से कैसे दूर रखा जाए तथा अपने क्षेत्र को और सुंदर कैसे बनाया जाए आदि विषयों पर चर्चा किया। सम्मानित होने वाले यू ट्यूबर्स रमेश कुमार होंडो, मोहित कुमार सिंह, अनिकेत विश्वकर्मा, प्रिंस चीमा, रितेश शर्मा, राज गौतम, कासिम सिद्दीकी, राज सिंह, सद्दाम हुसैन, अदनान, दीक्षा सिंह, नेहा कुशवाहा, अंजलि कुशवाहा, पीयूष ठाकुर, अमित गुप्ता, विशाल मिश्रा आदि थे।

शादी में दिया सामान मांगने पर महिला की पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सियाथू में विवाह में दिया गया सामान वापस मांगने पर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कालीचरनपुर निवासी शकुन्तला देवी पत्नी महेन्द्र पाल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रीति का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व ग्राम सियाथू निवासी रोहित पुत्र श्रीभगवान के साथ किया था। पति-पत्नी के बीच विवाद होने के कारण मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि 1 मई की सुबह करीब 9रू30 बजे शकुन्तला देवी अपनी पुत्री प्रीति के साथ सियाथू स्थित ससुराल पहुंची थीं। वहां उन्होंने विवाह के समय दिया गया सामान वापस मांगा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। तहरीर के अनुसार रोहित, उसके पिता श्रीभगवान पुत्र बिंद्रा प्रसाद तथा माता शीला देवी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। आरोप है कि मारपीट में शकुन्तला देवी का बायां हाथ टूट गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोहित, श्रीभगवान और शीला देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वृद्ध को मारपीट कर धक्का देने से गिरने पर मौत

मोहम्मदी खीरी। पसगवां थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर में एक व्यक्ति के खेत में पड रही अंडरग्राउंड पाइप लाइन को लेकर विवाद हो गया जिसमें दबंगों ने वृद्ध को गाली गलौज करते लात घुसो से पिटाई कर धक्का दे दिया जिससे खुद गहरे नाले में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए पसगवां सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक के पुत्र अमित पाल ने बताया रविवार को शाम 6 बजे करीब वह मोटर से दूसरे खेत को अंडर ग्राउंड पाइपलाइन डला रहा था रास्ते में पड रहे दूसरे के खेत मलिक मौसी से अनुमति लेकर लाइन बिछा रहा था जिसको लेकर परिवार और अन्य लोगों ने एक राय होकर खेत पर पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए उसके पिता रामपाल 60 वर्षीय की लात घुसो से पिटाई कर धक्का दे दिया जिससे वह खुदे गहरे नाले में जा गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया परिवार के लोगों ने बाहर निकाल कर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर दौड़े जहां पहुंचते ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। सी ओ अरुण कुमार सिंह ने बताया मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तहरीर मिलते ही कार्रवाई में की जाएगी।

जातिसूचक गालियां देने और मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज में शादी समारोह में जा रहे तीन युवकों के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम उदरहटा निवासी कुलदीप कुमार पुत्र रामू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 24 अप्रैल की रात करीब 8.40 बजे अपने साथी रवि प्रकाश पुत्र सीताराम और सुरजीत कुमार पुत्र रमेश चंद्र के साथ अपनी बहन के गांव बिजपुरी में आयोजित शादी समारोह में जा रहे थे। रास्ते में अलीगंज स्थित देशी शराब की दुकान के पास रखी एक मेज पर तीनों कुछ देर के लिए बैठ गए। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस की दुकान करने वाले गौरव शुक्ला और सौरभ शुक्ला पुत्रगण जितेंद्र शुक्ला निवासी ग्राम कुसमौरी वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि घटना में तीनों युवकों को चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराई जा सकती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने सोलर पैनल सहित 5 आरोपियों को भेजा जेल

पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां में दर्ज मुकदमा बी एन एस की धारा 303(2),317(2) का सफल अनावरण करते हुए पांच आरोपी शोभित धोबी पुत्र जगदेश्वर दयाल उर्फ बडेल्ला, बालेस पुत्र राजकरण उर्फ गुड्डू, रितेश पुत्र विजय कुमार, संतोष कुमार जाटव पुत्र नेमचंद्र, देवेन्द्र कुमार पुत्र हरीश चंद्र निवासीगण मुड़िया अहवन थाना पसगवां जनपद खीरी को तीन सोलर पैनल के साथ मछेछा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार करने बाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पांडे, उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल गोपाल कृष्ण खां, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, कांस्टेबल टिंकू कुमार, कांस्टेबल पंकज कुमार, कांस्टेबल रोमी कुमार सम्मिलित रहे।

युवराज-11 दिस्तापुर बनी चैंपियन, जीता खिताब

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार शाम रोमांचक माहौल में खेला गया। फाइनल मैच में युवराज-11 दिस्तापुर और राजगढ़ की टीम आमने-सामने रहीं।

मुकाबले में युवराज-11 दिस्तापुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजगढ़ को बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच से पूर्व दोनों टीमों के कप्तानों ने टॉस किया, जिसमें युवराज-11 दिस्तापुर के कप्तान युवराज कश्यप ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 14 ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 194 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और राजगढ़ के सामने जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजगढ़ की टीम शुरूआत से ही दबाव में दिखाई दी। युवराज-11 के गेंदबाजों के सामने राजगढ़ की बल्लेबाजी टिक नहीं सकी और पूरी टीम 118 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह युवराज-11 दिस्तापुर ने 76 रन से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। समापन समारोह में विजेता टीम युवराज-11 दिस्तापुर को 5100 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता राजगढ़ टीम को 3100 रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ग्रंट साहबगंज के प्रधान सुदेश कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है, लेकिन खिलाड़ियों को कभी निराश नहीं होना चाहिए। खेल अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का संदेश देता इस अवसर पर आयोजन समिति के दिनेश कश्यप, आशाराम कश्यप, रूपेश भारती, शोभित कश्यप, स्कोरर नौतिक कुमार कश्यप, मोहित कुमार कश्यप, सचिन कुमार कश्यप, गोलू कश्यप, कमेंटेटर सानू गाजी तथा अंपायर जुल्फिकार गाजी, दिनेश कश्यप, आकाश सिंह और रामू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खीरी के टॉपर विद्यार्थियों को मिले मेडल और 21 हजार के चेक

लखीमपुर खीरी। खीरी में सोमवार का दिन टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा। जिला प्रशासन की ओर से

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि की 21 हजार की डेमो चेक के साथ ही शील्ड और मेडल भी प्रदान किया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी और सीडीओ अभिषेक कुमार ने मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों का परिणाम आज विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने छात्रों से मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो निरंतर प्रयास करते हैं। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने शिक्षा को सफलता की सबसे मजबूत नींव बताते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था ने प्रतिभाओं को सही पहचान दिलाई है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और गुरुजनों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल के मेधावी

अर्जित गुप्ता, हर्षित तिवारी, आयुष वर्मा, अरविंद कुमार गौतम, प्रांशु, आर्यन वर्मा, आयुष, इशांत शर्मा, दयानशी, अंश पटेल, सिद्धार्थ दीक्षित।

इंटर के मेधावी

उमाशंकर, शौर्य गुप्ता, अचल वर्मा, आयुष, प्रियांशु सिंह, शुभम कुमार मौर्या, श्रद्धेय श्रीवास्तव, रजत चक्रवर्ती, तेजस्वी नारायण शर्मा, अनुरुद्ध कुमार।

गड्ढों और गंदे पानी में गुजर रही जिंदगी दनियारपुर के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत बगहाढाक के दनियारपुर गांव में जलभराव और जर्जर खड़ंजा ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। वर्षों पहले बना खड़ंजा अब टूटकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिनमें भरा गंदा पानी ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को रोजाना जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत से लेकर संबंधित अधिकारियों तक कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जलभराव के कारण रास्ते पर गंदगी फैली रहती है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। ग्रामीण रिंकू, धनेश, नवदीप, धनपाल, सोनेलाल, चंद्रभाल, दिनेश, रामकुमार, लालता प्रसाद समेत दर्जनों लोगों ने रास्ते की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह रास्ता किसी तालाब से कम नहीं दिखता और पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। रोजगार सेवक संदीप कुमार ने बताया कि समस्या के समाधान को मनरेगा की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप चौधरी और खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने जांच कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, जमीन पर काम चाहिए।

नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषद में चला स्वच्छता अभियान

सोनभद्र।सोमवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेर्शों के क्रम में जनपद की समस्त नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद में स्वच्छता अभियान के द्वितीय दिवस व्यापक स्तर पर नालों एवं नालियों की सफाई कराई गई। अभियान का उद्देश्य बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत दिलाना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान सफाई कर्मियों द्वारा प्रमुख नालों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई की गई। कार्यों की नियमित निगरानी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जा रही है, जिससे अभियान की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। संबंधित अधिशासी अधिकारियों को सफाई कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा अभियान को निरंतर गति प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता जनस्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सभी नगर निकायों को साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास करने होंगे।

17 चिकित्सा अधिकारियों का स्थानांतरण

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा सेवा संवर्ग के 17 चिकित्सा अधिकारियों का स्थानांतरण और समायोजन किया गया है। जारी आदेश के तहत, चिकित्सा अधिकारियों को उनके नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है और संबंधित नियंत्रक अधिकारियों को उन्हें तत्काल कार्यमुक्त करने के लिए कहा गया है। स्थानांतरित चिकित्सकों का मई का वेतन उनके नवीन तैनाती स्थान से आहरित किया जाएगा। स्थानांतरित चिकित्सा अधिकारियों में डा० देवेन्द्र पालरू सामु०स्वा०केन्द्र सुजानगंज से प्रा०स्वा०केन्द्र बेलवार, डा० धर्मेन्द्र प्रताप सिंहरू सामु०स्वा०केन्द्र डोभी से प्रा०स्वा०केन्द्र हीरापुर मचहटी, डा० विवेक यादवरू सामु०स्वा०केन्द्र डोभी से प्रा०स्वा०केन्द्र भन्नौर, डा० कृष्ण कुमाररू सामु०स्वा०केन्द्र डोभी से प्रा०स्वा०केन्द्र बर्राह, डा० गौरव सिंहरू सामु०स्वा०केन्द्र बदलापुर से प्रा०स्वा०केन्द्र नाभीपुर ,डा० कोविदेन्द्र त्रिपाठीरू सामु०स्वा०केन्द्र बदलापुर से प्रा०स्वा०केन्द्र गद्दोपुर, डा० अंकित शमारूं सामु०स्वा०केन्द्र रामनगर से प्रा०स्वा०केन्द्र गुतवन, डा० रमेश चन्द्रारू सामु०स्वा०केन्द्र धमार्पुर से सामु०स्वा०केन्द्र सुईथाकला, डा० फहीम अहमदरू ट्रामा सेन्टर हौज से प्रा०स्वा०केन्द्र रन्जीतपुर कर दिया गया है।

ऊर्जा राज्यमंत्री अधिकारियों के साथ की बैठक

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत रविवार शाम करीब 4.30 बजे सीतापुर कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे। जहां उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत व्यवस्था, उपभोक्ता समस्याओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री का लंबा वाहन काफिला भी चर्चा का विषय बना रहा। ऊर्जा राज्य मंत्री कई गाड़ियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे, जिसे लेकर लोगों के बीच विभिन्न तरह की चचाएं होती रहीं। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन बचत को लेकर की जाने वाली अपील के बीच मंत्री का बड़ा काफिला भी लोगों का ध्यान आकर्षित करता नजर आया। कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति बेहतर बनाए रखने, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और अधिकारियों को जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने बिजली विभाग में लगातार सामने आ रहे हादसों को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जा रहा है। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि जब विभागीय कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में सवाल पूछा गया तो ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि वह अभी नए हैं और उन्हें इस विषय में पूरी जानकारी नहीं है।

भीषण गर्मी में मसीहा बने आरक्षी चंदन सिंह

- श्री राम चौक पर शुरू की शीतल जल व बताशा प्याऊ लोग कर रहे सराहना

बीजपुर, सोनभद्र। इन दिनों सूर्यदेव का प्रचंड प्रकोप जारी है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जनजीवन त्रस्त है। ऐसे में मानवता की मिसाल पेश करते हुए बीजपुर थाने के आरक्षी और हल्का बीट प्रभारी चंदन सिंह यादव ने आम राहगीरों और कड़ी धूप में काम करने वाले श्रमिकों के लिए राहत की फुहार बनकर सामने आए हैं।

बीजपुर के व्यस्ततम श्री राम चौक पर आरक्षी चंदन सिंह यादव ने अपनी व्यक्तिगत पहल पर शुद्ध आरओ शीतल जल की प्याऊ और राहगीरों के लिए बताशे की व्यवस्था की है। चिलचिलाती धूप में परियोजना की ओर जाने वाले कामगारों और राहगीरों के लिए यह प्याऊ अमृत समान साबित हो रही है। उनकी इस सेवा भावना ने न केवल लोगों की प्यास बुझाई है, बल्कि समाज में पुलिस की एक संवेदनशील और मददगार छवि को भी सशक्त किया है। अपनी कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय दृष्टिकोण के लिए चर्चित आरक्षी चंदन सिंह यादव बीते एक महीने से बीजपुर थाने में तैनात हैं। इससे पूर्व जनपद के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं देते हुए उन्होंने जनहित के कई सराहनीय कार्य किए हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें श्गुड सेमेरिटनश (नेक आदमी) अवार्ड से नवाजा जा चुका है। इतना ही नहीं, महाकुंभ मेले में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और डीजीपी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

आरक्षी चंदन यादव के इस नेक कार्य की चर्चा पूरे इलाके में है। बीजपुर बाजार के व्यवसायियों, संभ्रांत नागरिकों और राहगीरों ने एक सुर में कहा कि चंदन यादव जैसे पुलिसकर्मी पुलिस विभाग और समाज के लिए प्रेरणा हैं।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विश्राम सागर गुप्ता, सदस्य रविंद्र गुप्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने आरक्षी की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

ग्राम पंचायत सिकंदराबाद के सचिव व प्रधान से रिकवरी के आदेश

लखीमपुर खीरी। ब्लाक कुंभी गोला की ग्राम पंचायत सिकंदराबाद में मनरेगा योजना एवं ग्राम निधि के कार्यों में प्रधान सचिव की मिली भगत से जमकर भ्रष्टाचार किया गया। 1 साल से शिकायत को उच्च अधिकारियों ने जांच के नाम पर टाले रखा। ग्राम पंचायत में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार के बाद डीपीआरओ ने 3 शौचालय की गड़बड़ी मिलने पर रिकवरी के आदेश जारी कर दिए हैं।

दूसरी और उपयुक्त श्रम रोजगार अमित सिंह परिहार ने मनरेगा योजना में की गई शिकायत के आधार पर सचिव प्रधान को नोटिस के कर जवाब मांगा है। सिकंदराबाद ग्राम पंचायत के ग्रामीण शिकायतकर्ता विवेक कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने जून 2025 में तत्कालीन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को शिकायती पत्र देकर मनरेगा योजना, ग्राम निधि, शौचालय, सामुदायिक शौचालय में फर्जी तरीके से निकल जा रहे धन की जांच की मांग की। तत्कालीन डीएम ने तीन सदस्य जांच कमेटी समिति 30 जून 2025 को गठित कर दी। जांच अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी ने 13 फरवरी 2026 को अपनी जांच आख्या जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंप दी। जांच में फर्जी भुगतान की शिकायत सही पाई गई। 24 अप्रैल 2026 को जिला पंचायत राज अधिकारी से कार्रवाई के बारे में जानकारी की गई। जांच के नाम पर वह भी कार्रवाई को दबाये रहे। 11 माह बीतने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने 3 शौचालय में गबन की पुष्टि होने पर प्रधान सचिव से रिकवरी के निर्देश दिए हैं। सिकंदराबाद ग्राम पंचायत में जिन मजदूर की मनरेगा योजना में हाजिरी लगाई गई है वह लोग मजदूरी करने गए ही नहीं फर्जी हाजिरी लगाई गई। इस संदर्भ में उपयुक्त श्रम रोजगार अमित सिंह परिहार ने बताया कि प्रधान सचिव को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जांच कमेटी भी गठित कर दी गई है।

पेड़ से जवान की बाइक टकरायी, मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव खाखिन निवासी एक पीआरडी जवान ड्यूटी कर घर बाइक से जाते समय रात में आंधी से गिरे पेड़ से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिनकी हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए परिजन बरेली लेकर गए थे जहां उनकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार गांव खाखिन निवासी ओम प्रकाश पुत्र केसरी 46 वर्षीय पीआरडी के जवान थे जो मोहम्मदी में कार्यरत थे। 26 जुलाई शाम 6 बजे करीब ड्यूटी समाप्त के बाद बाइक से घर जा रहे थे नेशनल हाईवे पर गांव बडखर में लगे पेट्रोल पंप के पास तेज आंधी में सड़क पर गिरे पेड़ से टकरा गए थे जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए उन्हें मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया था हालत नाजुक होने के चलते इलाज के लिए बरेली भेजा गया था जहां उन्होंने की अस्पताल में रविवार की रात मौत हो गई। सोमवार को परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्प

संक्षेप

बैठक सम्पन्न

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में उत्तर प्रदेष शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेपर की गोपनीयता, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, बिजली, पेयजल, स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लटका मिला छात्र का शव

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के सैदखानपुर किशुनी का पुरवां गांव में सोमवार दोपहर बाद एक 18 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।मिली जानकारी के अनुसार दीपांशु (18) पुत्र श्यामू का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवक घर में अकेला था। उसके पिता श्यामू पेशे से कारीगर हैं और काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जबकि मां सुमित्रा अपने बड़े बेटे अंकुर के साथ दवा लेने सुलतानपुर गई थीं। घर में कोई सदस्य मौजूद न होने के कारण घटना की जानकारी देर से हो सकी। आसपास के लोगों ने युवक को फंदे से उतारकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया, जहां मौजूद डॉ. जहीर खान ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।सूचना मिलने पर कूरेभार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक दीपांशु ने इसी वर्ष कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना प्राथमिकता

एक करोड़ की लागत से निर्मित 4 मार्गों का लोकार्पण

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए सदर विधायक अदिति सिंह ने देवानन्द पुर एवं नगर पालिका कॉलोनी रतापुर में विधायक निधि तथा डूडा विभाग के माध्यम से लगभग ?एक करोड़ की लागत से निर्मित चार नवनिर्मित मार्गों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इन मार्गों के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। इन परियोजनाओं से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि स्थानीय सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सदर विधायक अदिति सिंह ने भरोसा दिलाया कि रायबरेली सदर में जनसुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विकास कार्यों का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री राहत कोष से दिलायी 55 लाख से अधिक की आर्थिक सहायता

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयास से तथा योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के परिणामस्वरूप माह मई में रायबरेली एवं आसपास के क्षेत्रों के 37 गंभीर रूप से अस्वस्थ भाई-बहनों एवं बच्चों के उपचार हेतु ह्यह्यमुख्यमंत्री राहत कोष से कुल ?55,18,767 की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि कठिन समय में जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल एवं बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके, इसके लिए निरंतर प्रयासरत हूँ। ईश्वर से सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती हूँ। सदर विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए मेरा जीवन समर्पित है क्षेत्र में मेरे द्वारा लगातार विकास की योजनाओं को लेकर के प्रयास किया जा रहे हैं जो सफल भी हैं। करोड़ों रुपए की योजनाओं को जनता को समर्पित करते हुए उन्होंने यह भी दावा किया कि हमारे क्षेत्र की जनता खुशहाल है और उनकी समस्याओं का परित निदान करना हमारी जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि गरीब असहाय लोगों की मदद करना तथा उन्हें अच्छे इलाज की जरूरत पर उनके साथ खड़े रहना यह हमारा कर्तव्य है। वहीं जरूरतमंद लोगों को प्रदान की गई इलाज की धनराशि से लोगों में बीमारी से इलाज की प्रसन्नता देखी जा रही है।

दस दिवसीय कथक कार्यशाला का रंगारंग समापन

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित एसजेएस में कथक प्रशिक्षण पर चल रही दस दिवसीय कार्यशाला का कल देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन कर दिया गया। कार्यक्रम में कथक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। एसजेएस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने आए ने हुए अतिथियों को अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। निया गुप्ता ने शिव तांडव पेश किया तो वही बच्चों द्वारा भाव नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नेपाल में अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने वाली हिमानी दीक्षित ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इस कार्यशाला का आयोजन एनजीओ कलार्पण द्वारा किया गया था। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विभाग की रिसोर्स पर्सन व कलार्पण संस्था की अवध प्रान्त की नृत्य विधा संयोजिका नीलम गुप्ता के नेतृत्व में 36 बच्चों ने कथक का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर किसानों ने शुरू किया धरना

नसीराबाद रायबरेली। किसान कल्याण एसोसिएशन (अराजनीतिक) के बैनर तले क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर किसानों ने नगर पंचायत नसीराबाद के बस स्टॉप स्थित शिव मंदिर परिसर में धरना शुरू कर दिया है। वहीं एक महिला कार्यकर्ता बाबा बालक दास आमरण अनशन पर बैठ गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से दर्जनों किसान धरने पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा बालकदास उर्फ फूलमती आमरण अनशन पर हैं। जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं की जाती तब तक किसानों का धरना एवं आमरण अनशन जारी रहेगा। किसानों की प्रमुख मांगों में संडहा गांव निवासी बाबा बालक दास की कुटी एवं सहन की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग शामिल है।इसके अलावा छतोह-गांधीनगर मार्ग पर गांधीनगर कस्बे में रेलवे अंडरपास का निर्माण पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।किसानों ने नसीराबाद और सलोन क्षेत्र में बिक रहे गीले पशु आहार पर रोक लगाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि इस चारे के सेवन से पशु बीमार हो रहे हैं। इसके साथ ही पूरे खुशियाल तथा नसीराबाद देहात के मुख्य खड़ंजा मार्ग पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग भी की गई है।किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के गेहूं क्रय केंद्रों पर भ्रष्टाचार हो रहा है और किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। वहीं सलोन-जायस मार्ग के चैड़ीकरण कार्य में प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, जिससे वे अपने पेड़ भी नहीं काट पा रहे हैं। इसके अलावा ग्राम सभा महमूद अली मजरे नसीराबाद देहात में जीवनलाल के घर के सामने आरसीसी सड़क पर जलभराव की समस्या तथा ग्राम सभा बेवल के अंत्येष्टि स्थल में कथित भ्रष्टाचार और खराब पड़ी सोलर लाइटों का मुद्दा भी उठाया गया। समाचार लिखे जाने तक कोई भी सक्षम अधिकारी धरना स्थल ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। धरने में मुख्य रूप जिला अध्यक्ष सदाशिव पांडेय, राम आसरे, शिव बहादुर, आलम जहीर, अखिलेश पांडेय, मोहम्मद इलियास, गफ्फार खां, कामता प्रसाद, घनश्याम सिंह, दयाराम मौर्य, विद्याधर मिश्रा, गुलाम मोहम्मद, आलमीन, दयाराम मौर्य, चन्द्र कुमार, मैकू लाल, आलम जहीर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

न्याय दिलाने अफसर खुद पहुंचेंगे जनता के द्वार

लालगंज रायबरेली। अक्सर आम जनता को अफसरों के दफ्तर की दौड़ लगाते देखा गया है। महीनों, सालों चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें न्याय और अधिकार नहीं मिलता। यही वजह है कि प्रशासन और जनता के बीच की दूरियां बढ़ती जा रहीं हैं। इसी खाईं को मिटाने का प्रयास तहसील लालगंज के उपजिलाधिकारी व तहसीलदार कर रहे हैं। इसी के तहत गांवों में अदालतें लगाने की पहल की गई है। गांवों में होने वाले इस आयोजनों को ह्लआपका गांव, आपकी अदालतह्व नाम दिया गया है। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं तहसीलदार शिवम राठौर ने बताया कि जल्द ही गांवों में इन अदालतों का आयोजन शुरू हो जाएगा। जिस गांव में अदालत लगेगी, वहां से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई होगी। इन वादों से संबंधित गांव के सभी वादकारियों को पहले ही इसकी जानकारी दे दी जाएगी, ताकि वे मौके पर मौजूद रहे। गांव के बुजुर्गों और वरिष्ठजनों को खास तवज्जो दी जाएगी। किसी भी वाद के दोनों पक्ष को मौके पर सुना जाएगा। फिर वरिष्ठों, बुजुर्गों और विशिष्टजनों की मदद से निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त निर्देशन वाली पत्रावलियों एवं 3से 5 वर्ष से अधिक पुरानी पत्रावलियों को प्रमुखता से सुना जाएगा। उल्लेखनीय है कि नायब तहसीलदार, तहसीलदार व उपजिलाधिकारी के न्यायालय में 1500 मुकदमें विचाराधीन हैं। लालगंज में तहसीलदार न्यायालय, तहसीलदार न्यायिक, न्यायालय नायब तहसीलदार खीरों व नायब तहसीलदार सरेनी में तकरीबन 800 व न्यायालय उपजिलाधिकारी में करीब 400 मुकदमें विचाराधीन हैं। अधिवक्ताओं की हड़ताल तो कभी अन्य कारणों से मुकदमों की सुनवाई नहीं हो पाती। तारीख पर तारीख मिलती रहती है। इसके कारण मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। उपजिलाधिकारी व तहसीलदार का प्रयास सफल रहा तो न्यायालय के कंधों का भार भी कुछ कम होगा।उपजिलाधिकारी राजेश श्रीवास्तव व तहसीलदार शिवम राठौड़ ने बताया कि किस गांव से संबंधित कितने वाद लंबित हैं, इसका खाका खींचा जा रहा है। जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा।

जेईई एडवांस्ड 2026 में संशिक्षा अकादमी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

रायबरेली। संशिक्षा अकादमी ने एक बार फिर जेईई एडवांस्ड 2026 में उत्कृष्ट परिणाम देकर रायबरेली का गौरव बढ़ाया है। संस्थान के पाँच विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है, जिससे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा और सुदृढ़ हुई है। सफल विद्यार्थियों में कृष्णा यादव ने ऑल इंडिया रैंक 4800, जान्हवी वर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 6006, संस्कार अग्रहरी ने जनरल रैंक 7700 तथा ईडब्ल्यूएस रैंक 941, अक्षत कटियार ने ऑल इंडिया रैंक 10400 तथा आर्यन सिंह चैहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, समर्पण तथा संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। संशिक्षा अकादमी के निदेशक नीरज कुमार सोनी ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने इस उपलब्धि को अकादमी के सभी शिक्षकों और अभिभावकों को समर्पित करते हुए कहा कि संशिक्षा अकादमी निरंतर उत्कृष्ट परिणाम देने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अपने परिवार, जिले और संस्थान का नाम रोशन करेंगे।

अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे युवा सपा नेता आदर्श भारती, राहत सामग्री वितरित कर बंधाया ढांढस

महराजगंज रायबरेली। तहसील क्षेत्र के महराजपुर मजरे जनई गांव में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच रविवार को युवा समाजवादी नेता आदर्श भारती पहुंचे। इस अग्निकांड में आधा दर्जन से अधिक परिवारों के घरों का सामान जलकर खाक हो गया था, जिससे पीड़ित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था। पीड़ितों की स्थिति की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती के ज्येष्ठ पुत्र एवं युवा सपा नेता आदर्श भारती समाजवादी कार्यकताओं के साथ गांव पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने पीड़ितों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। आदर्श भारती ने कहा कि संकट की इस घड़ी में समाजवादी परिवार पीड़ितों के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ने पर आगे भी हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। राहत सामग्री मिलने से प्रभावित परिवारों ने राहत की सांस ली और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान सपा नेता अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू, फिरोज अहमद, समर बहादुर यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे। गांव में राहत सामग्री वितरण के दौरान लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना की।

मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

रायबरेली। माध्यमिक शिक्षा विभाग की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसद मंत्री डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। इसके पश्चात माध्यमिक शिक्षा विभाग की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 7 एवं इण्टरमीडिएट के 14 छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व रुपये 21 हजार का डमी चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के प्रदेश में 6वॉ स्थान प्राप्त करने वाली हाईस्कूल की तनु जायसवाल (96.83 प्रति0), प्रदेश में 08वॉ स्थान प्राप्त करने वाले सर्वेश कुमार मिश्रा (96.50 प्रति0) एवं अभिषी साहू (96.50 प्रति0) राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज जिन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है, उन्होंने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और लगन के बल पर न केवल अपना नाम रोशन किया है, बल्कि अपने माता-पिता, विद्यालय, शिक्षकों तथा पूरे जनपद का गौरव भी बढ़ाया है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके अथक परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने सम्मानित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। धन्यवाद ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह द्वारा किया गया।

जफरापुर में बनेगा पहला मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

सदर विधायक ने किया भूमि पूजन, प्री-प्राइमरी से इंटर तक आधुनिक शिक्षा

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार विकास खंड की जफरापुर ग्राम सभा में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूल के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। सोमवार दोपहर सदर

विधायक राज प्रसाद उपाध्याय और ग्राम प्रधान दिलीप वर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह विद्यालय लगभग 23 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से बनेगा और जनपद का पहला मॉडल कम्पोजिट विद्यालय होगा।इस परियोजना के लिए प्रथम किश्त के रूप में लगभग 11 करोड़ 72 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। विद्यालय में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा की व्यवस्था होगी। इसमें आधुनिक शिक्षण कक्ष, विशाल भवन, बाल वाटिका, सभागार, मिड-डे मील कक्ष और शिक्षकों के आवासीय भवन का भी निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि यह विद्यालय पूरे जनपद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जोर दिया कि इसके निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है और यह विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा का केंद्र बनेगा।ग्राम प्रधान दिलीप वर्मा ने विद्यालय की स्वीकृति के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न केवल जफरापुर ग्राम सभा बल्कि पूरे कूरेभार ब्लॉक के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रवींद्र मौर्य, बीडीओ कूरेभार श्रीकांत तिवारी, एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजमणि मौर्य, संदीप पांडेय, नीतीश अग्रहरी, कार्यदायी संस्था के कर्मचारी, क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहीं।इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं के चेहरे पर खुशी की झलक साफ देखी जा रही थी।कार्यक्रम का संचालन बीजेपी के बरिष्ठ नेता शशीकांत पांडये ने किया।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर। विकास के दावों के बीच आज भी कई गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसा ही मामला लम्भुआ तहसील क्षेत्र के ग्राम मझिलेगाव, पोस्ट सेमरी पुरुषोत्तमपुर, परगना मीरानपुर से सामने आया है, जहां लगभग 8 से 10 परिवार वर्षों से सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। गांव में पाठशाला और सामुदायिक भवन का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए आज भी केवल कच्चा रास्ता ही मौजूद है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में रास्ता पूरी तरह जलमग्न हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ती है। बच्चों को कीचड़ और पानी से होकर विद्यालय जाना पड़ता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। लम्भुआ तहसील में भी प्रार्थना पत्र देने के बावजूद राहत न मिलने पर ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पक्की सड़क बनवाने की मांग की है।

वार्ड बॉय जान मोहम्मद हुए सेवानिवृत्त

गोसाईगंज, सुलतानपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुदनापुर में 36 वर्षों तक सेवाएं देने वाले वार्ड बॉय जान मोहम्मद रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में सोमवार को अस्पताल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों व क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। जान मोहम्मद क्षेत्र में जान चच्चा के नाम से प्रसिद्ध हैं। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने मरीजों और तीमारदारों के साथ हमेशा आत्मीय एवं सहयोगात्मक व्यवहार किया। उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और कार्यनिष्ठा की सभी ने सराहना की। विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि जान मोहम्मद ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और सेवा भावना से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बावजूद उनकी पहचान और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक कूरेभार डॉ. शैलेश सिंह, पूर्व अधीक्षक डॉ. पंकज कुमार, डॉ. विनय पाल, फार्मासिस्ट आर.एन. मौर्य, हिमांशु, पूर्व प्रधान राम सुबरन वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा, प्रधान अशोक वर्मा, अजीत यादव सहित समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

कूरेभार में प्रधानों को प्रशासक बनाने पर सम्मान समारोह

सदर विधायक ने किया सम्मानित, मुख्यमंत्री को भेजा धन्यवाद प्रस्ताव

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार दोपहर बाद एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के राज्य सरकार के निर्णय के उपलक्ष्य में था। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने उपस्थित प्रधानों को अंगवस्त्र एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन भेजने का प्रस्ताव भी सौंपा गया। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) श्रीकांत तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो गया था। इसके बाद शासन स्तर से प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी।ब्लॉक

प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू ने इस अवसर पर कहा कि प्रधान गांव की विकास व्यवस्था की मजबूत कड़ी होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सभी मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति देंगे। सोनू ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए सभी प्रधानों को बधाई दी।मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाकर एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने इस निर्णय को गांवों के विकास को नई दिशा देने वाला बताया। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रधानों द्वारा सौंपा गया धन्यवाद प्रस्ताव वह स्वयं मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सभी प्रधान ईमानदारी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाएं तो यह समय ग्राम पंचायतों के लिए स्वर्णिम काल साबित हो सकता है।कार्यक्रम में एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह, राधेश्याम वर्मा, संदीप कुमार, हसन अली, विपिन कुमार, शिव शंकर यादव, राजकुमार यादव, राम चरन, राजेन्द्र कुमार पिंटू, दिनेश यादव, श्याम लाल वर्मा, राम सेवक विश्वकर्मा प्रदीप वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, अमर सिंह, अंजनी पांडये, सुभाष सिंह मिंटू, सूबेदार यादव, मिर्जा इकराम बेग, सुरेश कुमार कसौधन सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में चमके सुलतानपुर के खिलाड़ी, नेशनल के लिए किया क्वालीफाई

सुलतानपुर। सुल्तानपुर खेल एवं शिक्षा परिषद के कराटे खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सेवानिवृत्त जिला जज एवं बाल अधिकार एवं किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में परिषद के खिलाड़ी प्रियम धुरिया, अंशिका यादव, विवान कुमार, रेखा देवी एवं अर्पित निषाद ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मयंक शर्मा ने रजत पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाली नेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है। ये खिलाड़ी प्रशिक्षक के निर्देशन में मुंशी प्रेमचंद पार्क, सुलतानपुर में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सम्मान समारोह के दौरान परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, महासचिव शुभम धुरिया तथा कोषाध्यक्ष रेखा देवी को भी खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आर.पी. शुक्ला ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का मजबूत माध्यम हैं और सुल्तानपुर के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों को आगे भी हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन दिया जाएगा।

संक्षेप

चोरी के आरोप में दलित किशोरी को पेड़ से बांध कर पीटा

देवरिया। जिले में चोरी के आरोप में 14 वर्षीय दलित किशोरी को पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने सोमवार को बताया कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव निवासी हरिकेश गुप्ता (24) की किराने की दुकान है। आरोप है कि उसने दुकान में चोरी के संदेह में गांव की 14 वर्षीय किशोरी को पकड़ लिया।

ग्रामीणों के मुताबिक, गुप्ता ने किशोरी के बाल पकड़कर उसे पहले पूरे गांव में घुमाया और फिर अपने मकान के बाहर नीम के पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की। एक राहगीर ने घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार, घटना की सूचना मिलने पर तरकुलवा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और किशोरी को मुक्त कराया।

जनपद स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

जिला संवाददाता

देवरिया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सोमवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जनपद स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाटपाररानी विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. स्कंद शुक्ल मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल के 7 तथा इंटरमीडिएट के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किए जाने हेतु डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया। धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में प्रेषित की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है।

कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सुदीप पांडेय ने किया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यूपी बोर्ड की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने वाली छात्रा आराधना कुमारी को डीएम ने किया सम्मानित

देवरिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद का नाम रोशन करने वाली छात्रा आराधना कुमारी को सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया।

आराधना कुमारी, पुत्री/छात्रा मनोज कुमार, निवासी राघवनगर, देवरिया एवं जोनिया इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरिया की कक्षा 12 की छात्रा हैं, जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि उसकी सफलता जनपद के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

उज्ज्वल बने आईआईटी के नये सितारे

कुशीनगर। प्रतिभा जब परिश्रम और आत्मविश्वास से मिलती है तो सफलता की नई इबारत लिखती है। इसका ताजा उदाहरण कुशीनगर जनपद के कसया तहसील के होनहार छात्र उज्ज्वल तिवारी ने प्रस्तुत किया है। आईआईटी जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणाम में उज्ज्वल तिवारी ने ऑल इंडिया रैंक 853 प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।ग्राम प्रधान रानी तिवारी एवं विजय तिवारी के पुत्र उज्ज्वल ने यह सिद्ध कर दिया कि सपनों की ऊंचाई संसाधनों से नहीं, बल्कि संकल्प और मेहनत से तय होती है। परिणाम घोषित होते ही कसया से लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों तक खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा और घर उत्सव स्थल में बदल गया।उज्ज्वल की सफलता के पीछे वर्षों का अनुशासन, निरंतर अभ्यास और परिवार का अटूट विश्वास रहा। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने बड़े भाई एडवोकेट ऋषभ तिवारी के मार्गदर्शन, दादा रमाशंकर तिवारी के आशीर्वाद तथा बड़े पापा विनोद तिवारी, नवीन तिवारी, बड़े भाई ई. गौरव तिवारी, डॉ. वैभव तिवारी, ई. उत्कर्ष तिवारी और ई. उत्सव तिवारी को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया।उज्ज्वल की शैक्षणिक यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। कक्षा 6 से 10 तक की शिक्षा उन्होंने कसया स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने गोरखपुर के मोमेंटम कोचिंग संस्थान का रुख किया। वहीं से उन्होंने अपने सपनों को आकार देना शुरू किया और कठिन परिश्रम के दम पर देश के शीर्ष प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में स्थान बनाया।छह भाइयों में सबसे छोटे उज्ज्वल ने सफलता के बाद कहा, ₹मैंने कभी परिणाम के बारे में अधिक नहीं सोचा, मेरा पूरा ध्यान तैयारी और निरंतर सुधार पर था। मुझे अपने ऊपर विश्वास था कि मेहनत रंग लाएगी। परिवार, गुरुजनों और बड़े भाइयों का सहयोग मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा।

भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ की मासिक बैठक सम्पन्न

देवरिया । भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ की मासिक बैठक रामनाथ देवरिया स्थित एक निजी विद्यालय पर सम्पन्न हुई। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने

बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय संचालन में आ रही समस्या में मुख्य रूप से जिन विद्यालय को यू डायस कोड नहीं मिला है, उन विद्यालयों को बेसिक शिक्षा विभाग जल्द से जल्द यू डायस कोड आवंटित नहीं किया और प्रबंधकों को अनावश्यक परेशान किया तो वृहद आंदोलन होगा।यू डाइस कोड आवंटन हो जाने से बच्चों का नाम पोर्टल पर चढ़ जाएगा और पेन नंबर जनरेट हो जाएगा, जिससे बच्चों को अगले क्लास में नामांकन कराने में कोई असुविधा नहीं होगी।राष्ट्रीय महामंत्री राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि यू डायस पोर्टल पर हर तरह का संशोधन करने का विकल्प विद्यालय को दिया जाए, ताकि विद्यालय अनावश्यक रूप से परेशान न हो। राष्ट्रीय संयोजक अभय कुमार निगम ने कहा कि विद्यालय संचालन में आ रही वाहन समस्या का निस्तारण सुगम और शीघ्र हो। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मणि ने कहा कि विद्यालय संचालन में आ रही हर तरह की समस्या का समाधान बेसिक शिक्षा विभाग प्रमुखता के साथ करें, ताकि विद्यालय के प्रबंधकों को अनावश्यक रूप से परेशान ना होना पड़े। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बागेश्वरी मिश्र व राष्ट्रीय संगठन मंत्री धनंजय नाथ त्रिपाठी ने कहा कि प्राइवेट विद्यालय सीमित संसाधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, फिर भी शासनझ्र प्रशासन प्राइवेट विद्यालयों को आवश्यक रूप से मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है।

बैठक में मुख्य रूप से रविशंकर निगम, के के तिवारी, विवेकानंद मिश्र, रामाश्रय यादव, विवेकानंद पाण्डेय, वैद्यनाथ यादव, रमेश मिश्र, दिग्विजय नाथ, जितेंद्र सिंह, हरेराम सिंह व रणजीत सिंह सहित तमाम प्रबंधक मौजूद रहे।

प्रोबेशन विभाग की योजनाओं की डीएम ने की गहन समीक्षा

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सभी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोबेशन विभाग की योजनाएं महिलाओं, बच्चों, निराश्रितों, पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के कल्याण से सीधे जुड़ी हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों एवं किशोरियों के बीच सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकित कराया जाए। इसके लिए अभिभावकों को विद्यालयों में उपलब्ध निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा, सुरक्षा, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें यह भी बताया जाए कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बालिकाओं के जीवन स्तर, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं भविष्य की संभावनाओं में सकारात्मक परिवर्तन आता है। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, घरेलू हिंसा से संबंधित प्रकरणों, कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी योजनाओं में अपेक्षित सुधार लाने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा लाभार्थियों को योजनाओं से शीघ्र आच्छादित किए जाने के निर्देश दिए।वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने वहां आश्रय प्राप्त करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए उपलब्ध आवासीय क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने घरेलू हिंसा सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार पोस्टर, बैनर, जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं अन्य माध्यमों से किए जाने पर विशेष बल दिया। साथ ही निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं का थाना-वार डाटा रखा जाए, जिससे योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समीक्षा सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. सावित्री राय, मीनू जायसवाल, नीतू भारती, बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, अमित उपाध्याय सहित प्रोबेशन विभाग, बाल संरक्षण इकाई एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

भटनी, देवरिया। थाना क्षेत्र के वीरसिंहपुर गांव निवासी एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं की गई है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार वीरसिंहपुर निवासी महंत यादव (43) गत 14 मई को आवश्यक कार्य से शिव बनकटा गए थे। लौटते समय परसौनी गांव के सामने शारदा माता मंदिर के पास पीछे से आ रही वाहन संख्या वढ52उट6071 ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया।परिजनों के अनुसार देवरिया से उन्हें गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। बाद में उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया, जहां 20 मई को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया।मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी) एवं 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनका कहना है कि पुलिस की ढिलाई के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहा है। परिजनों ने शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।उधर, क्षेत्र में भी पुलिस के इस रवैये को लेकर चर्चा है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि गंभीर मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी में देरी क्यों हो रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

श्री हरिहर महायज्ञ का शुभारंभ, भक्तिमय हुआ फाजिलनगर

कुशीनगर। फाजिलनगर कस्बे के ब्रह्मबाबा स्थान हरैया परिसर में आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री हरिहर महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को 1101 महिलाओं की सहभागिता से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हाथी-घोड़ों,

गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोषों के बीच निकली यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। यज्ञाचार्य आनन्द भारद्वाज ने विधि-विधान से कलशों का पूजन कराने के बाद ब्रह्मबाबा स्थान से कलश यात्रा को रवाना किया। पीत वस्त्र धारण किए महिलाओं का जत्था हाथी-घोड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ यज्ञ स्थल से धनौजी मोड़, चमन चौराहा, बाबू बाजार और मुख्य बाजार होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते मल्लूडीह स्थित घांघी नदी पहुंचा। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल लौटे। ब्रह्मबाबा स्थान पहुंचने पर विद्वानों द्वारा वैदिक रीति से पूजन-अर्चन कर कलशों की स्थापना कराई गई। यात्रा के दौरान भगवा एवं पीतवस्त्रधारी महिलाओं की लंबी कतार और गूंजते धार्मिक नारों ने श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। आयोजकों के अनुसार महायज्ञ का आयोजन 1 जून से 9 जून तक चलेगा। प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शाम 7 बजे से 11 बजे तक कथा प्रवचन होगा, जबकि रात्रि में रामलीला का मंचन किया जाएगा। कलश यात्रा में नगर पंचायत फाजिलनगर की अध्यक्ष सुनीता शाही ब्रह्म कुमार सूरज, जटाधारी सिंह, राजेश जायसवाल, रीतेश जायसवाल, शिवनाथ ठाकुर, मनोज श्रीवास्तव, रामशीष सिंह, रामबिलास सिंह तथा राजकिशोर राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गुरु ने सौंपी गद्दी, सिधुआ पीठ के उत्तराधिकारी बने राजनाथ, आज वार्षिकोत्सव में जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

कुशीनगर। पडरौना नगर सीमा से सटे प्राचीन एवं आस्था के केंद्र सिधुआ स्थान मे सोमवार को आध्यात्मिक परंपरा, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वैदिक

- वैदिक मंत्रों के बीच और संतों के सानिध्य में सिधुआ स्थान को मिला नया उत्तराधिकारी

मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और संत-महात्माओं के जयघोष के बीच महंत राजनाथ जी को सिधुआ स्थान का उत्तराधिकारी महंत घोषित कर विधिवत गद्दी पर आसीन कराया गया। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

समारोह में विभिन्न मठों एवं मंदिरों से आए महंतों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ उत्तराधिकार की

रस्म पूरी की गई। सिधुआ स्थान के वर्तमान महंत योगेश्वरनाथ ने अपने पुत्र राजनाथ को चादर ओढ़ाकर एवं आशीर्वाद देकर गद्दी पर विराजमान कराया। उपस्थित संत-महात्माओं ने तिलक लगाकर अंगवस्त्र भेंट किया और उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक नेतृत्व की कामना की।

उत्साह के साथ मनाया जाता है बाबा सिद्धनाथ का वार्षिकोत्सव

बतादे कि सिधुआ स्थान लंबे समय से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां प्रतिवर्ष 2 जून को बाबा सिद्धनाथ का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार एक दिन पूर्व अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। महंत योगेश्वरनाथ ने बताया कि 2 जून को बाबा सिद्धनाथ जी का वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान बगही कुटी के विशम्भर दास महाराज, अयोध्या के बालकदास महाराज, पत्थलेश्वरनाथ स्थान के महंत सतेंद्रगिरी, राम जानकी मंदिर कसया के रामनयन दास रामायणी के महंत रामबालक दास त्यागी, महंत दीपकनाथ , श्री दास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा ने नये महंथ को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपा के वरिष्ठ संगठनकर्ता नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को राष्ट्रीय दायित्व

कुशीनगर। बिहार झारखंड के भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। उनके नए दायित्व को संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठा, समर्पण और कुशल कार्यशैली का सम्मान बताया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एक समर्पित, अनुशासित और संगठन के प्रति पूर्णतः समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने वर्षों तक भाजपा और राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया है। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकताओं से निरंतर संवाद स्थापित करने की शैली का लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को मिलेगा। यह नियुक्ति न केवल उनके लिए बल्कि पूर्वांचल और भाजपा परिवार के लिए भी गर्व का विषय है।ग्राम प्रधान मनोज पाण्डेय ने कहा कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी की पहचान एक सरल, सौम्य और कर्मठ संगठनकर्ता के रूप में रही है। उन्होंने संगठन के विस्तार और कार्यकताओं के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी सौंपना उनकी कार्यकुशलता और समर्पण की बड़ी पहचान है। पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं आरएसएस के प्रचारक रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, बरिष्ठ अधिवक्ता अजय पांडेय, भाजपा जिला मंत्री कन्हैया शर्मा, चौरा मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, उपाध्यक्ष विनोद पांडेय, अनिल जायसवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध में माकपा ने दिया ज्ञापन

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली कानून 2025 में बदलाव कर बिजली विभाग का निजीकरण करने और स्मार्ट- प्रिपेड मीटर लगाकर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) कुशीनगर जिला कमेटी ने किया राष्ट्रपति को ज्ञापन अधीक्षण अभियंता विद्युत को सौंप कर 300 यूनिट बिजली फ्री करने की मांग की।सोमवार को सौंपे ज्ञापन में माकपा जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर को बिजली देना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है।बिजली को निजी हाथों में देना और इसे घाटे- मुनाफे के आधार पर चलाना बिजली कानून 2025 की मूल भावना के खिलाफ है। श्री श्रीवास्तव ने आगे कहा कि उप्र सरकार उत्तरांचल और दक्षिणांचल में बांटकर बिजली वितरण का निजीकरण कर रही है। स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं से मनमाना और कई गुना बिल वसूला जा रहा है, जिससे आम जनता, किसान और गरीब पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है। माकपा ने चेताया कि अगर सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाएगी। नेताओं ने बिजली का निजीकरण तुरंत रोकने और हड़ताल/विरोध की स्थिति में इसे लागू न करने, स्मार्ट और प्रिपेड मीटर की योजना पूरी तरह रद्द की जाए। प्रत्येक घर को 300 यूनिट बिजली प्रतिमाह मुफ्त दी जाए। बिजली कटौती तत्काल बंद कर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी संविदा/आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थाई किया जाए और बिजली विभाग में खाली पदों पर तत्काल भर्ती की जाए। इस दौरान बीपी गुप्ता, मु० इद्रीश, जवाहर शर्मा, मंगल प्रसाद, नंदा सिंह, रामलाल प्रसाद, राजेन्द्र सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारियों मौजूद रहे।

कविता, गीत, गजल और हास्य के रंगों से सजी अग्रहार की 207 वीं कविगोष्ठी, कवियों ने बांधा समां

जिला संवाददाता

कुशीनगर। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अग्रहार की 207वीं कविगोष्ठी गायत्री दीप, फाजिलनगर में काव्य रसधारा के बीच संपन्न हुई। कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर तथा बिहार से आए कवियों और कवयित्रियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं को देर तक मंत्रमुग्ध किए रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ गोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. सुधाकर तिवारी, मुख्य अतिथि ओम्-प्रकाश द्विवेदी ह्यओम्ह्ल तथा अग्रहार के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय ह्यमन्नूह्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। हरेंद्र पाण्डेय ह्यआदर्शह्ल ने गणेश वंदना तथा प्रार्थना राय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गोष्ठी संयोजक अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय ह्यमन्नूह्ल ने अपने स्वागत गीत ह्लकर के कृपा हमारी कुटिया में श्रीमान पधारेह्व के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद काव्य पाठ का सिलसिला शुरू हुआ। सत्यप्रकाश शुक्ल ह्यबाबाह्ल की ओजपूर्ण रचना ह्लजब आग जलती हो हृदय, कैसे लिखूं श्रृंगार परह्व ने श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। क्षमा श्रीवास्तव ने ह्लतिरंगा शान है मेरी, तिरंगा जान है मेरीह्व सुनाकर देशभक्ति की भावना जगाई, जबकि रंजीता श्रीवास्तव की भावपूर्ण प्रस्तुति ह्लबन पीर धरा मैं सहती हूं, होंठों से कुछ न कहती हूंह्व ने सभी को भावुक कर दिया। भोजपुरी गीत एवं गजल के चर्चित कवि सुभाष ह्यसंगीतह्ल की लहरदार रचनाओं पर श्रोता खूब झूमे। नथुनी राय ह्यव्यथितह्ल ने अपनी लोकधर्मी रचना से तालियां बटोरीं, वहीं संतोष संगम की ओजस्वी प्रस्तुति ह्लअब किसी के लिए कोई मरता नहींह्व को खूब सराहना मिली। ब्रजेश त्रिपाठी और नन्द लाल कांतिपति की रचनाओं ने भी श्रोताओं का भरपूर स्नेह पाया।

हास्य कवि ह्यअवधूह्ल ने अपने चिर-परिचित अंदाज में हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुति देकर खूब ठहाके बटोरे। पार्वती गौरा की ह्यमाईह्ल पर आधारित मार्मिक कविता ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वरिष्ठ कवि बागेश्वरी प्रसाद मिश्र ह्यबागीशह्ल की भोजपुरी प्रस्तुति ह्लआजु के दिन हमरो वियाह भइल बाह्व पर सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा। इसके अतिरिक्त आकाश महेशपुरी, मदन मोहन पाण्डेय, सुजीत पाण्डेय, सुरेन्द्र गोपाल, हरेश राय ह्यबेदर्दीह्ल, दीप राज दीपक, राणा प्रताप सिंह, भूपेन्द्र राय ह्यगंवारह्ल तथा अभिनीत मिश्र ने भी अपनी-अपनी रचनाओं से कविगोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की।

सिलेंडर पहुंचा, जेब कटी! कुशीनगर में गैस वितरण के नाम पर लाखों की अतिरिक्त वसूली

कुशीनगर। जिले में घरेलू गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूली किए जाने को लेकर शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर के निर्धारित मूल्य 987.50 रुपये होने के बावजूद गैस एजेंसियों द्वारा प्रति सिलेंडर 1010 रुपये वसूल जा रहे हैं। यानी हर सिलेंडर पर 22 रुपये 50 पैसा अतिरिक्त लिया जा रहा है जब इसके पीछे के पूरा गणित पर गौर करेगें तो मामला लाखों रुपये की कथित अवैध कमाई तक पहुंच जाता है।जानकारों के मुताबिक एक ट्रक में लगभग 400 घरेलू गैस सिलेंडर आते हैं। इनमें से करीब 300 सिलेंडरों का वितरण किया जाता है। इस हिसाब से यदि प्रति सिलेंडर साढे बाइस रुपये अतिरिक्त वसूले जाएं, तो एक ट्रक से लगभग 6750 रुपये की अतिरिक्त रकम वसूल की जा रही है। इसी तरह यदि महीने में औसतन 25 ट्रक आते हैं और करीब 10 हजार के सापेक्ष 8 हजार सिलेंडरों का वितरण होता है, तो गणित के अनुसार हर महीने लगभग 1.80 लाख रुपये की अतिरिक्त वसूली उपभोक्ताओं से की जा रही है।

किसानों से निर्धारित प्रक्रिया से खरीद की अपील

देवरिया। जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन-2026 के दौरान किसानों को समय से एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद के 1003 निजी क्षेत्र के फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर 12,586 मीट्रिक टन यूरिया, 2,805 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3,001 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध हैं। वहीं 168 सहकारी क्षेत्र के फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर 3,412 मीट्रिक टन यूरिया, 625 मीट्रिक टन डीएपी एवं 741 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों को वितरण हेतु उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जनपद के सहकारी एवं निजी क्षेत्र के बफर गोदामों में 3,325 मीट्रिक टन यूरिया, 3,444 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3,692 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध हैं। इन उर्वरकों का मांग के अनुरूप फुटकर विक्रय केंद्रों पर लगातार प्रेषण किया जा रहा है।

वेंटिलेटर पर युद्ध विराम

अमरीका और ईरान के बीच वैसे तो युद्धविराम अब भी है लेकिन बीते कई दिनों से हर दिन युद्ध विराम टूट रहा है। शांति वार्ता जिसे लेकर पाकिस्तान बहुत उचक रहा था उसका फिलहाल कोई अता-पता नहीं। युद्ध विराम हर दिन टूट रहा है और अब तो ऐसा लगता है कि न ट्रंप और न ही ईरान युद्ध विराम को लेकर गंभीर हैं। इससे स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का सिलसिला जारी रहेगा और अभी तक इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि होर्मुज स्ट्रेट का अवरोध कब तक खुलेगा ताकि तेल और गैस का अबाध प्रवाह शुरू हो सके। दुनिया के कच्चे तेल का करीब 20 फीसदी हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से गुजरता है। 28 फरवरी को लड़ाई शुरू होने के बाद उस इलाके से बहुत कम तेल गुजर सका है और इसके चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं। तेल कीमतों में इजाफा दुनिया के अधिकांश हिस्सों में कठिनाई पैदा कर रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। काफी देरी के बाद सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पंप पर तेल कीमतों में इजाफा शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज इजाफा होने पर सरकार को हमेशा इस दुविधा का सामना करना पड़ता है कि वह बढ़ी हुई कीमत का

भार झेले या उसे उपभोक्ताओं पर डाल दे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बुधवार को एक विश्लेषणात्मक पोस्ट प्रस्तुत की जिसमें कुछ नीतिगत संकेत हैं। आईएमएफ ने सही कहा है कि कोई भी एक समान समाधान सभी पर लागू नहीं होता। पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का प्रभाव ऊर्जा पर निर्भरता, बाजार संरचना और राजकोषीय क्षमता सहित कई कारकों पर निर्भर करता है। ऊर्जा की लगातार ऊंची बनी कीमतें आम परिवारों की क्रय शक्ति को प्रभावित कर सकती हैं और व्यवसायों पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि यदि सरकार की प्रतिक्रिया सावधानीपूर्वक तैयार नहीं की गई तो यह महंगी और उलझनभरी साबित हो सकती है। इसलिए राजकोषीय प्रतिक्रिया अस्थायी, उचित समय पर और लक्षित होनी चाहिए। यह भी सुझाव दिया गया है कि घरेलू ऊर्जा कीमतों को लागत के हिसाब से रहने दिया जाये। कमजोर परिवारों को अस्थायी और लक्षित सहायता दी जा सकती है, जबकि सक्षम छोटे व्यवसायों को मूल्य नियंत्रण के बजाय नकदी संबंधी उपायों के माध्यम से सहारा दिया जा सकता है। भारत में सरकार ने व्यवसायों को समर्थन देने के लिए ऋण गारंटी योजना की घोषणा की है। इसके साथ ही एयरलाइंस के लिए विशेष व्यवस्था भी की है। हालांकि उसने घरेलू कीमतों को अंतरराष्ट्रीय लागत को परिलक्षित करने की अनुमति नहीं दी है। उसने विशेष उत्पाद शुल्क घटा दिया है जिससे बजट पर सीधा असर पड़ेगा। अभी हाल तक ऐसी खबरें आ रही थीं कि तेल विपणन कंपनियां प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये की अंडर रिकवरी का सामना कर रही थीं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो बार मामूली बढ़ोतरी किए जाने के बाद यह अंडररिकवरी कुछ कम हुई है। लेकिन अभी और कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि अंततः तेल कंपनियों का घाटा सरकार की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा। कमजोर परिवारों को सहारा देने के सुझाव को भारतीय संदर्भ में लागू करना कठिन है क्योंकि लक्षित करने में मुश्किल आएगी। यह आंकना कठिन होगा कि किसी परिवार पर कितना असर पड़ा है और यह आसानी से राजनीतिक मुद्दा बना सकता है। उदाहरण के लिए सरकार 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देती है जिसे उचित ठहराना मुश्किल है। इसके अलावा सरकार किसानों की रक्षा कर रही है और तर्कसंगत रूप से उपभोक्ताओं की भी क्योंकि उसने उर्वरक कीमतों को समायोजित करने की अनुमति नहीं दी है। कुल मिलाकर स्थिति को संभालने के लिए कोई आसान समाधान नजर नहीं आ रहा है। फिर भी सरकार को अधिक मूल्य समायोजन की अनुमति देनी होगी क्योंकि स्थिति और बिगड़ सकती है। जहां तक युद्ध और इसके प्रभाव की बात है, तो यह लंबा खिंच सकता है और देश को लंबे समय तक इसकी तकलीफ बर्दास्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

आर्थिक और भू-राजनीतिक साझेदारी की राह

अरविन्द जयतिलक

भारत की राजधानी नई दिल्ली में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के समूह क्वॉड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) के विदेश मंत्रियों की बैठक संपन्न हो गयी। समूह देशों ने बैठक में होर्मुज संकट और उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के साथ आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की। सदस्य देशों ने अपने साझा बयान में 'मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत' पर प्रतिबद्धता जताते हुए इस क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों की निगरानी के लिए तकनीक और क्षमताएं साझा करने की शानदार पहल की है। इसे इंडो-पैसिफिक मैरिटाइम सर्विसलांस कोऑपरेशन इनिशिएटिव नाम दिया है।

इसके जरिए हिंद महासागर और प्रशांत क्षेत्र में जहाजों और समुद्री सुरक्षा की आसानी से निगाह बानी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि दुनिया के लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार का रास्ता हिंद-प्रशांत क्षेत्र से होकर गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र की निगाहबानी क्वॉड समूह के लिए आवश्यक है। समूह के सदस्य देशों ने अहम खनिजों मसलन क्रिटिकल रेयर अर्थ मिरल्स के लिए साझा फ्रेमवर्क तैयार किया है। किसी से छिपा नहीं है कि हर इलेक्ट्रॉनिक्स और उच्च उत्पादों के लिए आवश्यक रेयर अर्थ मिनरल्स की 90 प्रतिशत आपूर्ति चीन से होती है। लेकिन अब समूह देशों ने इस मामले में चीन के दबदबे की तोड़ निकाल ली है। समूह देशों के इस पहल से चीन की बेचैनी बढ़ गई है और उसने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छोटे गुट के जरिए टकराव न न पैदा किया जाए। यह पहली बार नहीं है जब क्वॉड समूह की बैठक को लेकर चीन की बौखलाहट बढ़ी है। गत वर्ष पहले अमेरिका के डेलवेयर के विलमिंगटन में क्वॉड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) देशों का ऐतिहासिक सालाना लीडर्स समिट संपन्न हुआ तब भी चीन भन्नाया हुआ था। तब सदस्य देशों ने अपने साझा बयान में दक्षिण चीन सागर का जिक्र करते हुए दो टूक कहा था कि 'हम पूर्वी दक्षिण चीन सागर के हालात को लेकर चिंतित हैं और सभी को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना चाहिए।' सच्चाई भी यही है कि

> चीन क्वॉड देशों की मौजूदा गोलबंदी को समझ रहा है इसीलिए वह इन देशों की भू-संप्रभुता व सामुद्रिक सीमा का लगातार अतिक्रमण कर रहा। दरअसल उसकी मंशा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, आस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान की भूमिका को सीमित कर अपने प्रभाव का विस्तार करना है। उसे भय है कि अगर इस क्षेत्र में इन देशों की निकटता बढ़ी तो परिस्थितियां उसके प्रतिकूल हो सकती हैं।

इस क्षेत्र की संप्रभुता को मिल रही चुनौती के लिए एकमात्र चीन जिम्मेदार है। उसके द्वारा निर्मित इस परिस्थिति से निपटने के लिए ही क्वॉड जैसे संगठन की जरुरत महसूस की गई। याद होगा 2007 में भारतीय संसद को संबोधित करते हुए जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने स्पष्ट रुप से कहा था कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा। उनकी दूरदर्शी सोच और परिकल्पना ही आगे चलकर क्वॉड के गठन का आधार बनी। गौर करें तो क्वॉड के गठनकाल से ही चीन की बेचैनी बढ़ी हुई है। उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

क्वॉड मीटिंग

वह क्वाड को एक उभरता हुआ 'एशियाई नाटो' के तौर पर देख रहा है। वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी। समझना होगा कि क्वॉड के सदस्य देश अपने पहले वर्चुअल सम्मेलन के दौरान ही चीन को अपने हद में रहने की सलाह दे चुके हैं। तब अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा था कि आस्टेजलिया के साथ चीन की आक्रामकता, जापान के सेनकाकू द्वीपों के आसपास उत्पीड़न और भारत के साथ सीमा पर तनातनी को लेकर अमेरिका किसी भ्रम में नहीं है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हर परिस्थितियों से निपटने को तैयार है। याद होगा गत वर्ष इसी क्षेत्र में अमेरिका समेत 13 देशों ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' (आईपीईएफ) व्यापारिक समझौते को आकार देकर चीन की बढ़ती दादागीरी और धौंसबाजी पर निर्णायक लगाम लगाने की कवायद की थी। चीन की इस हरकत से सभी देश परेशान है। दूसरी ओर वह इस इलाके में सुरक्षा बेड़ा खड़ा कर अन्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। ऐसे में उस पर नकेल कसना बेहद जरुरी हो गया है। अच्छी बात है कि इस क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच सहमति बनती जा रही है। सभी देश सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल कर चीन की हरकतों पर लगाम कसने को तैयार हैं। द्वीपीय देशों का भारत के साथ आने से चीन की बेचैनी और छटपटाहट और बढ़ेगी। लेकिन जिस तरह से हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश चीन के खिलाफ मोर्चा बना रहे हैं उससे स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में अब चीन की दादागीरी नहीं चलने वाली है। चीन के खिलाफ यह पहल इसलिए भी आवश्यक है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है।

मौजूदा समय में यह क्षेत्र भू-राजनीतिक व सामरिक रुप से वैश्विक शक्तियों के मध्य रण का क्षेत्र बना हुआ है। इस क्षेत्र की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के तकरीबन एक तिहाई से ज्यादा है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 60 फीसदी और विश्व व्यापार का 75 फीसदी कारोबार इसी क्षेत्र से होता है। देखें तो इस क्षेत्र में अवस्थित बंदरगाह विश्व के व्यस्ततम बंदरगाहों में शुमार हैं। यह क्षेत्र इसलिए भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि यहां उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले क्षेत्रीय व्यापार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। किसी से छिपा नहीं है कि यह क्षेत्र उर्जा व्यापार के लिहाज से भी इस क्षेत्र के देशों के लिए अति संवेदनशील है। ऐसे में इस क्षेत्र को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के लिए ही क्वाड के अलावा 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' और 'भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग' जैसे नए-नए गठजोड़ आकार ले रहे हैं। तथ्य यह भी कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'मुक्त एवं स्वतंत्र' क्षेत्र बनाने के लिए अमेरिका भारत-जापान संबंधों के महत्व को सार्वजनिक रुप से स्वीकार चुका है तथा साथ ही अमेरिका के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र की नीति सर्वोच्च प्राथमिकता में है। दो राय नहीं कि विगत दशकों में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के मंच पर चीन की विशिष्ट पहचान बनी है और वह आर्थिक सुधारों के जरिए विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। लेकिन अब वह जिस आक्रामक तरीके से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी दखलदांजी बढ़ा रहा है उससे अमेरिका, भारत, आस्टेजलिया, जापान के अलावा इस क्षेत्र से जुड़े अन्य देशों का चिंतित होना लाजिमी है।

चीन इन देशों की मौजूदा गोलबंदी को समझ रहा है इसीलिए वह इन देशों की भू-संप्रभुता व सामुद्रिक सीमा का लगातार अतिक्रमण कर रहा है। दरअसल उसकी मंशा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, आस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान की भूमिका को सीमित कर अपने प्रभाव का विस्तार करना है। उसे भय है कि अगर इस क्षेत्र में इन देशों की निकटता बढ़ी तो परिस्थितियां उसके प्रतिकूल हो सकती है। इसलिए और भी कि जापान 'एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग' संगठन में भारत की सदस्यता का लगातार वकालत कर रहा है। चीन अच्छी तरह जानता है कि अगर भारत इस संगठन का सदस्य बनता है तो उसकी मनमानी और विस्तारवादी नीति पर लगाम लग सकता है। बहरहाल क्वॉड देशों की बैठक बेहद सफल रही और उम्मीद किया जाना चाहिए कि सदस्य देशों के बीच आर्थिक और सामरिक-रणनीतिक साझेदारी बढ़ेगी।

सोशल मीडिया

काम का पैमाना यह है कि मुल्क में कितने ऐसे लोग हैं जिनकी आंखों से आंसू बहते हैं और उसमें कितने के आंसू हमने पोछे हैं। कितने लोगों के आंसू हमने कम किये हैं। प्रियंका गांधी.

डबल इंजन सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान, पुनर्वास, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ अपना कार्य कर रही है। सीएम योगी.

सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती सुमन कल्याणपुर जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है, उनका अवसान भारतीय संगीत एवं कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। जेपी नड्डा.

दिनोंदिन गंभीर होता जा रहा वैश्विक जल संकट

सामयिक

लोकमित्र

पानी की कमी से दुनियाभर के समुदायों के स्वास्थ्य और विकास को खतरा है, हमें इस बात को गंभीरता से समझना होगा- जो बाइडेन पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति। पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति की यह चिंता जायज है, मगर सवाल है क्या इस चिंता के लिए वे अपने देश को भी जिम्मेदार ठहराएंगे या इसके लिए बरती जाने वाली किफायत के दायरे में अपने देश को भी लाएंगे? ऐसा कभी नहीं होगा। जबकि हकीकत यह है कि दुनिया के मौजूदा जल संकट में सबसे बड़ी भूमिका दुनिया के विकसित और अमीर देशों की है, जिनमें अमरीका सबसे आगे है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं। जहां अफ्रीका के करीब 27 देशों में वहां के लोगों को औसतन प्रतिदिन 10 लीटर भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, वहीं औसतन अमरीकी नागरिक प्रतिदिन 100 गैलन यानी 350 लीटर पानी का इस्तेमाल करता है। यह स्थिति तो तब है, जब पिछले एक दशक में अमरीकियों के पानी के इस्तेमाल में कुछ कमी आयी है वरना 90 के दशक में और इस सदी के शुरूआती दशक में भी औसतन अमरीकी 400 लीटर पानी प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे। आज भी एक अमरीकी परिवार हर दिन औसतन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है यानी करीब हर दिन 1800 लीटर।

क्या पानी के इतने गैर जिम्मेदारी से इस्तेमाल के बावजूद अमरीकी राष्ट्रपति या वहां के किसी भी नेता को विश्व जल संकट पर इस कदर रस्मी आंसू बहाने की छूट होनी चाहिए? लेकिन आज की दुनिया की हकीकत यही है। दरअसल इंसान इतना चतुर हो गया है कि वह समस्याओं पर दिन-रात लंबे चौड़े खाके तो खींचता है, लेकिन इन परेशानियों को खत्म करने के लिए अपनी निजी भूमिका जरा भी नहीं अदा करता। ये लगभग वैसा ही है जैसे कि हर हिंदुस्तानी यह तो चाहता है कि भगत सिंह जैसे कुर्बानी की भावना से भरे राष्ट्रभक्त युवा हों, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भगत सिंह हमारे घर में पैदा हों। हम चाहते हैं, भगत सिंह पैदा तो हों, लेकिन पड़ोस में। दुनिया की ज्यादातर वैश्विक समस्याओं और उनके लिए खूब हाय-तौबा मचाए जाने का पूरा का पूरा रवैय्या कुछ इसी तरह का है। आज विश्व जल दिवस है (22 मार्च 2024)। पूरी दुनिया में जल संकट पर खूब रस्मी भाषण होंगे, चिंताएं व्यक्त की जाएंगी और सावधानियां सुझाई जाएंगी। लेकिन कोई ऐसा करने वाले दुनिया के बड़े बड़े नेताओं से पूछे कि वे यह सब उपदेश किसके लिए दे रहे हैं, क्या उन्हें या उनके देश को इन सब बातों पर खुद अमल नहीं करना चाहिए? अपने यहां तुलसीदास जी ने सदियों पहले लिख दिया है, 'पर उपदेश, कुशल बहुतेरे...।' दुनिया की किसी भी समस्या को लेकर आज इसी किस्म के पर उपदेश खूब दिए जा रहे हैं, लेकिन स्वयं उन पर अमल करना किसी को पसंद नहीं है। अगर जरा भी चिंता होती तो अमरीका और अफ्रीका में पीने के पानी को लेकर इस तरह का विकराल भेद नहीं होता कि एक अफ्रीकी परिवार को तो एक दिन में 5 गैलन पानी भी उपलब्ध न हो और एक अमरीकी परिवार हर दिन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करे? दरअसल दुनिया के एक नहीं ज्यादातर संकटों की यही कहानी है। एक अमरीकी हर दिन औसतन 8.2 मिनट नहाता है और लगभग 18 गैलन पानी खर्च कर देता है। 2005 में तो नहाने में औसतन अमरीकी 22 गैलन पानी खर्च किया करते थे, जबकि अमरीकियों की तुलना में दुनिया के दूसरे अमीर और विकसित देश, जो यह मानकर चलते हैं कि धरती के ज्यादातर संसाधनों का मनमानी से इस्तेमाल करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, ऐसे पश्चिमी देश भी अमरीका की मनमानी के सामने शरमा जाते हैं। क्योंकि जहां एक अमरीकी हर दिन करीब 100 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है, वहीं एक अंग्रेज बेचारा हर दिन महज 150 लीटर पानी से ही संतोष कर लेता है और एक जर्मन हर दिन 126 लीटर पानी कम से कम इस्तेमाल करता है। जबकि इन दिनों भारत के महानगरों में हर व्यक्ति के लिए औसतन प्रतिदिन महज 10 लीटर पीने का पानी उपलब्ध है और बंग्लुरु तथा चेन्नई जैसे जल संकट से घिरे महानगरों में आम लोगों को हर दिन पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। यह अकारण नहीं है कि इन दिनों बंग्लुरु के प्रशासन ने छोटे बच्चों के ही नहीं, बड़े शिक्षण संस्थानों को भी पानी के संकट के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया है और कई बड़ी कंपनियां जल संकट से घिरे होने के कारण अपने कर्मचारियों से वर्क फ्राम होम करने के लिए कह रहे हैं।

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
-गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
-शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
-गौतम बुद्ध.

ईश्वर की श्रेष्ठ कृति

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

अंतर्दृष्टि

संस्कारों की सीख

व्यंग्यलोक

पिताजी से मुझे संस्कार मिले थे। उन्होंने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।

पूरन सरमा

आपकी बात

शिक्षा को प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश स रकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है ले किन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

रघुवीर यादव, लखनऊ.

बढ़ता अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

अशोक कुमार वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

ललितपुर। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में पंचायत सहायकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायतों में डिजिटल, प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और मानदेय नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में पंचायत सहायकों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने, सेवा सुरक्षा प्रदान करने, महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश की सुविधा देने, ग्राम पंचायत अधिकारियों के रिक्त पदों पर पंचायत सहायकों को प्राथमिकता देने तथा अन्य लंबित समस्याओं का निराकरण शामिल है। यूनियन ने मुख्यमंत्री से पंचायत सहायकों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पंचायत सहायक कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर यूनियन के जिलाध्यक्ष संदीप झा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

गाजीपुर में धर्मांतरण की सूचना पर मुकदमा दर्ज

फतेहपुर। थाना गाजीपुर क्षेत्र में मिली धर्मांतरण संबंधी सूचना पर स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर छानबीन की। प्रारम्भिक जांच में यह सामने आया कि एक व्यक्ति स्थानीय स्तर पर इकट्ठा होकर ईसाई धर्म से जुड़े भजनों और प्रार्थनाओं का आयोजन कर रहा था तथा उसी संदर्भ में लोगों को भजन पढ़ने और प्रार्थना कराए जा रहे थे। इलाके में यह कार्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित होने की सूचना मिली है और मौके से ईसाई धर्म से संबंधित भजनों का एक संग्रह भी बरामद हुआ है। जांच में सामने आए तथ्यमौके पर जो व्यक्ति उपस्थित मिला, उसने बताया कि उसका पुत्र किसी बीमारी से पीड़ित था। उसे अस्पताल में बताए गए भजनों को पढ़ने की सलाह दी गई थी। आरोपी का कहना है कि भजन पढ़ने के बाद उसके पुत्र की तबियत में सुधार हुआ, जिसके बाद उसने यह अनुभव दूसरों के साथ साझा किया और आसपास के कुछ लोग भी उसी में रुचि लेने लगे। घटना स्थल से मिली भजन-समग्री और उपस्थित लोगों के बयानों की कॉपी तथा अन्य साक्ष्य संकलित किए गए हैं और मामले की गहन पड़ताल जारी है। कानूनी कार्रवाई और विवेचनाघटना कीसंवेदनशीलता और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर थाना गाजीपुर में संबंधित धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मौके पर मिले साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिया है। उपस्थित लोगों तथा आयोजक के सम्बंधों, कार्यक्रम के स्वरूप और किसी प्रकार के प्रतिपोषण प्रलोभनदबाव के सुराग की तलाश की जा रही है। जांच के दौरान मिले बयानों और वस्तु-प्रमाणों के आधार पर आवश्यक कानूनी धाराओं में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

करंट से तीन गायों की मौत

बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजुर्नाह फीडर से जुड़े सौता गांव की ओर जाने वाली एचटी लाइन से सुबह तीन अन्ना गायों की करंट लगने से मौत हो गई। एचटी लाइन का तार जमीन से महज 5 से 6 फुट की दूरी में लटक रहा है। इससे आए दिन नंगे तारो में दौड़ रही बिजली की चपेट में आने से जानवरों की मौत हो जाती है।

पूर्व में भी कई अन्ना गौवंशो की मौत हो चुकी है इतने बड़े पैमाने पर गायों की मौत के बाद भी प्रशासन हरकत में नहीं आया। ग्रामीण अजीत अवस्थी का कहना है कि पिछले साल इसी बिजली की लाइन के आपस में टकराने की वजह से मेरे खेतों में आग लग चुकी है और भारी नुकसान भी हो चुका है।

नहीं बहाल हो सकी कई फीडर की बिजली आपूर्ति

बांदा। जिले में बीते दिनों आए तेज आंधी ने व्यापक तबाही मचाई थी। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर बिजली के खंभे धराशायी हो गए जो आज तक सही नहीं कराए जा सके है। सोमवार तक तुलसीनगर पावर हाउस, जारी फीडर, खुरहंड उपकेंद्र से जुड़े नगनेधी फीडर के करीब 10 से अधिक गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी।

मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह

जिला संवाददाता

ललितपुर। वर्ष 2026 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद में सर्वोच्च 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि वितरण एवं सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन की उपस्थिति रही। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री मंत्रीयोगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों व छात्र छात्राओं ने देखा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सभी मेधावी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विद्यार्थियों को नवाचार से जोड़ने के लिए नए नए आयामों से जोड़ा है, डिजिटल लायब्रेरी, विद्यालयों का कायाकल्प, पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्युदय योजना, स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण इनके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बच्चे सोशल मीडिया पर कम से कम समय दें और समाचार पत्र व मैगजीन आदि को पढ़ें, समाज, देश दुनिया, अपनी संस्कृति और विरासत की जानकारी रखें। इससे बच्चों का बौद्धिक ज्ञान बढ़ेगा। अपने आप पर विश्वास रखें और लगन से अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करें। उन्होंने छात्र छात्राओं के भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन भी किया और मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व प्रोत्साहन धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इसी प्रकार ललितपुर की आन बान और शान बरकरार रखना है, बेटियों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा, ऐसे ही शिक्षित होकर माता पिता, गांव जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन कीजिए। तन, मन व लगन से परिश्रम करें और अपना लक्ष्य हासिल करें। सदर विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट के बाद ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना है, आज से ही अपने लक्ष्य को निर्देशित करें। अभिभावक भी बच्चों के साथ मेहनत करें।

- जिले के हाईस्कूल के 10 व इण्टरमीडिएट के 11 मेधावियों का प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर किया गया सम्मान

जिला प्रशासन यह देखे कि धन के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। एमएलसी रमा निरंजन एवं एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी व नगर पालिका अध्यक्षा ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए विद्यार्थियों को लगन व मेहनत से लक्ष्य को पाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में छात्राओं ने जनपद से लेकर प्रदेश स्तर तक अच्छा प्रदर्शन किया है, इसके लिए सभी अभिभावकों का धन्यवाद है कि उन्होंने बेटा और बेटी में फर्क न करते हुए बेटियों को पढ़ने का पूरा मौका दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आपने अच्छा प्रदर्शन किया है परन्तु कभी भी अपने में ऑवर कॉन्फिडेंस नहीं आना चाहिए, आपको निरंतर मेहनत करना है, कभी भी अपने आप को कम नहीं समझना है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें, अगर बच्चा गलती कर रहा है तो आपका व्यवहार अच्छा होना चाहिए ताकि बच्चा अपनी तकलीफ आपको बता सके। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी सोशल मीडिया का सही दिशा में उपयोग करें, किसी भी अनजान फाइल को डाउनलोड न करें, इससे आपके साथ साईबर फ्रॉड हो सकता है। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि आज हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में जिले के प्रथम स्थान पाने वाले कुल 21 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है, जिसमें हाईस्कूल के 10 व इण्टरमीडिएट के 11 छात्र-छात्राएं शामिल हैं, इन्हें 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया है। इन छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल से अमित, मोहिनी पटेल, अभय पटेल, शिवांश, नंदनी, मोनिका सिंह, रोशनी, रोनक कुशवाहा, राधिका, शिवांस कुमार यादव और इण्टरमीडिएट से माधव सिंह, सतीश, वैष्णवी तिवारी, नव्या त्रिपाटी, यश झां, आकृति तिवारी, सतवेंद्र, कनक, आलोक सिंह, प्रिंस कुशवाहा, वलकी सेन शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, जिले विद्यालय निरीक्षण ओपी सिंह, प्रधानाचार्य, रा0इ0का0 ललितपुर सुरेन्द्र कुमार एवं राजकीय हाईस्कूल दावनी कोमल सिंह नरवरिया अन्य संबंधित अधिकारी व मेधावी छात्र छात्राएं, प्रधानाचार्य व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

प्रेमी की हत्या, पति-पत्नी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

फतेहपुर। थाना बकेवर क्षेत्र के निवासी विजय निषाद आयु जानकारी प्राप्त की जा रही है अपने घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गुमशुदगी की प्राथमिक जांच शुरू की गई। गहन विवेचना में मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन ट्रेसिंग से पुलिस टीम को ठोस सुराग मिले, जिसके चलते मामला हत्या में तब्दील हो गया। पुलिस ने आरोपियों के रूप में हमीरपुर निवासी कामता और उसकी पत्नी किरन देवी को नामजद किया है और दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना का खुलासागुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद परिजनों द्वारा मोबाइल कॉल डिटेल व संपर्कों की पड़ताल कराई गई, जिस पर मृतक की हमीरपुर निवासी एक महिला के साथ लगातार बात-विचार होने का पता चला। मोबाइल लोकेशन व सूचनाओं के आधार पर जांच टीम को मृतक की मोटरसाइकिल घाटमपुर, कानपुर क्षेत्र से बरामद हुई।

प्राप्त शिकायत व तकनीकी साक्ष्यों के आलोक में परिजनों ने थाना बकेवर पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि कामता व उसकी पत्नी किरन देवी ने विजय को अपने यहाँ बुलाकर उसकी हत्या कर शव छिपा दिया है। पुलिस पूछताछ एवं बरामदगीविवेचना के दौरान पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया को विजय उनके घर आया था और पूर्व नियोजित योजना के तहत दोनों पति-पत्नी ने उसकी हत्या कर दी। आरोप है कि हत्या के बाद कामता ने मोटरसाइकिल को अलग स्थान पर छोड़ दिया तथा शव व मोबाइल फोन को कानपुर जिले के जंगल में ले जाकर आग लगा कर नष्ट करने का प्रयास किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने संबंधित स्थानों से राख, नरकंकाल, कपड़े व जूते सहित अन्य अवशेष बरामद किए। मृतक के परिजनों ने इन्हें देखकर पहचान की है। मृत्यु की अंतिम पुष्टिकरण हेतु बरामद अवशेषों पर डीएनए परीक्षण कराया जा रहा है; रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई बढ़ाई जाएगी। रिश्तों व घटनाक्रम की पृष्ठभूमिजांच में यह तथ्य भी सामने आया कि मृतक और अभियुक्ता किरन देवी के मध्य कुछ समय से प्रेम संबंध थे।

करीब चार माह पूर्व कामता सूरत में कार्यरत था; उसी दौरान किरन और मृतक के बीच संबंध बन गए थे। कामता के वापस आने के बाद मृतक द्वारा किरन से संपर्क और मिलने का प्रयास जारी रहा, जिससे नाराज होकर दोनों ने यह कदम उठाने की साजिश रची पुलिस के मुताबिक यही घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। डिजिटल साक्ष्यअभियुक्तों के मोबाइल फॉरेन्सिक जांच में यह भी पाया गया कि घटना से संबंधित, हत्या के मामलों में दंड, कारावास व फांसी की सजा तथा महिला आरोपियों के केसों संबंधी जानकारियां इंटरनेट व यूट्यूब पर खोजी गई थीं। यह सामग्री जांच के लिए संकलित कर ली गई है और मुकदमे के दौरान सुसंगत साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की जाएगी। पुलिस का कहना पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिकथाना बकेवर व जिला पुलिस ने घटनास्थल व टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर त्वरित और गहन जांच कर के मामले का सफल अनावरण किया है। आरोपियों की निशानदेही पर बरामद सामग्री व कॉल-डिटेल से घटना की हकीकत सामने आई है। बरामद मृतक अवशेषों की डीएनए रिपोर्ट का इंतजार है।

रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक धाराओं में आरोप तय कर त्वरित न्याय दिलाने में पुलिस पूरा सहयोग देगी। जनता से अनुरोध है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी जानकारी के लिए थाने से सम्पर्क करें। ₹आगे की कार्रवाईडीएनए व पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के पश्चात अभियोजन के लिए केस भरा जाएगा। घटना संबंधी और भी शामिल आरोपियों की संभावित भूमिका की जांच जारी है, तथा मोबाइल व डिजिटल फुटप्रिंट की मदद से अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं।

जेब काटकर 27 हजार रुपये चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना जखौरा पुलिस ने जेब काटकर रुपये चोरी करने की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 15,570 रुपये, एक मोबाइल फोन तथा एक प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जखौरा पुलिस ने यह सफलता हासिल की। पुलिस ने थाना जखौरा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 145/2026, धारा 303(2) एवं 317(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त राजेन्द्र सिंह उर्फ हल्के राजा (46 वर्ष) निवासी ग्राम मवई, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब काटकर 27 हजार रुपये चोरी कर लिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन विशेष टीमें गठित कीं। जांच के दौरान पुलिस ने कई किलोमीटर के दायरे में लगे लगभग 200 से 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही सर्विलांस और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 27 मई 2026 को वह मोटरसाइकिल से अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। रास्ते में उसे एक बुजुर्ग व्यक्ति मिले, जिन्हें उसने अपनी बाइक पर बैठा लिया। बातचीत के दौरान उसे पता चला कि बुजुर्ग के पास 27 हजार रुपये हैं। लालच में आकर उसने उन्हें ईंट भट्टे के लिए मिट्टी दिखाने के बहाने ग्राम गुलैंदा के पास खेत की ओर ले गया और मौका पाकर उनकी कुर्ते की जेब से रुपये चोरी कर लिए। बाद में वह अपने रिश्तेदार के घर चला गया। चोरी की रकम में से कुछ रुपये खर्च हो गए, जबकि शेष रकम पुलिस ने बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ हल्के राजा का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध महोबा जनपद के श्रीनगर थाने में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15,570 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और एक प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैश के नेतृत्व में जखौरा पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

केन नदी और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को सौंपा मांग पत्र

बांदा। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए.एस. नोमानी ने कलक्टेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को सौंपा है।

सोमवार को दिए ज्ञापन में अध्यक्ष ने कहा कि जनपद बांदा एवं बुंदेलखंड क्षेत्र में संचालित अवैध खनन व खनन पर तत्काल प्रभाव से 10 साल के लिए रोक लगाई जाए। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। केन नदी, यमुना नदी, क्षेत्र की अन्य नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने को विशेष संरक्षण अभियान चलाया जाए। खनन प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरणीय क्षति का स्वतंत्र सर्वेक्षण कराकर पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की कार्ययोजना लागू की जाए। बुंदेलखंड में वृक्षारोपण अभियान चलाकर कटे हुए जंगलों की भरपाई की जाए। वायु प्रदूषण की निगरानी को बांदा सहित प्रमुख नगरों में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए जाएं। तालाबों, झीलों, कुओं एवं अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए विशेष बजट आवंटित किया जाए। केन नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों के तटीय क्षेत्रों में अवैध कब्जों और अतिक्रमण को हटाया जाए। बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए विशेष जल, जंगल और पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए। भीषण गर्मी एवं जल संकट से निपटने के लिए दीर्घकालिक जल संरक्षण योजना लागू की जाए। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जन संगठनों, विशेषज्ञों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। खनन, प्रदूषण एवं पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए। बुंदेलखंड को पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर विशेष संरक्षण नीति लागू की जाए। बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी तालाबों, झीलों एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर उनका संरक्षण, पुनर्जीवन, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिले और क्षेत्र में बढ़ते जल संकट का स्थायी समाधान हो सके। उनके साथ संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इनामी गैंगस्टर जाखलौन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

जिला संवाददाता

ललितपुर। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी पुलिस टीम ने सोमवार तड़के जाखलौन रेलवे स्टेशन से 15 हजार रुपये के इनामी और गैंगस्टर एक्ट के वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी के निर्देशन में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा चोरी एवं लूट की संपत्ति की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

- रेलवे यात्रियों के मोबाइल और कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य निकला आरोपी

इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी के निकट पर्यवेक्षण एवं जीआरपी के थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार तड़के करीब 2.30 बजे रेलवे स्टेशन जाखलौन के मुख्य द्वार के बाहर बनी रैम्प के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत वार्ड नं. 6 तालाबपुरा निवासी अनीश पुत्र सत्तार के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध जीआरपी ललितपुर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वह 19 सितंबर 2025 से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाता था। गिरोह के सदस्य भीड़भाड़ और यात्रा के दौरान यात्रियों के मोबाइल फोन, नकदी एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे।

आरोपी के खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं और वह रेलवे क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों में शामिल रहा है। जीआरपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें रेलवे यात्रियों के सामान चोरी करने के मामले शामिल हैं। उसके खिलाफ दर्ज प्रमुख मुकदमे हैं, जिनमें अपराध संख्या 200/2023, धारा 380/411 भादवि, थाना जीआरपी ललितपुर, अपराध संख्या 94/2024, धारा 305(बी)/317(2) बीएनएस, थाना जीआरपी ललितपुर, अपराध संख्या 118/2025, धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम, थाना जीआरपी ललितपुर शामिल हैं। इनामी अपराधी की गिरफ्तारी में जीआरपी ललितपुर की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल भगवान सिंह तथा हेड कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों का हुआ सम्मान

बांदा। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को महर्षि बामदेव सभागार कलेक्ट्रेट में 21 हजार रुपये की सांकेतिक चेक, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर उनके अभिभावकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ने लोकभवन लखनऊ से की। प्रदेश स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त करने वाले जनपद के पंचमुखी इ०का० बघेलाबारी के छात्र अनिल कुमार को भी टैबलेट, 10 हजार रुपये की सांकेतिक चेक, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर लखनऊ में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार पटेल, चेयरमैन मालती बासू, सीडीओ अजय कुमार पांडेय, एडीएम मायाशंकर, एएसपी शिवराज ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के विद्यार्थी नैन्सी कश्यप, दीपा सिंह, प्राची सिंह, सपना, विकास सोनकर, आशुतोष, राधिका गुप्ता, अर्पित गुप्ता, अनामिका पटेल, ललित पाल, अंकिता मिश्रा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले इंटरमीडिएट के विद्यार्थी अनिरूद्ध, वैशाली, प्रशान्त अवस्थी, प्रान्शी गुप्ता, प्रांजलि गुप्ता, श्रीकान्त, शिखा देवी, पंकज सिंह, प्रतिभा अग्निहोत्री, अनुज कुमार, आशुतोष तिवारी, मीनाक्षी पटेल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार ने आये हुये अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

विधायक ने शहर में किया जनसंपर्क, अनथुवा में भूमि पूजन

बांदा। शहर के वार्ड संख्या आठ बंगालीपुरा में जनसंपर्क कर समस्याओं का विधायक प्रकाश द्विवेदी ने स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम अनथुआ में 26.38 करोड़ की लागत से सड़क चैड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। सोमवार को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसंवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए जनसमस्याओं के निराकरण, विकास कार्यों को गति प्रदान की। सुबह शहर के वार्ड संख्या आठ बंगालीपुरा में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ भ्रमण कर पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जल निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। मोहल्लेवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के अतिशीघ्र, प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया। लोगों को सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पत्रक वितरित किए। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अनथुआ में देवरार-अनथुआ मार्ग के चैड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग 2638.63 लाख (26.38 करोड़) की लागत से निर्मित होने वाली यह सड़क परियोजना क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत राजीव रंजन, उपखंड अधिकारी विद्युत वैभव शुक्ला, अवर अभियंता विद्युत साकेत सचान, अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, आशुतोष मिश्रा, पुष्कर द्विवेदी, प्रतिनिधि रजत सेठ, सभासद योगेंद्र योगी, मनीष त्रिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष बिसंडा विनय कुशवाहा, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रिहाई से पहले कोमा में कैदी, मेडिकल कॉलेज रेफर

बांदा। मंडल कारागार में पॉक्सो एक्ट के तहत बंद एक कैदी की रिहाई से ठीक पहले तबीयत बिगड़ गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान वह कोमा में चला गया। मंडल कारागार में 25 वर्षीय नीतीश पाल पॉक्सो एक्ट के मामले में बंद था। अदालत से जमानत मिलने के बाद उसकी रिहाई की प्रक्रिया चल रही थी। परिजन जेल गेट के बाहर उसका इंतजार कर रहे थे। सोमवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जेल प्रशासन का कहना है कि नीतीश पाल को मिर्गी जैसा दौरा पड़ा, जिससे वह जमीन पर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। उसे जेल चिकित्सक की देखरेख में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मेडिकल कॉलेज के रिकॉर्ड के अनुसार, नीतीश पाल को सुबह करीब 11:20 बजे उपचार के लिए भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। घटना के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि यदि कैदी की तबीयत पहले से खराब थी तो समय रहते उचित उपचार क्यों नहीं कराया गया। जेल अधीक्षक आलोक ने बताया कि कैदी को अचानक दौरा पड़ा था। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। फिलहाल, मेडिकल कॉलेज में नीतीश पाल का उपचार जारी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

मृत श्रमिकों के परिजनों से मंत्री ने की मुलाकात

बांदा। राष्ट्रीय अध्यक्ष, निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डा. संजय कुमार निषाद ने जनपद हमीरपुर में निमार्णाधीन फ्लाइओवर का स्लैब ढह जाने की घटना में मृत श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधायासोमवार को मंत्री निषाद ग्राम चिल्ला पहुंचकर स्व. कुलदीप निषाद, स्व. लोकेंद्र निषाद के आवास पर गए। शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि मत्स्य विभाग की संचालित प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत विशेष कैम्प लगाकर ग्राम के सभी मछुआ समाज के लोगों का बीमा कराया जाए, ता

संक्षेप

छोटी यात्राएं पसंद कर रही है जेन जेड पीढ़ी

नई दिल्ली। भारत की जेन जेड पीढ़ी यात्रा के पारंपरिक तौर-तरीकों को बदल रही है। साल में एक लंबी छुट्टी के बजाय, अब यह पीढ़ी अपनी पसंद और अचानक बनने वाले प्लान के अनुसार यात्राओं को तरजीह दे रही है। एयरबीएनबी की नई रिपोर्ट नेवर द सेमः द न्यू रूल्स ऑफ जेन जेड ट्रेवल इन इंडिया के अनुसार, जेन जेड के लिए यात्रा केवल घूमने-फिरने का साधन नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन चुकी है। जेन जेड के लिए यात्रा जितनी नई जगहों और अनुभवों को खोजने का माध्यम है, उतनी ही खुद को अभिव्यक्त करने का भी जरिया है। यही बात उन्हें सबसे अधिक सोच-समझकर और उद्देश्यपूर्ण तरीके से यात्रा करने वाला यात्री वर्ग बनाती है। इस पीढ़ी की खासियत यह नहीं है कि वे कितनी बार यात्रा करते हैं, बल्कि यह है कि वे यात्रा क्यों करते हैंताकि वे खुद को और बेहतर ढंग से महसूस कर सकें। एयरबीएनबी पर हम देख रहे हैं कि इस पीढ़ी के लिए यात्रा उनके जीवन के सबसे व्यक्तिगत फैसलों में से एक बन गई है।

पियाजियो व्हीकल्स और एसबीआई ने की साझेदारी

पुणे। पियाजिओ ग्रुप की सहायक कंपनी पियाजिओ व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) को भारत में अग्रणी छोटे कमर्शियल वाहन निमार्ता के रूप में जाना जाता है। हाल ही में पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने एक महत्त्वपूर्ण समझौता किया है। पीवीपीएल ने देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के लखनऊ सर्कल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ये मुख्यमंत्री युवा योजना का लाभ उठाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 1.5 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। राज्य के युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए आसान वित्तीय सहायता और वाहन उपलब्ध कराने में यह साझेदारी बेहद मददगार साबित होगी। यह रणनीतिक साझेदारी से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

सीएनएच जारी की नयी कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नयी गाइड

नई दिल्ली। क्लाइमेट नैरेटिव हब (सीएनएच) ने कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई गाइड जारी की है। यह गाइड उन लोगों के लिए है जो मानव-वन्यजीव से जुड़ी कहानियों को कवर करते हैं। आमतौर पर ऐसी रिपोर्टिंग में मृत्यु या हमलों जैसे संघर्ष के पहलुओं पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, लेकिन यह गाइड बताती है कि ऐसा नजरिया अक्सर यह समझने में कमी छोड़ देता है कि इंसान और वन्यजीव एक ही स्थान पर कैसे साथ रहते हैं। नेटवर्क फॉर कंजर्विंग सेंट्रल इंडिया, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी इंडिया, को-एक्सिस्टेंस कंसोर्टियम, द कॉर्बेट फाउंडेशन, विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी और द नेचर कंजर्वेंसी इंडिया सहित कई संगठनों के साथ मिलकर तैयार की गई यह गाइड रिपोर्टर्स को अपनी कहानी कहने के तरीके को और व्यापक बनाने के लिए प्रेरित करती है। इसमें बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीछे के कारणों को समझने पर जोर दिया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर फिक्की फ्लो आयोजित करेगा पैनल चर्चा

नई दिल्ली। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित फिक्की फेडरेशन हाउस में एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में विचारशील नेताओं, नवप्रवर्तकों, नीति-निमार्ताओं, उद्यमियों तथा परिवर्तनकारी व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाकर स्थिरता, जलवायु कार्रवाई, सर्कुलर इकोनॉमी और जिम्मेदार विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद किया जाएगा। यह पैनल चर्चा फ्लो ग्रीनटेक एवं सर्कुलर इकोनॉमी राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा सतत विकास, जलवायु-संवेदनशील व्यावसायिक प्रथाओं और विस्तार योग्य हरित समाधानों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि यह चर्चा हरित नवाचार, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु लचीलापन, सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल, सतत गतिशीलता और जिम्मेदार उद्यमिता जैसे विषयों पर विविध दृष्टिकोणों को एक साथ लायेगी।

सेंसेक्स 508 अंक फिसला

मुंबई। अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 508.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 75,367.93 अंक के ऊपरी और 74,203.68 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। इस तरह सेंसेक्स में ।,164.25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 165.15 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। इसके उलट टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। शेयर बाजार में गिरावट का यह लगातार चौथा सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,221.62 अंक यानी 2.90 प्रतिशत और निफ्टी में 649.1 अंक यानी 2.70 प्रतिशत की गिरावट आई है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड 3.34 प्रतिशत बढ़कर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है और इसे लेकर बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है। अमेरिका ने ईरान के रडार एवं ड्रोन प्रतिष्ठानों पर बम बरसाने की बात कही जबकि ईरान ने कुवैत पर हमला करने का दावा किया। इन घटनाओं से दोनों पक्षों के बीच घोषित संघर्ष विराम पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। हाल के अमेरिकी हमलों और इजरायल-लेबनान तनाव से बाजार पर दबाव बना है। हालांकि, निवेशक निकट भविष्य में कूटनीतिक समाधान की उम्मीद भी कर रहे हैं। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.44 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में ऊर्जा खंड में सर्वाधिक 2.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.44 प्रतिशत, उपयोगिता खंड में 2.12 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 2.11 प्रतिशत की कमजोरी रही।

आज रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.93 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान यह 94.73 के ऊपरी एवं 95.03 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 94.95 प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप के बीच 73 पैसे मजबूत होकर 94.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वैश्विक तनाव एक बार फिर बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। अगर शांति वार्ता आगे बढ़ती रहती है तो रुपये में बड़ी गिरावट की आशंका कम हो सकती है। उनके अनुसार, निकट भविष्य में डॉलर-रुपये की विनिमय दर 94.60 से 95.30 के दायरे में रह सकती है। कारोबारियों के अनुसार, अब बाजार की नजर तीन से पांच जून के बीच होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति पांच जून को अपने निर्णयों की घोषणा करेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत बढ़कर 99.04 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.47 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 94.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 508.40 अंक टूटकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 165.15 अंक की गिरावट के साथ 23,382.60 अंक पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 21,105.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को किया हासिल

नयी दिल्ली। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सरकार ने बीते वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

गत वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा पहले 15,68,936 करोड़ रुपये अनुमानित था। इसे बाद में संशोधित कर 15,58,492 करोड़ रुपये कर दिया गया था जैसा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में संसद में प्रस्तुत किया था। सीजीए के आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने 33.42 लाख करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया जो संशोधित बजट अनुमान (आरई) का 98.8 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार का कुल व्यय 49.64 लाख करोड़ रुपये रहा जो आरई का 98.8 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत था।

देश में बिजली खपत 11.55 प्रतिशत बढ़ी



नयी दिल्ली। देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली खपत मई में सालाना आधार पर 11.55 प्रतिशत बढ़कर 164.98 अरब यूनिट रही। गर्मी से बचने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली खपत बढ़ी है।

आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। गर्मी के कारण पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर 270.82 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर ।,000 मेगावाट) पर पहुंच गई, जो मई, 2025 में 230.99 गीगावाट रही थी। इस वर्ष मई में लगातार चार दिन तक बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड उच्चस्तर पर रही। बिजली की अधिकतम मांग 18 मई को रिकॉर्ड 257.37 गीगावाट, 19 मई को 260.45 गीगावाट, 20 मई को 265.44 गीगावाट और 21 मई को 270.82 गीगावाट रही। बिजली की अधिकतम मांग 25 अप्रैल को रिकॉर्ड 256.11 गीगावाट (256.11 गीगावाट) पर पहुंच गई थी। इससे पहले, मई, 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्च स्तर पर रही थी। बिजली मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2026 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। पिछली गर्मियों में, जून, 2025 में बिजली की अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट (277 गीगावाट) के अनुमान से कम थी। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस वर्ष भीषण गर्मी का अनुमान जताया है। इससे बिजली की मांग और खपत बनी रहेगी।

ब्रिटेन के इस्पात, कार्बन कर नियमों पर भारत करेगा चर्चा

नयी दिल्ली। ब्रिटेन के नए इस्पात आयात नियमों और कार्बन कर व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भारत और ब्रिटेन इस सप्ताह चर्चा करेंगे। ये मुद्दे दोनों देशों के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की राह में अड़चन बन गए हैं।

सूत्रों ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर काइल की दो जून को होने वाली भारत यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है। काइल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक में शिरकत करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इन मुद्दों का हल नहीं निकलने तक व्यापार समझौते को पूरी तरह लागू कर पाना मुश्किल होगा। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। ब्रिटेन एक जुलाई, 2026 से इस्पात आयात पर सख्ती करने जा रहा है। वह शुल्क-मुक्त इस्पात आयात की सीमा 60 प्रतिशत तक घटाएगा। इस सीमा से ज्यादा आयात करने पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगेगा। यह उपाय उन इस्पात उत्पादों के आयात पर लागू होगा, जिनका उत्पादन ब्रिटेन में भी किया जा सकता है। इसके अलावा, ब्रिटेन 2027 से कार्बन कर व्यवस्था लागू करने की तैयारी में भी है।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 4.9 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि अप्रैल में सालाना आधार पर घटकर 4.9 प्रतिशत रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि कम रही है।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह आधार वर्ष में संशोधन कर 2022-23 किये जाने के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि अप्रैल, 2025 में 5.7 प्रतिशत रही थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अप्रैल, 2026 के लिए चार क्षेत्रों... खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली और गैस आपूर्ति, जल आपूर्ति, दूषित जल और अपशिष्ट प्रबंधन... की वृद्धि दर क्रमशः (-) 5.1 प्रतिशत, 6.2 प्रतिशत, 4.9 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत रही। बयान में कहा गया है कि आईआईपी 118.9 रहने का अनुमान है जो अप्रैल, 2025 में 113.1 था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। वस्तुओं की संशोधित सूची में ।,042 उत्पाद शामिल हैं।

एलन क्लासरूम के स्टूडेंट अनवेश पटेल ने पाये एआईआर-68

लखनऊ। आईआईटी रुड़की की ओर से जारी जेईई एडवांस्ड 2026 के रिजल्ट्स में एलन लखनऊ स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन लखनऊ के क्लासरूम स्टूडेंट अनवेश पटेल ने ऑल इंडिया रैंक-68 प्राप्त कर लखनऊ टॉप किया है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही एलन में खुशियों के ढोल बज गए। शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और मुंह मीठा करवाया। अकेडमिक हेड विनोद शर्मा ने बताया कि एलन बेहतर रिजल्ट्स के लिए जाना जाता है और अपनी इसी पहचान को कायम रखते हुए एलन ने लखनऊ में भी श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं। संस्था के पहले द्विवार्षिक बैच में ही ऑल इंडिया बेहतर रैंक प्राप्त की है। अनवेश पटेल के साथ शशांक ने एआईआर-455 तथा अविशि पांडे ने एआईआर 1246 प्राप्त की है। एलन के ये परिणाम लखनऊ के विद्यार्थियों और अभिभावकों को परिलक्षित करता है।

टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया एनिथिंग फॉर एनिथिंग एक्सचेंज फेस्टिवल

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपने वार्षिक एक्सचेंज कैंपेन एनिथिंग फॉर एनिथिंग (एएफए) की वापसी की घोषणा की है। यह ब्रांड की सबसे बड़ी उपभोक्ता-केंद्रित रिटेल पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य देशभर के घरों के लिए किचन अपग्रेड को आसान, स्मार्ट और अधिक फायदेमंद बनाना है। इस अभियान के तहत ग्राहक किसी भी ब्रांड के और किसी भी हालत में पुराने, इस्तेमाल किए गए या खराब किचन उपकरण और बर्तनों को एक्सचेंज कर प्रेस्टीज के नए और आधुनिक उत्पाद आकर्षक ऑफर्स के साथ खरीद सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा और आसान उपलब्धता के साथ आधुनिक किचन समाधान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

छावनी परिषद लखनऊ विद्यालय में मेधावी छात्र और छात्राओं को साइकिल वितरण

लखनऊ। छावनी परिषद लखनऊ द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यायल आर. ए बाजार के प्रागंण में बोर्ड परीक्षाओं (दसवीं और बारहवी) में प्रथम, द्वितीय व ततीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओ को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमोद शर्मा द्वारा साइकिल वितरित की गयी।

कार्यक्रम में छावनी परिषद लखनऊ रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने विद्यर्थियों को साइकिल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शूभकामनाएं दी, उन्होने कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है और मेधावी विद्यर्थियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणा श्रोत होता है इस प्रकार के प्रोत्साहन से विद्यर्थियों में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यर्थियों में उमा, पारूल सिंह, मानसी यादव मोहित सिंह, रेहान अली, मयंक चौरसिया, साई ओम, वर्तिका, कु छाया सामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप से सुरेश चन्द्र तिवारी पूर्व विधायक, अभिषेक राठौर मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी' परिषद, योगेश दीक्षित फिल्म ' डायरेक्टर, डा. रंजीता शर्मा पूर्व पार्षद छावनी परिषद, प्रधानाचार्य साधना सिंह के साथ सभी विद्यालय के समस्त शिक्षक व एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी शामिल रहे।

पेज एक का शेष

पुलिस पर

संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। इसके लिए आपराधिक मामलों की विवेचना 60 से 90 दिनों में पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ई-साक्ष्य के माध्यम से डिजिटल एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण, प्रमाणीकरण व न्यायालय में प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जा रहा है। मार्च 2026 तक 10.93 लाख पंजीकृत एफआईआर के सापेक्ष 10.65 लाख डिजिटल साक्ष्य आईडी सृजित की गई हैं तथा 6.07 लाख एफआईआर को उनसे सफलतापूर्वक लिंक किया जा चुका है। वहीं पहली दिसंबर 2024 से पिछली 22 मई तक पुलिस द्वारा कुल 4,96,506 ई-समन भेजे गए हैं।

उन्होंने कहा कि अपराधियों के प्रति सरकार की जीरो टालरेंस की नीति को और प्रभावी बनाकर काम किया जाएगा। संगठित अपराधियों, माफियाओं एवं उनसे जुड़े सफेदपोश अपराधियों के विरुद्ध रणनीतिक, वित्तीय और तकनीक-आधारित कार्रवाई को और सुदृढ़ किया जाएगा।

अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों, बेनामी निवेश, शेल कंपनियों, हवाला नेटवर्क, फर्जी लेन-देन और अन्य वित्तीय माध्यमों की गहन जांच कर उनके आर्थिक स्त्रोतों की पहचान की जाएगी। इसके लिए आर्थिक अपराध शाखा, साइबर क्राइम इकाईयों तथा अन्य विशेषीकृत एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर वित्तीय ट्रेल की वैज्ञानिक विवेचना की जाएगी। पुलिस का लक्ष्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके आर्थिक साम्राज्य, संरक्षक तंत्र और सहयोगी नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने गाजीपुर में होटल व्यवसायी के बेटे की हत्या को गंभीर मामला बताते हुए कहा कि आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी ने गिनाई उपलब्धियां : ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत 93 प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि दर प्राप्त की गई। कुल 32,071 मामलों में न्यायालयों द्वारा निर्णय दिया गया, जिनमें 29,911 मामलों में दोष सिद्धि हुई। इन मामलों में 42,681 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 5,684 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा लगभग 788.38 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त की गईं।

भारत-ओमान

आंतरिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, समझौता एक जून, 2026 से प्रभावी हो गया। समझौते के लागू होने के अवसर पर, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से कृषि और रत्न एवं आभूषण उत्पादों की लगभग 10 खेप तरजीही दरों के तहत खाड़ी देश को भेजी गईं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा भारत के 99.38 प्रतिशत निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से, यह समझौता हमारे निर्यातकों और पेशेवरों के लिए नए अवसर खोलता है। ओमान हमारा भरोसेमंद साझेदार है और खाड़ी देशों तथा पूर्वी अफ्रीका का प्रवेश द्वार है।

उन्होंने कहा कि श्रम-प्रधान क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाकर, यह समझौता रोजगार सृजन में सहयोग देगा, निवेश को बढ़ावा देगा और भारतीय उद्यमों को उन देशों के आपूर्तिकर्ताओं के साथ समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाएगा जिन्हें तरजीही बाजार पहुंच प्राप्त है।

भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में 11.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 10.61 अरब डॉलर था।

मंत्री ने कहा कि इस समझौते से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), विनिर्माण और रोजगार को उल्लेखनीय गति मिलने की उम्मीद है। इससे रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और औषधि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। श्रम-प्रधान वस्तुओं पर पहले ओमान में पांच प्रतिशत आयात शुल्क लगता था। ओमान में आयात शुल्क पांच से 100 प्रतिशत के बीच है।

गाय को

वाले अपने चेलों को समझा लो कि गोमाता के साथ हिमाकत की तो ऐसी दुर्गति होगी कि कई पीढ़ियां याद करेंगी। यूपी में गोहत्या का मतलब तो तुम जान ही रहे हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर में कई परिवारों के जीवन में खुशियों की नई रोशनी फैलाई। उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों एवं पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किए। महात्मा विदुर की पावन धरती बिजनौर को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महाभारत की धरती है। महाभारत से हमें प्रेरणा मिलती है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जो स्वार्थ के लिए धर्म को नष्ट करता है, धर्म उसे भी नष्ट कर डालता है। यह उद्घोषणा दुनिया में अक्षरशः साबित हो रही है। यह भारत के इतिहास को बनाने वाली धरा है। इसने इतिहास को बनते और बिगड़ते भी देखा है। सीएम योगी ने पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी विरासत को कुंवर सुशांत सिंह संभाल रहे हैं। पाकिस्तान से विस्थापित हजारों परिवारों, जिनकी पुश्तैनी संपत्ति पर पाकिस्तान की मजहबी कट्टरता ने 1946, 47 व 48 में जबरन कब्जा कर निर्दोष हिंदुओं व सिखों का कत्लेआम किया था। वर्ष-दशक बीतते गए, आज चौथी पीढ़ी में यह अवसर आया है, जब हम विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक दे रहे हैं। अभी 1645 विस्थापित परिवारों यानी 8-10 हजार लोगों को जमीन के कागज प्राप्त हो रहे हैं। जो शेष हैं, उनके लिए भी कार्यवाही चल रही है। सीएम ने मतदाताओं से कहा कि वोट की कीमत समझें। आपने कमल को वोट दिया, तब हम विकास कर पा रहे हैं। बिजनौर विकास के पैमाने पर कभी पिछड़ नहीं पाएगा। जब जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ बचाव को लेकर प्रस्ताव रखा तो हमने तत्काल इसे मंजूरी दी। शेष कार्य भी जल्द पूरे होंगे। आज महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज हो गया। रेलवे, हाईवे की सुविधा मिली। अब गंगा एक्सप्रेसवे से भी कनेक्ट करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्ती के नाम पर भाई-भतीजावाद, चेहरा व पैसा देखा जाता था, लेकिन आज यहां के नौजवान को आरक्षी, सब इंस्पेक्टर, डिप्टी एसपी आदि की भर्ती से कोई रोक नहीं सकता। बिजनौर से हजारों जवान यूपी पुलिस में भर्ती हुए। अब नौकरी में सिफारिश या कट-कमीशन नहीं है। मंडी के लिए सुशांत सिंह ने जमीन आवंटित करा दी है, सरकार पैसा देगी। सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन के समक्ष गन्ना मूल्य बढ़ोतरी समेत जन प्रतिनिधियों द्वारा जो भी प्रस्ताव आए, सभी स्वीकृत किए गए। यह वर्ष चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती के कार्यक्रम के शुभारंभ का होने जा रहा है। इसे यादगार बनाया जाएगा। पश्चिमी उप्र की चीनी मिलों के विस्तारीकरण, आधुनिकीकरण को सरकार हाथ में लेगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) पास कराकर यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में जो भी हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन भारत में शरण लेने आए हैं और उन्हें यहां पांच वर्ष से अधिक समय हो गया है तो उन्हें भारत की नागरिकता देंगे। दुनिया में हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख पर अत्याचार होगा तो वे भारत में ही आएंगे, लेकिन कांग्रेस-सपा ने कभी इस अत्याचार का विरोध नहीं किया, बल्कि इन लोगों को नागरिकता दिए जाने का विरोध किया। ये बांग्लादेशी घुसपैठियों को नागरिकता देने वाली पापी हैं। भारत के खिलाफ द्रोह करने वाले अपराधियों को सम्मानित करते हैं। मुस्लिम लीग के साथ मिलकर केरल में सरकार बनाते हैं। कांग्रेस के पाप के कारण देश का विभाजन हुआ। हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन समाज को मिलने वाले अधिकार पर इन्हें एतराज है। सपा व कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन तक किया कि यह नहीं होने देंगे, लेकिन मोदी जी और हमने ठाना था कि यह जरूर पास कराएंगे। मुसलमान भी बिना वजह इस कानून का विरोध कर रहे थे।

अमेरिका ने

हिजबुल्ला इजराइल में ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसने शनिवार और रविवार को ईरान में गेरुक शहर और केशम द्वीप के आसपास हमले किए। सेंट्रल कमांड ने कहा सीमित और सोच-समझकर किए गए ये हमले ईरान की आक्रामक कार्वाइयों के जवाब में किए गए जिनमें अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराना शामिल है। उसने कहा, अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने त्वरित कार्वाई करते हुए ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों, एक जमीनी नियंत्रण केंद्र और दो ऐसे ड्रोन को नष्ट कर दिया जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहे पोतों के लिए स्पष्ट खतरा पैदा कर रहे थे। प्रीडेटर ड्रोन को अमेरिकी वायुसेना सेवा से हटा चुकी है और अब वह एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का इस्तेमाल करती है लेकिन अमेरिकी थल सेना अब भी प्रीडेटर ड्रोन का उपयोग करती है। अमेरिकी सेना ने कहा कि इन हमलों में कोई अमेरिकी सैनिक हताहत नहीं हुआ। इस बीच कुवैत ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने के लिए सोमवार तड़के कार्वाई शुरू कर दी।

रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि उसने जवाबी हमला किया लेकिन यह नहीं बताया कि हमला कहां किया गया। इससे पहले

180 से 190 रन का स्कोर बनाते तो यह अच्छा मैच होता : गिल

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के निराश कप्तान शुभमन गिल ने माना कि शुरुआती विकेट गिरने से उन्हें कोई लय नहीं मिल पाई क्योंकि 180 से 190 रन का स्कोर उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जैसी जबरदस्त टीम के खिलाफ़ लड़ने का मौका देता। लेकिन आरसीबी ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में दो ओवर बाकी रहते उन्हें आसानी से हरा दिया। कप्तान गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर शीर्ष तीन बल्लेबाजों में से कोई भी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। इससे गुजरात टाइटन्स आठ विकेट पर महज 155 रन ही बना पाई। विराट कोहली की नाबाद 75 रन की पारी से आरसीबी ने 18 ओवर में जीत पक्की कर दी। निराश गिल ने मैच के बाद कहा, अगर हम 180-190 रन बना लेते तो यह एक अच्छा मैच होता। शायद पिच थोड़ी दो-तरफा व्यवहार करती, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआत में थोड़ा मूवमेंट था। हमने शुरुआती विकेट गंवा दिए और कभी लय हासिल नहीं कर पाए। पावरप्ले के अंदर ही कोहली और वेंकटेश अय्यर ने 62 रन ठोक दिए जिससे गुजरात टाइटन्स की वापसी की उम्मीदें लगभग खत्म ही हो गईं। उन्होंने कहा, हमें लगा था कि अगर हम पावरप्ले में एक दो विकेट ले लेते, तो हम मैच में बने रहते। हमने 15-20 रन ज्यादा दे दिए, और पावरप्ले में ही वे हमसे आगे निकल गए। उन्होंने कहा, हम सबसे बेहतरीन गेंदबाजी करने वाली टीमों में से एक थे। शुरुआती दो मैच हारने के बाद हमने जोरदार वापसी की। बहुत खुश हूं। हम लगातार खुद को चुनौती देते रहे और बेहतर बनाते रहे।

इस साल पूरे टूर्नामेंट में हमारा दबदबा रहा : आरसीबी कप्तान पाटीदार

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। आरसीबी ने पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन किया। उसने अपने पहले मैच में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को बुरी तरह हराया और अब नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता।

पाटीदार ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने

टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने कहा, हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे। पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, यह सबसे अच्छा उपहार है क्योंकि आज (रविवार) मेरा जन्मदिन है। कुल मिलाकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं वर्तमान में जीने की कोशिश करता हूं।

हमें इस बात पर अधिक ध्यान देना होगा कि हम लगातार तीसरी (खिताबी) जीत कैसे हासिल कर सकते हैं। पाटीदार ने आरसीबी की इस जीत में एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में अहम भूमिका निभाई। मध्य प्रदेश के इस क्रिकेटर ने कहा कि कैसे उन्होंने चुपचाप आरसीबी का नेतृत्व किया, जो उनके पूर्ववर्ती कप्तानों विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की आक्रामक शैली से बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा, कप्तानी का मेरा तरीका अलग है। मैं ज्यादा खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं करता, लेकिन साथ ही खेल की स्थिति से भी पूरी तरह वाकिफ रहता हूं। मुझे प्रबंधन और खिलाड़ियों दोनों का भरपूर समर्थन मिला। पाटीदार ने इस सत्र में 501 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 192.69 रहा। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि बल्लेबाजी में मैं खुद को कितना समय दे रहा हूं क्योंकि अपनी बल्लेबाजी को समझना महत्वपूर्ण है। आईपीएल से पहले मैंने नेट पर पर्याप्त अभ्यास किया था। पाटीदार ने कहा, मैंने (आरसीबी के मार्गदर्शक) डीके भाई (दिनेश कार्तिक) से इस बारे में काफी बातचीत की कि मैं और बेहतर कैसे कर सकता हूं, जैसे कुछ तकनीकी बदलाव। मैंने टीम से जुड़ने के बाद भी कड़ी मेहनत जारी रखी। इससे एक बल्लेबाज के रूप में मुझे काफी स्पष्टता मिली।

पाटीदार ने लगातार दूसरे साल खिताब जीतने में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के योगदान की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे पास उनके योगदान को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। विराट कोहली कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी हैं। वह एक महान खिलाड़ी हैं।

श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी20 श्रृंखला जीतने के लिए भारतीय मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी

टांटन। भारतीय टीम मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां तीसरे और निर्णायक महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में उतरेगी तो उसे दीप्ति शर्मा और ज्चा घोष जैसी भरोसेमंद बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, ताकि टीम अपने मध्यक्रम की समस्याओं का समाधान तलाश सके। भारतीय टीम ने इस श्रृंखला का विजयी आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरा टी20 मुकाबला जीतकर शानदार वापसी की।

इस महीने 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमें जीत के साथ अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेंगी। भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला आगामी विश्व कप से पहले इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन को परखने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। चोट से वापसी कर रहीं यास्तिका भाटिया ने पहले टी20 में अर्धशतकीय पारी खेली थी, लेकिन दूसरे मैच में वह तेजी से रन बनाने में नाकाम रहीं और 33 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी एक अर्धशतक लगाया, जबकि स्मृति मंधाना और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने दूसरे मैच में अच्छी शुरुआत की थी। दोनों ही मुकाबलों में भारतीय टीम अंतिम पांच ओवरों में अपनी लय बनाए रखने में

असफल रही। विशेष रूप से बड़े शॉट खेलने के लिए जानी जाने वाली ज्चा घोष अभी तक अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सकी हैं। पहले मैच में यास्तिका और जेमिमा की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था, जबकि 16वें से 20वें ओवर के बीच टीम केवल 40 रन ही जोड़ पाई थी। दूसरे मैच में 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय एक विकेट पर 70 रन बनाकर मजबूत स्थिति में था, लेकिन अंतिम चरण में बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई और 16वें से 20वें ओवर के दौरान टीम ने पांच विकेट गंवाकर सिर्फ 28 रन बनाए।

ज्चा को छोड़ दें तो भारतीय टीम में लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की संख्या सीमित है। ऐसे में कप्तान हरमनप्रीत कौर को पारी के अंत तक टिककर बल्लेबाजी करनी होगी और टीम के स्कोर को 190 से 200 रन के आसपास पहुंचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। महिला क्रिकेट में यह स्कोर अधिकांश मौकों पर मैच जिताने वाला साबित होता है। दूसरी ओर, इंग्लैंड की बल्लेबाजी भी चिंता का विषय रही है। दो मैचों में एमी जोन्स का 67 रन ही एकमात्र अर्धशतक रहा है। अन्य अनुभवी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत तो की, लेकिन वे उसे बड़ी पारी में तब्दील करने और लंबे समय तक दबदबा बनाए रखने में सफल नहीं हो सकीं। मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के वफादार और उत्साही प्रशंसकों ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की लगातार दूसरी खिताबी जीत का संयमित होकर पूरी रात जश्न मनाया और स्थानीय पुलिस ने भी यह सुनिश्चित किया कि विजय उत्सव बेकाबू न हो जाए। पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी।

उसे घटना को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु पुलिस ने शहर के उन प्रमुख इलाकों में गश्त की, जहां रविवार रात मोटेरा में गुजरात टाइटन्स पर आरसीबी की शानदार जीत के बाद प्रशंसक जमा हुए थे। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद लोगों ने पूरी रात जश्न मनाया लेकिन इस बार किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। विजय उत्सव में शामिल एक प्रशंसक ने कहा, हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फाइनल एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस कड़ी चुनौती पेश करेगा। दिल्ली से आए एक प्रशंसक ने कहा, मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं आरसीबी का समर्थन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज रात दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों के आसपास गश्त शुरू कर दी थी।

भारतीय पुरुष टीम ने अंडर-18 हॉकी एशिया कप में कोरिया को 4-1 से हराया

काकामिगाहारा (जापान)। कप्तान केतन कुशवाहा के दो गोलों की बदौलत भारतीय पुरुष अंडर-18 हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल-ए मुकाबले में कोरिया को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। कुशवाहा ने तीसरे और 36वें मिनट में गोल दागे, जबकि वरिंदर सिंह (पांचवां मिनट) और शाहरुख अली (54वां मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। कोरिया के लिए कप्तान यून जेह्योक ने 21वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ भारत छह अंकों के साथ कोरिया और जापान की बराबरी पर पहुंच गया। दोनों पूलों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और पहले क्वार्टर में ही दो गोल की बढ़त बना ली। तीसरे मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे टीम ने गोल में बदल दिया। राहुल यादव के सटीक पास पर कप्तान कुशवाहा का पहला प्रयास कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया, लेकिन उन्होंने रिबाउंड पर गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत का खाता खोला। भारत ने अपनी लय बरकरार रखते हुए पांचवें मिनट में दूसरा गोल भी कर दिया। गाजी खान ने शानदार पास देकर वरिंदर को गोल के सामने बिना किसी दबाव के गेंद थमाई और वरिंदर ने सहजता से गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद कोरिया ने खेल की गति धीमी कर वापसी की कोशिश की। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन कोई भी टीम सर्कल के भीतर प्रभावी मौका नहीं बना सकी। कोरिया को 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान यून जेह्योक ने गोल में बदलकर अंतर कम किया और स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन कोई भी टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। हालांकि 36वें मिनट में केतन कुशवाहा ने अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 3-1 की मजबूत बढ़त दिला दी। कोरिया 53वें मिनट में गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था, लेकिन किम दोयुन के डिफ्लेक्शन को भारतीय गोलकीपर आयुष रजक ने शानदार बचाव करते हुए गोल में जाने से रोक दिया। इसके अगले मिनट भारत ने जवाबी हमला करते हुए चौथा गोल दाग दिया।

संक्षेप

जी भारत में करेगा फीफा विश्व कप 2026 का प्रसारण

नयी दिल्ली। भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि जी पर 2026 फीफा विश्व कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा क्योंकि 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड ने सोमवार को फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ आठ साल की भागीदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत जी भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत जी फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको विश्व कप 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे। विश्व कप का टीवी पर सीधा प्रसारण जी एंटरटेनमेंट अपने नए यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग जी5 ऐप पर उपलब्ध होगी।

नॉर्वे शतरंज : भारत के चारों खिलाड़ियों को मिली हार

ओस्लो। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए जबकि आर प्रज्ञाननंदा, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी भी हार गए। भारतीय खिलाड़ियों को जहां निराशा हाथ लगी वहीं मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर दिया है। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को हराया।

एशियाई खेलों से पहले टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजन (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ (आरएफआई) द्वारा वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई।

विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं।

एमओसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, कुल 22 खिलाड़ियों को छह विभिन्न नौका वर्गों में टॉप्स विकास समूह में शामिल किया गया है। यह दल अब एशियाई खेलों और विश्व कप सर्किट समेत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार अधिकांश खिलाड़ियों को 2026 एशियाई खेल चक्र को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, जबकि कुछ दल भारत की दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय विकास योजना का हिस्सा हैं, जिसका लक्ष्य 2030 राष्ट्रमंडल खेलों जैसी भविष्य की प्रतियोगिताएं हैं।

नौकायन 1986 से राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं है लेकिन 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होने वाले खेलों इसकी वापसी की संभावना है। एमओसी ने कहा, कई भारतीय नौकायन खिलाड़ियों को टॉप्स विकास समूह में शामिल करना केवल पदक संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय विभिन्न नौका वर्गों में मजबूत और टिकाऊ बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने की दिशा में एक और प्रयास है।

मोदी ने एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने पर टीम को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। उम्मीद है कि यह उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और भी कई युवा भारतीयों को खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

युवा खिलाड़ियों से मिली प्रेरणा, सफलता का राज

एजेंसी

अहमदाबाद, एक जून (भाषा) भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारूप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया। कोहली ने 42 गेंद में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, यह वही पल है जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था। कोहली ने कहा, मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है। अपने आईपीएल करियर के सबसे तेज अर्धशतक (25 गेंद) पर उन्होंने कहा, यह आपको लगातार बेहतर करने का लक्ष्य देता है।

मुझे अपने खेल में बहुत बड़ा बदलाव नहीं करना था, बल्कि सोच बदलनी थी। गेंदबाजों पर दबाव बनाकर अतिरिक्त रन जुटाने की जरूरत थी। कोहली ने कहा कि टीम का पहला लक्ष्य अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना था। उन्होंने कहा, एक बार हम शीर्ष पर पहुंच गए तो हमारे सामने कौन-सी टीम है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। हम सभी टीमों का सम्मान करते हैं और किसी को उकसाने में विश्वास नहीं रखते। हमारे पास अनुभवी और परिपक्व पेशेवर खिलाड़ी हैं और बड़े मुकाबलों में यही अनुभव काम आता है। उन्होंने कहा, बड़े अवसरों पर बड़े खिलाड़ियों को आगे आकर जिम्मेदारी निभानी होती है। मुझे पता था कि लक्ष्य का पीछा करते समय विपक्षी टीम मुझे जल्दी आउट करने की कोशिश करेगी, लेकिन मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा था। मुझे विश्वास था कि हमारी चैंपियन टीम तीन-चार ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर सकती है।

आरसीबी के प्रशंसकों की सराहना करते हुए कोहली ने कहा, हमारे लिए हर मैच घरेलू मुकाबले जैसा लगता है। हमारे 14 घरेलू मैच होते हैं, सिर्फ सात नहीं, क्योंकि प्रशंसक हर जगह हमारे साथ रहते हैं। यहां तक कि गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर भी करीब 90 प्रतिशत दर्शक हमारे समर्थन में थे। उन्होंने इससे पहले प्रसारकों से कहा कि मौजूदा आरसीबी टीम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उसमें कई मैच जिताने वाले खिलाड़ी मौजूद हैं और उन्हें हर बार अकेले आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा, हमें इस पल का बहुत लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। अब हमारे पास ऐसा समूह है जिसके साथ मैदान पर उतरते समय यह महसूस होता है कि हर बार आपको ही आगे बढ़कर जिम्मेदारी नहीं उठानी है। टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो आपके साथ खड़े हैं और आपके लिए मैच जिता सकते हैं। कोहली ने इस सत्र में 16 मैचों में 56.25 की औसत और 165.84 की शानदार स्ट्राइक रेट से 675 रन बनाये और टीम के चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने हालांकि जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया। इस महान बल्लेबाज ने कहा, हमारी टीम में मैच जीतने वाले कई खिलाड़ी हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि



योगदान केवल एक-दो खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है। कोहली ने टीम के गेंदबाजी आक्रमण की जमकर तारीफ करते हुए कहा, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी और क्रुणाल पंड्या जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज हमारे पास हैं।

दिव्यांशी ने डब्ल्यूटीटी प्रिस्टीना फीडर सीरीज में दोहरे स्वर्ण, रचा इतिहास

एजेंसी

प्रिस्टीना (कोसोवो)। उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारूपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की।

इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है। मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे

युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया।

उन्होंने अपने से अधिक अनुभवी और ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को बेखौफ आक्रामक खेल तथा अटूट आत्मविश्वास के दम पर मात दी। उनकी परिपक्वता उम्र से कहीं अधिक दिखाई दी। दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता।

आत्मविश्वास से लबरेज सात्विक-चिराग की नजरें इंडोनेशिया में जीत के साथ लगातार दूसरे खिताब पर

जकार्ता। सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को पुरुष युगल फाइनल में हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन खिताब जीता था। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए इसलिए भी ऐतिहासिक रही क्योंकि वे सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। उल्लेखनीय है कि सिंगापुर ओपन से पहले उनका पिछला खिताब 2024 का थाईलैंड ओपन ही था।

जहाजों पर ईरानी ड्रोन हमले का खतरा

अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य से 70 वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित निकलवाया

वाशिंगटन। पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी सशस्त्र बलों ने लगभग 70 वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकाला है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गयी। ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध की शुरुआत के तीन महीने बाद से यह जलमार्ग जोखिम भरा बना हुआ है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी सेंट्रल कमान ने फारस की खाड़ी में आने-जाने वाले लगभग 70 वाणिज्यिक जहाजों का जलडमरूमध्य से गुजरने में मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि संकरे जलमार्ग से गुजरते समय पकड़े जाने से बचने के लिए ज्यादातर जहाजों ने अपने ट्रांसपोंडर बंद कर दिए थे। बताया गया कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले, प्रतिदिन 100 से अधिक वाणिज्यिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरते थे। ईरान और ओमान से घिरे इस संकरे जलमार्ग से वैश्विक तेल आपूर्ति की 20 प्रतिशत माल ढुलाई होती है। अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि किस प्रकार के जहाज वहां से गुजर रहे थे और उन्होंने कौन सा मार्ग अपनाया, लेकिन एक अधिकारी ने संकेत दिया कि कम से कम एक मार्ग ईरानी तटरेखा के करीब नहीं था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरान की अनुमति के बिना ईरान के पास से

गुजरने वाले जहाजों पर ईरानी ड्रोन या मिसाइलों द्वारा हमले का खतरा लगभग निश्चित है। नौवहन विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका द्वारा निर्देशित ये मार्ग ओमान के करीब से गुजरते प्रतीत होते हैं। चूंकि, अमेरिकी मार्गदर्शन में होने वाली समुद्री यात्राएं ट्रांसपोंडर बंद करके की जाती हैं, जिन्हें गुप्त मार्ग के रूप में जाना जाता है, इसलिए जहाजरानी विश्लेषकों का कहना है कि वे स्वतंत्र रूप से यह सत्यापित नहीं कर सकते कि ऐसी कितनी यात्राएं हुई होंगी।

इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर हमले करने का आदेश दिया

बेरूत। इजराइल सरकार ने सोमवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर हमलों का आदेश दिया जबकि दूसरी ओर हिज्बुल्ला ने हाइफा शहर समेत उत्तरी इजराइल के विभिन्न क्षेत्रों पर रॉकेट दागे।

इससे पहले रविवार को इजराइली थलसेना 26 साल में पहली बार लेबनान में काफी अंदर तक घुस गयी थी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हिज्बुल्ला की ओर से लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के और इजराइली शहरों व नागरिकों पर हुए हमलों के मद्देनजर उन्होंने इजराइली सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिये में हमले करने का आदेश दिया है। अप्रैल के मध्य में संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान हिज्बुल्ला ने इजराइल पर हमले रोकने पर सहमति जताई थी, लेकिन लेबनान पर इजराइली हमलों के बाद हिज्बुल्ला ने फिर से हमले शुरू कर दिए। इजराइल सरकार की चेतावनी के बाद बड़ी संख्या में लोग दहिये से दूसरी जगह जाते हुए दिखे। इस दौरान जगह-जगह जाम लगा नजर आया।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग तय, केवल कुछ छोटे मुद्दे बाकी: गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के अधिकांश प्रावधानों को अंतिम रूप दे दिया है और अब बातचीत कुछ छोटे मुद्दों तक ही केंद्रित है।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए भारत में है। दोनों पक्षों के बीच दो से चार जून तक यह बातचीत होगी। दोनों देशों ने तीन फरवरी को इस व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा तय होने की घोषणा की थी।

गोयल ने कहा कि लगभग सभी चीजें तय हो चुकी हैं। जैसा कि अमेरिकी राजदूत ने भी कहा है कि 99 प्रतिशत मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। अब केवल छोटे-छोटे बिंदुओं पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि समझौते को अंतिम रूप देते समय इस पर भी विचार किया जा रहा है कि अमेरिका में हुए कानूनी बदलावों को इसमें किस तरह से जगह दी जाएगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि इन मुद्दों के सुलझने के बाद दोनों देश बीटीए के पहले चरण को अंतिम रूप देकर जल्द ही उस पर हस्ताक्षर करेंगे। गोयल ने कहा कि पहला चरण संपन्न होने के बाद एक अधिक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में आगे की बातचीत शुरू की जाएगी। भारत और अमेरिका ने पिछले साल की शुरुआत में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास शुरू किए थे। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद इसकी प्रगति बाधित हुई।

संक्षेप

यूपीआई लेनदेन रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गर्मियों में यात्रा और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रभाव से कुल लेनदेन मूल्य 29.90 लाख करोड़ रुपये और संख्या 23.2 अरब रही। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एनपीसीआई के अनुसार, पिछले वर्ष इसी महीने में यह 25.14 लाख करोड़ रुपये था जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। वहीं अप्रैल में लेनदेन का मूल्य 29.03 लाख करोड़ रुपये था। संख्या के लिहाज से, मई में 23.2 अरब लेनदेन के साथ नया रिकॉर्ड बना जो पिछले वर्ष इसी अवधि के 18.67 अरब लेनदेन से 24 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2026 में लेनदेन की संख्या 22.35 अरब थी। मई के आंकड़े मजबूत मांग को दर्शाते हैं। गर्मियों की यात्रा, आईपीएल 2026 और मौसमी खर्च ने 29.90 लाख करोड़ रुपये के 23.20 अरब लेनदेन को बढ़ावा दिया जो मासिक आधार पर सुधार और यूपीआई की निरंतर बढ़त को दिखाता है। भारतीय रिजर्व बैंक की भुगतान प्रणाली रिपोर्ट के अनुसार, यूपीआई का औसत लेनदेन आकार 2021 में 1848 रुपये से घटकर 2025 में 1313 रुपये रह गया है।

वाणिज्य मंत्रालय देशभर में एफटीए पर कार्यशालाओं का आयोजन करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय भारत द्वारा संपन्न मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लाभ और उनसे मिलने वाले अवसरों की जानकारी उद्योग जगत तथा अन्य हितधारकों तक पहुंचाने के मकसद से देशभर में कार्यशालाओं का आयोजन करेगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत ने पिछले पांच साल के दौरान पांच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को लागू किया है। उन्होंने उद्योग जगत से इन समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

अग्रवाल ने कहा कि इन समझौतों के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध कराने और इनके लाभ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हम देशभर में कार्यशालाएं आयोजित करेंगे। भारत ने सोमवार को घोषणा की है कि ओमान के साथ व्यापार समझौता एक जून से प्रभावी हो गया है।

जीएसटी संग्रह 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये के पार

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई।

मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह

37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी रिफंड 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजित करने के बाद, मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

तेलंगाना में अब नहीं मिलेगा नकद श्रमिकों को पारिश्रमिक

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने श्रमिकों को नकद भुगतान पर आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लगाते हुए इलेक्ट्रॉनिक अंतरण अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही अमेजन जैसे मंच के लिए काम करने वाले गिग यानी अस्थायी कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी के दायरे में लाया गया है।

श्रम प्रशासन पर एक नए सरकारी आदेश (जीओ) के तहत केंद्र सरकार की वेतन संहिता, 2019 के प्रावधान लागू हो गए हैं। इससे राज्य में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 पूरी तरह से निरस्त हो गया है और केंद्र सरकार की वेतन संहिता के प्रावधान लागू हो गये हैं। सोमवार को जारी सरकारी बयान में कहा गया, श्रमिकों को नकद भुगतान पर पाबंदी लगायी जाती है। नियोक्ताओं को वेतन का भुगतान सीधे इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण या बैंक चेक के माध्यम से करना होगा। इससे श्रम निरीक्षकों के लिए एक बेहतर रिकॉर्ड बनेगा और श्रमिक समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बयान के अनुसार, संरचनात्मक व्यावसायिक आवश्यकताओं और सामाजिक सुरक्षा के बीच सामंजस्य स्थापित करके, सरकारी आदेश (संख्या 6) एक सुंदर कानूनी संतुलन स्थापित करता है। यह आदेश श्रमिक सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन की गई एक एकीकृत, पारदर्शी प्रणाली को लागू करता है। अधिसूचना में कंपनियों की लालफीताशाही को कम करने और प्रत्यक्ष अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सैकड़ों उद्योग-विशिष्ट अनुसूचियों को समाप्त कर दिया गया है। इसके बजाय, अधिसूचना में सभी गैर-कृषि, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को चार कौशल श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

विनिर्माण तीन महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और नए कारोबार से मिले सहारे के दम पर मई में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि मुद्रास्फीति का दबाव बना रहा। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में 55.0 रहा, जो अप्रैल के 54.7 से अधिक है। यह पिछले तीन महीनों में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। उत्पाद बनाने वाली कंपनियों ने फरवरी के बाद सबसे तेज गति से नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि दर्ज की। इसके पीछे मांग में मजबूती, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और नए कारोबार मुख्य वजह रहे। पश्चिम एशिया में संघर्ष के न सुलझने के कारण एहतियाती तौर पर भंडारण बढ़ाने का संकेत मिल रहा है। उत्पादन वृद्धि तेज हुई है जबकि खरीद गतिविधि एवं तैयार माल के भंडार में भी तेजी आई। आंकड़ों से पता चला कि घरेलू बाजार ने वृद्धि को गति दी, जबकि निर्यात ऑर्डर में वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही। कीमतों के मोर्चे पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर लागत पर बना रहा जहां ऊर्जा, ईंधन, कच्चे माल और परिवहन पर खर्च बढ़ा। उन्होंने कहा कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि थोड़ी कम हुई लेकिन उत्पादन कीमतों में वृद्धि और ज्यादा धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। उच्च लागत के बावजूद कंपनियों ने मई में अधिक कच्चा माल खरीदा और खरीद का स्तर तीन महीने के उच्च स्तर पर रहा। इसके पीछे भंडार बढ़ाने की कोशिशें प्रमुख रहीं। उत्पादन की बढ़ती जरूरतों से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन भी जारी रहा, हालांकि इसकी गति अप्रैल की तुलना में थोड़ी धीमी रही।

कोल इंडिया का उत्पादन घटकर 5.61 करोड़ टन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन मई में सालाना आधार पर 11.6 प्रतिशत घटकर 5.61 करोड़ टन रह गया, जबकि देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। देश के कुल कोयला उत्पादन में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। कंपनी का कोयला उत्पादन मई, 2025 में 6.35 करोड़ टन रहा था।

सीआईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनियों महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का उत्पादन मई में घटा। हालांकि, कंपनी ने उत्पादन में गिरावट का कारण नहीं बताया। वहीं साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के उत्पादन में मई में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सीआईएल के अनुसार, अप्रैल-मई की अवधि में कोयला उत्पादन 10.6 प्रतिशत घटकर 11.22 करोड़ टन रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 12.56 करोड़ टन था।

इंटरटेनमेंट...

पीएम मोदी ने पूछी थी फिल्म 'पेड्डी' की कहानी

मुंबई। राम चरण ने 11 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी से एक्टर राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनिडेला की मुलाकात हुई थी। हाल ही में इस बातचीत से जुड़ा एक किस्सा राम चरण ने बताया। गुरुवार को राम चरण और जाह्नवी कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' के प्रमोशन के लिए दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राम चरण ने

राम चरण बोले थे- मूवी का कॉन्सेप्ट विकसित भारत जैसा है

प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई मुलाकात को याद किया। राम चरण ने बताया, 'पिछली बार जब मैं दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी से मिला था, तो उन्होंने मुझसे पूछा था कि 'पेड्डी' किस बारे में है। मैंने उन्हें बताया कि यह एक विकसित भारत और हमारे गांवों को सशक्त बनाने के बारे में है। राम चरण ने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पश्चिम बंगाल से जुड़ा एक किस्सा बताया था। एक्टर ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि दशकों पहले एक छोटे से गांव के



एक फुटबॉलर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था और आज उसी गांव के 85 से अधिक लोग फुटबॉल खेल रहे हैं। राम चरण ने कहा कि एक व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने बताया कि फिल्म पेड्डी का मुख्य किरदार भी एक आदिवासी इलाके के छोटे से कस्बे से आता है और अपने समाज में बदलाव लाने का काम करता है। पिछले साल राम चरण ने पत्नी उपासना के साथ नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने अनिल कामिनेनी के नेतृत्व में शुरू की गई तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया था। मुलाकात के बाद राम चरण ने अकाउंट पर तस्वीरें शेयर की थीं और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया था।

राम चरण ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अनिल कामिनेनी गारू के नेतृत्व में विश्व की पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग की सफलता के लिए बधाई।' उन्होंने आगे लिखा था, 'तीरंदाजी की विरासत को संरक्षित करने और इसे वर्ल्ड लेवल पर बढ़ावा देने की दिशा में यह हमारा एक छोटा सा कदम है। सभी खिलाड़ियों को बधाई। हमें उम्मीद है कि और भी कई लोग इस अद्भुत खेल से जुड़ेंगे। मोदी ने इस पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा था, 'आपसे मिलकर खुशी हुई, उपासना और अनिल कामिनेनी गारू। तीरंदाजी को लोकप्रिय बनाने के आपके सामूहिक प्रयास सराहनीय हैं।

रणवीर ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया, नहीं बनी बात

मुंबई। रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर शुरू हुआ विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म से बाहर होने के बाद रणवीर ने फरहान के साथ रिश्ते सुधारने और भविष्य में किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने की इच्छा जताई थी, लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हुई। रणवीर सिंह ने फरहान अख्तर और उनके प्रोडक्शन पार्टनर रितेश सिधवानी को किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे दोनों पक्ष मिलकर चुनते। हालांकि, सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव तुरंत ठुकरा दिया गया। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि फरहान अख्तर और उनकी बहन जोया अख्तर फिलहाल रणवीर के साथ दोबारा काम करने के इच्छुक नहीं हैं।

जैकलीन पर पीएमएलए केस में आरोप होंगे तय

मुंबई। 200 करोड़ रुपए की कथित उगाही और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा कि आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है। कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर, लीना मारिया पॉल, जैकलीन फर्नांडिस समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम मामले में चार्ज फ्रेम करने का आदेश दिया है। एएनआई के मुताबिक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मजबूत संदेह बनता है। इसलिए उनके खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत आरोप तय किए जाने चाहिए, जिसकी सजा धारा 4 में निर्धारित है।

कोर्ट - पर्याप्त सबूत, सुकेश-लीना समेत 17 लोगों पर चार्ज फ्रेम होंगे

कोर्ट ने आरोपों पर औपचारिक हस्ताक्षर के लिए मामले को 3 जून को सूचीबद्ध किया है। सभी आरोपियों को दोपहर 2 बजे व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यह मामला व्यवसायी अदिति सिंह से कथित 200 करोड़ रुपए की उगाही से जुड़ा है।

ऐश्वर्या 20 साल से देश का नाम कर रहीं रोशन : माधुरी

मुंबई। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग और बॉडी शेमिंग पर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने आपत्ति जताई है। न्यूज एजेंसी ढळक से बातचीत में माधुरी ने कहा कि ऐश्वर्या एक ग्लोबल स्टार हैं और उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड के रूप में देश का नाम रोशन किया है।

किसी भी महिला की कामयाबी को उसके वजन, ड्रेस साइज या उम्र से नहीं आंका जा सकता। इस मौके पर माधुरी के साथ मौजूद एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने भी ऐश्वर्या राय और अनन्या पांडे का सपोर्ट किया है। माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय फिल्म 'देवदास' में साथ काम कर चुकी हैं। माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय ने सुपरहिट फिल्म

'देवदास' में साथ काम किया था। माधुरी ने महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के बजाय सिर्फ बाहरी लुक के आधार पर जज करने की संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'जब आप इस तरह के कमेंट करते हैं, तो आज के युवाओं को क्या मैसेज दे रहे हैं? यही कि आपकी वैल्यू इस बात पर है कि आप कैसे दिखते हैं, न कि आपकी अचीवमेंट्स पर। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से गलत मैसेज है।' माधुरी ने कहा कि ऐश्वर्या

कांस में ऐश्वर्या की बॉडी शेमिंग पर बोलीं माधुरी दीक्षित: वजन बढ़ने से कामयाबी कम नहीं होती

अंदर से भी उतनी ही खूबसूरत हैं जितनी बाहर से दिखती हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय के लुक को लेकर उन्हें ट्रोल किया गया था। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय के लुक को लेकर उन्हें ट्रोल किया गया था। माधुरी की आने वाली फिल्म 'मां बहन' की को-स्टार तृप्ति डिमरी ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com